


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातः नागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 85 | रांची, गुरुवार, 06 मार्च 2025 (फाल्गुन शुक्ल 07, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com



# हेमंत सरकार को अपने विधायकों ने ही घेरा, 100 करोड़ के गबन का लगाया आरोप

प्रातः नागपुरी संवाददाता

- झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान सरकार को झेलनी पड़ी फजीहत
- प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कार्रवाई के लिए सात दिनों का मांगा समय



**रांची।** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 100 करोड़ रुपये के गबन और घोटाले को लेकर बुधवार को विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायकों ने ही सरकार को घेर लिया। उनके सुर में विपक्ष के विधायकों ने भी सुर मिलाया। मंत्री के जवाब पर विधायकों ने असंतोष जताया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक सदन में जिच होती रही। प्रश्न काल के दौरान कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने विभाग के स्वर्णरेखा प्रमंडल में फर्जी खाते खोलकर करोड़ों की निकासी का मामला उठाया। उन्होंने वित्त विभाग की जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले में कई अभियंताओं की संलिप्तता उजागर हुई है, लेकिन अब तक केवल रोकड़पाल संतोष कुमार के खिलाफ ही कार्रवाई हुई है। इस सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने आश्वासन दिया कि मामले की विभागीय जांच कर सात दिनों के भीतर सदन को अवगत कराया जाएगा। झामुमो के स्टीफन मरांडी और कांग्रेस के रामेश्वर उरांव ने मंत्री के जवाब पर असंतोष जताते हुए कहा कि कार्रवाई के बजाय मामले को टालने की कोशिश हो रही है। स्टीफन मरांडी ने आरोप लगाया कि कार्यपालक अभियंता को बचाने की कोशिश की जा रही है, जबकि रामेश्वर उरांव ने कहा कि किसी तरह कार्रवाई को अधर में लटका देने की चाल चली जा रही है।

शेष पेज 08 पर

## बीजेपी विधायक और कल्पना सोरेन के बीच तू-तू मैं-मैं, केंद्र के बकाया पर बहस



**रांची।** झारखंड में इन दिनों में बकाया को लेकर राज्य सरकार केंद्र सरकार पर हमलावर है। हेमंत सोरेन द्वारा लगातार केंद्र से 1 लाख, 36 हजार करोड़ रुपये बकाए के भुगतान की मांग की जा रही है। हेमंत सोरेन ने तो धमकी भी दे दी है कि अगर बकाया नहीं दिया गया, तो वो झारखंड से कोयला और खनिज का एक ढेला भी बाहर नहीं जाने देंगे। वहीं इस मामले में बुधवार को विधानसभा में पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक नीरा यादव और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना के बीच बहस हो गई।

बीजेपी विधायक नीरा यादव ने बजट भाषण के विरोध में बोलने के दौरान कहा कि हम पन्नों को उलटते रह गए। 1 लाख 36 हजार करोड़ पर हमसे सवाल पूछा जाता है, लेकिन मोदी सरकार ने राज्य को पलकों में बिठाया है। मनमोहन सरकार के वक्त रेलवे में 457 करोड़ का आवंटन था, मोदी सरकार के समय में राज्य को 7 हज़ार 309 करोड़ का आवंटन हुआ। रांची के बाद आज 2 अन्य जगहों से हवाई सेवा शुरू हुई है। 2014 के बाद राज्य में 2044 किलोमीटर राज्य मार्ग का काम पूरा किया गया। केंद्रीय नेतृत्व हमारी चिंता कर रही है। नीरा यादव ने चुटकी लेते हुए कहा कि मैं तो सच कहूंगी, मिर्ची लगेगी तो मैं क्या करूं। रघुवर सरकार की कई योजनाओं को वर्तमान सरकार ने बंद किया।

वहीं बजट के विरोध में बोल रहे नीरा यादव पर कल्पना सोरेन ने तीखा प्रहार कहते हु कहा कि 1 लाख 36 हज़ार करोड़ कब देंगे ये बताइए। कल्पना सोरेन ने आरोप लगाते हुए कहा कि आपका इंटेंशन है कि खजाने को ले जाने की। विपक्ष ट्रेन रोड हवाई यात्रा से खजाना ले जाना चाहती है। लेकिन हम लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। कल्पना सोरेन ने विपक्ष से कहा कि हम अपना हक लेकर रहेंगे आप तैयार रहिए। क्या इसके आड़ पर मंईयां योजना बंद होगी। साढ़े 4 सौ का सिलेंडर नहीं मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 12 मार्च को होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के मुताबिक कैबिनेट की बैठक 12 मार्च, 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। यह बैठक झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### झारखंडः आईइडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल



**मनोहरपुर (पश्चिमी सिंहभूम)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर-बाबूडेगा के बीच में बुधवार की सुबह आईडी ब्लास्ट में तीन सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया है। रांची के राज हॉस्पिटल में घायल जवानों का इलाज चल रहा है। डीजीपी अनुराग गुप्ता भी राज हॉस्पिटल पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि, राज्य में नक्सली अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। जरूरत पड़ी, तो घायल जवानों को दूसरी जगह ले जाया जाएगा।

विस्तृत पेज 04 पर

### पवन सिंह लड़ेंगे बिहार विधानसभा चुनाव



**पटना।** बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी संभावित उम्मीदवारों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच बड़ी खबर आ रही है कि भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह एक बार फिर से चुनावी मैदान में उतरने वाले है।

शेष पेज 08 पर

## सीएम हेमंत ने नवचयनित 49 प्रशिक्षण अधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# बढ़ता रहेगा नियुक्तियों का कारवां

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 49 नव चयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को 5 मार्च को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का यह कारवां बढ़ता रहेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

**नए सफर की हो रही शुरुआत :** मुख्यमंत्री ने नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों से कहा कि आज से सरकार की एक अभिन्न अंग के रूप में जिम्मेदारियों से भरे नए सफर की आप शुरुआत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आप प्रशिक्षण देकर युवाओं के हुनर को इस तरह से निखारेंगे कि उन्हें रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। वे अपने हुनर तथा क्षमता की बदौलत देश -विदेश में मान सम्मान और गर्व के साथ कार्य कर अपने परिवार और राज्य का नाम आगे बढ़ाएंगे।



### युवाओं का हुनर निखारने का हो रहा है प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हम एक ऐसी व्यवस्था बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जहां युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर ना सिर्फ उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, बल्कि उनके हुनर को इस तरह से निखारने का प्रयास हो रहा है कि वे एक एंटरप्रेन्योर के रूप में आगे आकर अपना स्टार्टअप स्थापित कर सकें। इससे ना सिर्फ वे रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ने में सफल होंगे।

**एक-एक कड़ी को जोड़ने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने मुलाकात कर पठन-पाठन एवं प्रशिक्षण को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। इसी बात को संज्ञान में लेकर आईटीआई संस्थानों को मजबूत और संसाधनयुक्त बनाने का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। यह हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। आने वाले दिनों में इसमें कई और कड़ियां जुड़ेंगी। हमारी कोशिश है कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में रोजगार को लेकर नौजवानों की चिंताएं दूर हों।

### नई तकनीकों के इस्तेमाल पर दिया जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज तेजी से तकनीकें बदल रही हैं। औद्योगिक जगत में अत्याधुनिक मशीनों का इस्तेमाल हो रहा है। मजदूरों के कार्य भी मशीनों के जरिए हो रहे हैं। ऐसे में अगर समय के अनुरूप आप अपने हुनर को नहीं निखारेंगे तो जमाने से काफी पीछे रह जाएंगे। रोजगार प्राप्त करना आपके लिए बड़ी चुनौती बन जाएगी। हमारा प्रयास है कि नई -नई तकनीको के माध्यम से आपको प्रशिक्षण मिले ताकि रोजगार के रास्ते आपके लिए हमेशा खुले रहें।

**हुनर का कोई मोल नहीं होता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हुनर का कोई मोल नहीं होता है। हुनर तो अनमोल है। अगर आपके पास हुनर हो तो आपको रोजगार के लिए दौड़ने की जरूरत नहीं है। रोजगार खुद आपके दरवाजे पर आएगा, क्योंकि हुनरमंद को हर कोई अपने साथ जोड़कर रखना चाहता है। यही वजह है कि हमारी सरकार राज्य के नौजवानों के कौशल विकास के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। अब नौजवानों के प्रशिक्षण के लिए टेक्नोलॉजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है, क्योंकि तकनीक के जरिए ही आज के युवा आगे बढ़ सकेंगे।

**एआई को पाठ्यक्रम में शामिल करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन का अहम हिस्सा बनता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए तकनीक काफी आगे बढ़ चुका है। आज कृषि हो या उद्योग अथवा कोई और क्षेत्र- हर जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल तेज होता जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से अब आप अपने को अलग नहीं रख सकते हैं।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड विधानसभा को जल्द मिलेगा नेता प्रतिपक्ष

# भाजपा ने बनाए दो पर्यवेक्षक

- पार्टी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और सांसद के. लक्ष्मण को सौंपी गयी है जिम्मेदारी

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा को चालू बजट सत्र में ही नेता प्रतिपक्ष मिल जाएगा। राज्य में विधानसभा का चुनाव संपन्न होने के साढ़े तीन महीने बाद भी भारतीय जनता पार्टी की ओर से राज्य में विधायक दल का नेता नहीं चुने जाने की वजह से नेता प्रतिपक्ष का पद अब तक रिक्त है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए बुधवार को पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद के. लक्ष्मण को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी के राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, दोनों पर्यवेक्षक इसी हफ्ते रांची आ सकते हैं। उनकी मौजूदगी में पार्टी के विधायक अपना नेता चुनेंगे। राज्य विधानसभा का बजट सत्र 27 मार्च तक चलना है। ऐसे में भाजपा विधायक दल के नेता का चुनाव होते ही स्पीकर उन्हें नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दे देंगे। सत्र शुरू होने के पहले स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा था कि नेता प्रतिपक्ष न होने से सदन के संचालन में परेशानी होती है। सदन के नेता के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष की समान भूमिका होती है। सदन में भाजपा विधायक दल का नेता न होने की वजह से पार्टी के भीतर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई थी। सदन में भी पार्टी के विधायकों के बीच विभिन्न मुद्दों पर एकजुट स्टैंड की कमी साफ तौर पर दिख रही थी। सत्ता पक्ष भी इसे लेकर भाजपा पर लगातार तंज कस रहा था।

### बाबूलाल मरांडी समेत चर्चा में ये नाम

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा विधायक दल के नेता के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के नाम पर सहमति बनाई जा सकती है। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह और नीरा यादव का नाम भी चर्चा में है।

शेष पेज 08 पर

## हजारीबागः चरही के चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में ब्लास्ट, पांच मजदूर झुलसे

- रांची के सैम्फोर्ड हॉस्पिटल में घायलों को कराया गया भर्ती

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चतरा।** झारखंड के हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र के 15 माइल स्थित चिंतपूर्णी स्टील प्लांट के ब्लोअर में एक बार फिर ब्लास्ट हो गया है। इसमें 5 मजदूर झुलस गये। घटना स्पंज डिवीजन में डीएससी के पास 5 फरवरी को अहले सुबह 3:30 बजे हुई। काम करने के दौरान अचानक 4 नंबर गर्म भट्ठी फट गयी। इससे 5 मजदूर झुलस गये। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही प्रबंधन ने एंबुलेंस बुलाकर घायलों को इलाज के लिए रांची भेज दिया। सभी घायलों का सैम्फोर्ड हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

**प्रबंधन ने कहा- सभी 5 श्रमिक खतरे से बाहर :** घायलों में बिहार के रहने वाले क्रेन ऑपरेटर बीरेंद्र यादव, मो चांद, हरहद निवासी अरुण कुमार, फूलचंद कुमार, दासोखाप जमुआ निवासी नंदलाल कुमार शामिल हैं।

शेष पेज 08 पर

## दिल्ली में पहचान बदलकर रह रही थी झारखंड की महिला नक्सली, गिरफ्तार

एजेंसियां



- चाईबासा पुलिस के इनपुट पर दिल्ली पुलिस ने पीतमपुरा से किया गिरफ्तार
- महिला नक्सली को लाने के लिए चाईबासा पुलिस की टीम दिल्ली रवाना
- सोनुआ थाना में रेणुका के खिलाफ दर्ज हैं कई आपराधिक प्राथमिकियां
- कुदाबुरु गांव की रेणुका 10 वर्ष की आयु में माओवादी गुट में शामिल हुई

**नई दिल्ली।** झारखंड की महिला नक्सली को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले की महिला नक्सली रेणुका (23) को दिल्ली पुलिस ने बाहरी दिल्ली के पीतमपुरा इलाके से मंगलवार को गिरफ्तार किया। वह फर्जी पहचान बताकर रह रही थी और मेड के तौर पर काम करती थी। पश्चिमी सिंहभूम के एसपी आशुतोष शेखर ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वह कोल्हान में हुई कई मुठभेड़ में वांछित थी। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आइपीसी), शस्त्र अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। रेणुका के विरुद्ध 26 मार्च 2023 को जारी हुआ था गैरजमानती वारंट : चाईबासा कोर्ट ने 26 मार्च 2023 को उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

शेष पेज 08 पर

### सिमडेगा में पांच पीएलएफआई उग्रवादी गिरफ्तार



- पुलिस ने जेल भेजा, लेवी वसूलने आये थे सभी, चढ़ गए हत्थे

**सिमडेगा।** झारखंड की सिमडेगा पुलिस ने लेवी के रुपये के साथ एक महिला सहित 5 पीएलएफआई उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से लेवी के 54,400 रुपये भी बरामद किये गये हैं। 2 बाइक और 5 मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिया है। रामरेखा धाम के बीच सड़क निर्माण कार्य कर रही कंपनी से लेवी वसूलने के लिए ये उग्रवादी आये थे। इसी क्रम में कंपनी के लोगों ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और लेवी वसूलने आये सभी उग्रवादियों को सरई पानी जंगल में गिरफ्तार कर लिया।

**5 उग्रवादियों ने खोले हैं कई राजः** पुलिस की गिरफ्त में आयी महिला समेत 5 उग्रवादियों ने कई राज खोले हैं। पुलिस ने अभी इसका खुलासा नहीं किया है।

शेष पेज 08 पर

## गढ़वाः झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम से 2765 क्विंटल अनाज गायब



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** झारखंड के गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम से 2,765 क्विंटल अनाज के गायब हो जाने की खबर है। इस मामले में उपायुक्त के निर्देश पर प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक के खिलाफ मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गायब अनाज मेराल और डंडई प्रखंड के ग्रीन कार्डधारकों, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और मध्याह्न भोजन के चावल और गेहूं थे।

शेष पेज 08 पर

### अनाज गबन की दर्ज करायी गयी प्राथमिकी

इसके बाद सीओ सह एमओ के आधार पर जनसेवक सह प्रभारी सह सहायक गोदाम प्रभारी दीपक चंचल के विरुद्ध मेराल थाने में कांड संख्या 49/25 दर्ज की गयी। इस संबंध में मेराल के सीओ ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर सहायक गोदाम प्रभारी के विरुद्ध अनाज गबन की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गायब अनाज कहां गये, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

## केदारनाथ-हेमकुंड साहिब में बनेगा रोपवे

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही सोनप्रयाग से केदारनाथ रोपवे परियोजना पर भी मुहर लगा दी है। इससे हेमकुंड साहिब और केदारनाथ जाने के लिए ऊंची चढ़ाई से लोग बच सकेंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सोनप्रयाग से केदारनाथ के बीच 12.9 किमी लंबा रोपवे बनाया जाएगा। इस पर 4,081 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। हेमकुंड साहिब रोपवे पर 2,730 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा सरकार ने 3,880 करोड़ रुपये के पशु स्वास्थ्य और रोग निवारण कार्यक्रम को मंजूरी दी है।

### मोदी सरकार ने लगाई मुहर



- केदारनाथ-हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना को मंजूरी मिली
- सोनप्रयाग-केदारनाथ रोपवे 12.9 किमी लंबा होगा
- यात्रा का समय 8-9 घंटे से घटकर मात्र 36 मिनट होगा

**23 लाख लोग केदारनाथ गए :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'विरासत पर गर्व' मुहिम के तहत सरकार ने इन फैसलों पर मुहर लगाई है। केदारनाथ में पिछले साल 23 लाख श्रद्धालु गए थे। उन्हें काफी ऊंची चढ़ाई करनी पड़ी। लेकिन इस रोपवे के बन जाने से 8 से 9 घंटे की यात्रा अब 36 मिनट में पूरी हो जाएगी।

शेष पेज 08 पर

### केदारनाथ रोपवे के लाभ

- वर्तमान में 8-9 घंटे लगने वाली यात्रा अब केवल 36 मिनट में पूरी होगी।
- पर्यावरण के अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।
- चारधाम यात्रा को बढ़ावा, जिससे स्थानीय व्यवसायों को लाभ मिलेगा और क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि को बल मिलेगा।
- पूरे छह महीने तीर्थयात्रियों की आवाजाही बनी रहेगी, जिससे शुरुआती दो महीनों में संसाधनों पर अत्यधिक दबाव कम होगा।
- यात्रा सीजन में रोज़गार के अवसरों में वृद्धि होगी। वृद्धजन और दिव्यांगजन के लिए यात्रा को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाएगा।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामले में बड़ी कार्रवाई

# डीआरएम समेत चार वरिष्ठ अधिकारियों का हुआ तबादला

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पिछले महीने मची भगदड़ के मामले में रेलवे बोर्ड ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के डीआरएम सुखविंदर सिंह और अतिरिक्त डीआरएम विक्रम सिंह राणा समेत रेलवे के चार वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इन तमाम तबादलों को लेकर रेलवे की तरफ से एक आधिकारिक आदेश भी जारी किया गया है। आपको बता दें कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई थी, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'भाषा' को बताया कि प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से तत्काल कोई कारण बताए बिना उनका तबादला किया गया है, लेकिन इस कदम के समय से जाहिर तौर पर भगदड़ से इसके तार जुड़े हो सकते हैं।



- भगदड़ में 18 लोगों की चली गई थी जान, कई लोग हो गए थे गंभीर रूप से घायल

# सांसद ने पीसीसी पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** प्रखंड के हलमाद बरवाटोली में बुधवार को पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने किया।

400 फीट पीसीसी पथ का निर्माण कार्य सांसद मद की राशि से किया जाना है। कार्यक्रम में भाजपा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष विनय महतो धीरज व सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक उपस्थित थे। सांसद ने ग्रामीणों से पथ निर्माण कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया। वहीं उन्होंने संवेदक को तय समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया। इस मौके पर चोलाराम महतो, प्रहलाद महतो, कृष्ण सागर दुबे, संजय मंडल बेलाराम बेदिया, पृथ्वीपाल महतो चितरंजन महतो समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्षेत्र का विकास ही हमारी प्राथमिकता : संजय सेठ



**सोनाहातू।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को लांधुपडीह पंचायत के नरसिंह लोवाडीह में ढाई लाख रुपये की लागत से होने वाली चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। इस दौरान ग्रामीणों के संवाद किया और समस्याओं से अवगत हुए।उन्होंने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। मौके पर बारेंदा मंडल अध्यक्ष पदलोचन महतो, नेहरू महतो, सुभाष महतो,प्रभु महतो, संतोष मिस्त्री, सुनील साहू, अखिलेश्वर महतो समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### चितरंजन महतो का आकस्मिक निधन



**राहे।** भाजपा के राहे मंडल अध्यक्ष 42 वर्षीय दोकाद गांव निवासी चितरंजन महतो का बुधवार शाम आकस्मिक निधन हो गया है। परिवार सुत्र के अनुसार लिवर में पथरी ऑपरेशन के बाद आकस्मिक निधन हुआ है। भाजपा के राहे मंडल अध्यक्ष संगठन के कर्मठ ,अत्यंत मृदुभाषी ओर समर्पित कार्यकर्ता थे। प्रखंड में काफी लोकप्रिय के साथ आम जनता के समस्या में हमेशा उपस्थित रहते थे। चितरंजन महतो पत्नी एक शिक्षिका है। 14 वर्ष का एक बेटा और 6 वर्ष का बेटी है।इनके निधन पर केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व विधायक सह आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो,जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, डॉ राजाराम महतो, दिलेश्वर कोइरी,मनोज महतो,जलेंद्र कुमार, राहे ओर सोनाहातू के मंडल कमिटी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 9 बजे दोकाद के कोकरो नदी घाट पर किए जाएगा।

### कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में मन्ना देवी नामक 36 वर्षीय महिला ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली । परिजनों के अनुसार उसने घरेलू विवाद में आवेश में आकर कीटनाशक खा लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए नजदीकी चान्हो सीएचसी पहुंचाया ,जहां मौजूद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया लेकिन परिजन उसे रिम्स ले जाने के बजाय घर वापस ले गए, जहां पर उसकी स्थिति बिगड़ गई तो आनन-फानन में वे लोग उसे मांडर मिशन स्थित कांस्टेस लिवंस अस्पताल ले गए जहां इलाज के क्रम में उसकी मृत्यु हो गई।

### हाथियों के हमले में एक व्यक्ति की मौत

**रामगढ़।** रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित विस्थापित गांव कोईहारा में बुधवार दिन में जंगली हाथियों के झुंड के हमले में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वाले मेघनाथ मुंडा घटना के समय बकरियां चरा रहा था और जैसे ही हाथियों का झुंड गांव में घुसा, वह बकरियों को लेकर भागने लगे, लेकिन एक हाथी के चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गये और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड गांव के आसपास घूम रहा था, लेकिन वन विभाग से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। घटना के दिन गांव का मेघनाथ मुंडा नामक व्यक्ति बकरियां चरा रहा था, तभी हाथियों का झुंड गांव में आ गया। हाथियों को देख वह भागने लगा, लेकिन एक हाथी ने उसे कुचल दिया। बताया गया है कि हाथी ने उसके सिर को इतनी जोर से कुचला कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक व्यक्ति के परिवार में और गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्होंने कई बार हाथियों के गाँव में घुसने की सूचना दी थी, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

# छात्र की पिटाई के मामले की शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने की जांच




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड के बगडू गांव में संचालित मॉडल स्कूल में कक्षा सात के छात्र की शिक्षक अशरफ परवेज की ओर से बेरहमी से की गई पिटाई के मामले की जांच करने के लिए मंगलवार को शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल पहुंचे और पूरे मामले की जांच की।

जांच के बाद विभाग को मारपीट मामले की सच्चाई पता चला। अधिकारियों को बताया गया कि मॉडल स्कूल में छात्र मोबाइल फोन लेकर जाते हैं, जिस पर लगाम लगाने के लिए स्कूल प्रशासन सख्त कदम उठाता है। इसी दौरान एक शिक्षक ने कक्षा सात के छात्र को अपने मोबाइल पर नागपुरी वीडियो देखते हुए देखा। इससे आक्रोशित शिक्षक अशरफ ने छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी थी। इससे उसके शरीर पर कई जख्म हो गए। छात्र ने अपने परिजनों के साथ थाने में शिक्षक के खिलाफ लिखित शिकायत की तथा सदर अस्पताल में इलाज कराया। घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने अस्पताल जाकर पीड़ित छात्र से घटना की जानकारी ली थी। बुधवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, डीएसई अभय शील तथा एडीपीओ प्रदीप रवानी ने मॉडल स्कूल जाकर पूरे मामले की जांच की।

# पावर टिलर पलटने से किसान की मौत



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** खेत की जुताई करने के दौरान पावर टिलर मिनी टैक्टर के पलट जाने से तोरपा थाना क्षेत्र के बड़का टोली निवासी टाई टोपनो (52)की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार, टाई टोपनो बुधवार की सुबह पावर टिलर से अपने खेत की जुताई कर रहा था। उसी दौरान पावर टिलर पलट गया और टाई टोपनो उसमें दब गया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि आनन फानन में परिजन उसे रेफरल अस्पताल तोरपा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर तोरपा थाना के पुलिस सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार अस्पताल पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# डीसी ने किया अंचल कार्यालय का निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवा प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को खूंटी अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। दो घंटे से अधिक चले निरीक्षण में उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में संचालित कार्यों की समीक्षा की और कई निर्देश दिये।

उपायुक्त ने कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, उनके कार्यों की प्रगति, भूमि जमाबंदी, दाखिल खारिज, सर्टिफिकेट से जुड़े मामलों के निष्पादन एवं अंचल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अंचल में उत्तरदायित्व पूर्ण एवं ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें। लंबित मामलों का भी त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से निपटारा करें। नागरिकों को सुगम और पारदर्शी सेवाएं प्रदान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसे हर हाल में सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने आम जनता को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए कार्यालय व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अंचल अधिकारी एसपी आर्या और अन्य संबंधित पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

# पलाश के फूलों ने क्षेत्र में बढ़ाया प्राकृतिक सुंदरता



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** होलिका पर्व के नजदीक आते ही सिल्ली आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं।

पेड़ों पर पलाश के फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे आसपास के इलाके का प्राकृतिक सुंदरता बढ़ने लगा है। सिल्ली रांची एवं सिल्ली बुंडू मार्ग सहित ग्रामीण क्षेत्र की अन्य सड़कों के किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर आए फूलों ने सड़कों की रौनक बढ़ा दी है। वसंत ऋतु के समय में यह फूल खिलने लगते हैं। होली के आसपास यह फूल चरम पर आकर जंगल की खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। आयुर्वैदिक शोध संस्थान सह पंचकर्म विज्ञान चिकित्सालय झारखंड मोड मुरी निर्देशक गोल्ड मेडलिस्ट चिकित्सक डॉ मधुसूदन मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पलाश के फूलों के रंग से खेली जाती थी होली।आज भले ही हमें केमिकल युक्त रंग, गुलाल से होली पर्व मनाते हैं, लेकिन एक समय था, जब पूर्वज पलाश के फूल से ही होली खेला करते थे। पलाश के फूल को होली के लिए एक दिन पहले एकत्रित कर उसे मिट्टी के पात्र में रखकर गर्म करते थे। इससे प्राकृतिक रंग तैयार होता था। बसंत ऋतु में पलाश के पेड़ से पत्ते झड़ जाते हैं और फूल उग आते हैं, जो प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगा देते हैं।

## आरक्षण बढ़ाओ-रोजगार सम्मेलन 23 को

**रामगढ़।** भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित कार्यालय में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया एवं संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु उपस्थित थे। केंद्रीय समिति के तय कार्यक्रम के तहत पतरातू प्रखंड में भी सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर कई नये लोगों ने वैश्य मोर्चा का सदस्यता ग्रहण की।

## ग्रामीण विकास मंत्री से कांग्रेस नेताओं ने की मुलाकात



**खूंटी।** खूंटी के कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को रांची में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय से मुलाकात कर खूंटी जिले के ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री को बताया कि आनेवाली भीषण गर्मी को देखते हुए पंचायती राज विभाग की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने सभी खराब चापानलों की जल्द से जल्द से मरम्मत कराने का आग्रह किया। मौके पर खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुशील संगा, जिला महासचिव सयूम अंसारी, जीतवाहन महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## दो ट्रेलर से हुई डीजल की चोरी



**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सिल्ली रंगामाटी - टाटा सड़क के डिबाडीह के गोड़ेया मोड़ में मंगलवार रात खड़े ट्रेलर जेएच 05 डीएल 1528 और खल 05अ 5529 से तेल टेंकर के लॉक को तोड़कर लगभग 600 लीटर डीजल की चोरी किये जाने की घटना हुई है। घटना करीब रात 3 बजे की बताई जा रही है। ट्रेलर के ड्राइवर शशिभूषण सिंह और निलेश कुमार सिंह का कहना है कि हमलोग टाटा से गोला जा रहे थे, गोला जाने के क्रम में गोड़ेया मोड़ के समीप रात 2 बजे मां भद्रकाली होटल के बगल में गाड़ी खड़ा करके सो गये। सुबह 5 बजे जब सो के उठकर गाड़ी को चेक किये तो तेल टंकी का ताला टूटा हुआ मिला। जब दूसरा गाड़ी का भी डीजल टंकी देखे तो उसका भी टंकी का लॉक टूटा हुआ मिला। इधर घटना का सूचना मिलते हैं सोनाहातू थाना के एसआई राकेश कुमार घटनास्थल पहुंचे एवं घटना का जानकारी लिये। ट्रेलर गाड़ी के दोनों ड्राइवरों ने सोनाहातू थाने में जाकर सनहा दर्ज कराया। इस सड़क में टंकी काट कर डीजल चोरी करने का पहला मामला सामने आया है।

# खूंटी में सात मार्च से होगा दो दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** जिला कृषि कार्यालय और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), खूंटी के संयुक्त तत्वावधान में सात और आठ 08 मार्च 2025 को कचहरी मैदान, खूंटी में दो दिवसीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन जिले के किसानों को नवीन कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक विधियों एवं आधुनिक कृषि उपकरणों की जानकारी देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि आठ मार्च को प्रातः नौ बजे से 11 बजे तक प्रदर्शनी की प्राप्ति एवं पंजीकरण, पूर्वाह्न 11 से 12 बजे तक कृषक गोष्ठी, 12 से एक बजे तक तक कृषक वैज्ञानिक अंतरमिलन और अपराह्न 12.30 बजे से 1.30 बजे तक सर्वोत्तम प्रदर्शनी का निर्णायक समिति की ओर से चयन किया जाएगा। आठ मार्च को अपराह्न तीन से चार बजे तक पारितोषिक वितरण समारोह और पांच बजे समापन होगा। इसमें जिले के प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विभिन्न कृषि उपकरण निमार्ताओं की सहभागिता रहेगी। जिला कृषि पदाधिकारी ने अधिक से अधिक किसानों से इस मेले में भाग लेने की अपील की है, ताकि वे उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर उत्पादन में वृद्धि कर सकें।

## होली मिलन समारोह का आयोजन 9 मार्च को

**रामगढ़।** बुधवार को गोला स्थित द्वारिका पैलेस के सभागार में प्रेस क्लब रामगढ़ (पी.सी.आर.) की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार उर्फ बिरु, कोषाध्यक्ष दूर्वेज आलम, कार्यकारिणी सदस्य द्वय मनोहर लहरी एवं राजकुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य गोला क्षेत्र के पत्रकारों के बीच प्रेस क्लब रामगढ़ का परिचय पत्र वितरण करना था। बैठक में प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने गोला के सभी पत्रकारों से आग्रह किया कि वे आगामी 09 मार्च को पी.सी.आर. रामगढ़ में होनेवाले होली मिलन समारोह में अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा।

# झामुमो पंचायत समितियों का गठन शीघ्र करें: जुबैर अहमद





**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** झामुमो के जिला कार्यालय में बुधवार को पार्टी कार्यकताओं की हुई बैठक में सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई और पंचायत एवं प्रखंड कमेटियों के शीघ्र गठन करने का निर्णय लिया गया।

मौके पर जिला संयोजक जुबैर अहमद ने सभी सदस्यों को निर्देश दिया कि पंचायत कमेटियों का गठन कर इसकी सूचना संयोजक मंडली को दें और सदस्यता रसीद जमा करें। बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिला संयोजक ने की। बैठक में जिला संयोजक मंडली सदस्य मकसूद अंसारी, सुशील पाहन, अमृत हेमरोम, भोलानाथ लाल, राहुल केशरी, खूंटी प्रखण्ड संयोजक मंडली सदस्य शेख फिरोज, गंदूर मुंडा, फिरोज अंसारी, मोजीर अंसारी, संदीप तिडू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कर्रा अंचल कार्यालय में लगा राजस्व शिविर



**खूंटी।** अंचल कार्यालय कर्रा में बुधवार को राजस्व शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न हल्कों के रैयतों को शुद्धिपत्र एवं पंजी दो में सुधार संबंधी प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। शिविर का संचालन अंचल अधिकारी वंदना भारती के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अंचल अधिकारी वंदना भारती ने कहा कि यह शिविर रैयतों की भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण और उनके दस्तावेजों के सत्यापन के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने उपस्थित रैयतों को अपने भूमि अभिलेखों को अद्यतन रखने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी। शिविर में संबंधित विभागीय कर्मियों ने रैयतों को राजस्व अभिलेखों में सुधार की प्रक्रिया, भूमि दस्तावेजों की शुद्धि तथा पंजी दो में संशोधन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दीं। शिविर में बड़ी संख्या में रैयतों ने भाग लिया और अपने दस्तावेज प्राप्त किए।

# मेगा हेल्थ कैंप में 150 लोगों की हुई जांच, डॉक्टरों ने दी सलाह

## स्वस्थ समाज का निर्माण मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य : राहुल अग्रवाल



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** एक स्वस्थ समाज का निर्माण करने की परिकल्पना मारवाड़ी युवा मंच ने की है। इसी सपने को साकार करने के लिए हर दिन पहल की जा रही है।

इसी उद्देश्य से रामगढ़ शहर में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में 150 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। मंगलवार की देर रात तक लोग जांच कराने आते रहे। मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित शिविर का उद्घाटन डॉक्टर और मंच के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में रांची के ऑर्किड मेडिकल सेंटर के कार्डियोलॉजिस्ट एवं मधु रोग विशेषज्ञ डॉ विनय कुमार, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ शालिनी प्रिया, जनरल फिजिशियन डॉ एस कुमार, आईरिस हॉस्पिटल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुकिता, यूरोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक अग्रवाल, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल बेरलिया और दंत चिकित्सक डॉ पूजा शर्मा बंसल ने 150 से अधिक मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिए।

साथ ही शिविर में मरीज के लिए निःशुल्क मधुमेह, ब्लड प्रेशर और ईसीजी की जांच की गई।मौके पर युवा मंच के कार्यक्रम संयोजक राहुल अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच समाज हित के लिए निरंतर कार्य करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज की परिकल्पना करना ही मारवाड़ी युवा मंच का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समाज के लिए किए जा रहे कार्य एक उद्देश्य के साथ किए जा रहे है। इसमें मंच के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। शिविर को सफल बनाने में आशुतोष बेरलिया, नीतेश बेरलिया, श्रिंजय मेवाड़, आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, निलिंद अग्रवाल सहित अन्य शामिल थे।

## संक्षिप्त

### दिनदहाड़े रिटायर्ड आईजी के घर में चोरी

**रांची।** दिनदहाड़े अरगोड़ा थाना क्षेत्र के एजी कॉलोनी स्थित रिटायर्ड पुलिस अफसर के घर पर चोरी का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है।

जहां रिटायर्ड आईजी बीके शर्मा के घर पर अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर बुधवार दोपहर में घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार रिटायर्ड आईजी घर में अकेले रहते थे। वारदात के वक्त रिटायर्ड अधिकारी डॉक्टर के पास इलाज के लिए गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर में घुसकर घर पर रखे रुपये और टीवी की चोरी कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

### तापमान में तीन डिग्री की गिरावट, बढ़ी ठंड

**रांची।** राज्य में देश के उत्तर-पश्चिमी दिशा से आ रही ठंडी हवाओं के कारण बुधवार को रांची में तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से दी गई है। विभाग ने कहा है कि तापमान में सात से आठ मार्च के बाद तीन से चार डिग्री की वृद्धि धीरे-धीरे होगी।

वहीं बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि यह मंगलवार को 30.5 डिग्री सेल्सियस था। हालांकि न्यूनतम तापमान में कोई गिरावट दर्ज नहीं की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 37.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गढ़वा में 13.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

बुधवार को जमशेदपुर में तापमान 35.7 और 17.6 डिग्री, डालटनेगंज में 35.4 और 18.6, बोकारो थर्मल में 34.5 तथा चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 10 मार्च को

**रांची।** श्री श्याम संघ, रांची के तत्वावधान में आगामी 10 मार्च दिन सोमवार को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में श्री श्याम फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के शुभ अवसर पर 301 श्याम भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। संस्था के अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया की प्रातः 7 बजे गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। निशान पूजा के मुख्य यजमान संजीव विजयवर्गीय अपने परिवार के साथ निशान पूजन करेंगे। इसके बाद श्याम भक्तों द्वारा रंग बिरंगे निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। निशान शोभायात्रा अपर बाजार श्री राधा वल्लव मंदिर से जे जे रोड़, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट, दत्ता ब्रदर्स, ईस्ट मार्केट रोड़, लोहिया चौक, कार्ट सराय रोड़, बंशीधर अडुकिया रोड होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे।

## आईआईएम रांची : सर्टिफिकेट प्रोग्राम में बहुआयामी कौशल की मिली जानकारी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** आईआईएम रांची में संचालित वार्षिक पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम (पीजीसीपी) इन एडवांस जेनरल मैनेजमेंट के दूसरे बैच का समापन 4 मार्च, 2025 को हुआ। दूसरे बैच की शुरूआत 31 मार्च, 2024 से हुई थी। पीजीसीपी में विभिन्न कार्यक्षेत्र से जुड़े दर्जनों प्रतिभागी शामिल रहे, जिन्हें शैक्षणिक सत्र के दौरान बहुआयामी कौशल और कार्यक्षेत्र में उपयोगी सिद्धांतों की जानकारी दी गयी।

प्रोग्राम के समापन सत्र में डीन एग्जीक्यूटिव एजुकेशन एंड कंसल्टेंसी प्रो अमित सचान, प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो राजीव वर्मा और प्रो मनीष बंसल समेत अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे। संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियों से वार्ता कर कोर्स के मूल्य और भविष्य में इसकी उपयोगिता पर चर्चा की। साथ ही प्रतिभागियों के समर्पण और शैक्षणिक प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा। शैक्षणिक सत्र के समापन पर प्रोग्राम में शामिल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वार्षिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को उद्योग और प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी मिली। इसमें खासकर - प्रबंधकों में अर्थशास्त्र की समझ को विकसित किया गया। इनके अलावा उपभोक्ता के व्यवहार, व्यावसायिक रणनीति, फाइनांशियल एंड रिस्क मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट, ऑपरेशन एंड सप्लाई चेन मेनैजमेंट, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन, डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन मैनेजमेंट, एनालिटिक्स एंड डिसिजन मेकिंग जैसे विषयों पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिये गये।

पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम इन एडवांस जेनरल मैनेजमेंट का समापन



वहीं, बदलते दौर को देखते हुए न्यूरोमार्केटिंग स्ट्रैटेजी झ्र तकनीक का इस्तेमाल करते हुए उपभोक्ता व्यवहार का मूल्यांकन करने, स्ट्रैटेजिक कॉस्ट लीडरशिप और वार्षिक रिपोर्ट का तुल्नात्मक अध्ययन करते हुए पारंपरिक व्यावसाय को मॉडर्न बिजनेस में ढालने की तकनीक और नेतृत्वकौशल की समझ को विकसित किया गया।

पीजीसीपी में शामिल प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किये। प्रतिभागियों ने कहा कि कोर्स से मिले मैनेजमेंट सिद्धांत, लीडरशिप स्ट्रैटेजी और डिसिजन मेकिंग फ्रेमवर्क का इस्तेमाल आने वाले समय में जटिल व्यावसायिक रणनीतियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। वहीं, कोर्स में शामिल इंटरएक्टिव लर्निंग मेथडोलॉजी, केस स्टडी आधारित चर्चा और उसके वास्तविक युग में उपयोगिता की संभावना और अनुप्रयोग को प्रबंधकीय दृष्टिकोण से समृद्ध करेंगे।

# रेलवे न्यायालय में 95 वादों का निष्पादन और 7,80,000 रुपयों का हुआ सेटलमेंट

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को रेलवे न्यायालय, रांची में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्ली बारगेनिंग के द्वारा रेलवे न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु विशेष कैंप का आयोजन रेलवे न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय उपस्थित थे।

न्यायायुक्त के हाथों से दीप प्रज्वलित कर मंच का संचालन रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी बिजय कुमार यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभात शर्मा, अपर न्यायायुक्त, बिजय कुमार यादव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, अनिल जेराय, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, अधिवक्तागण, विभिन्न आर.पी.एफ. पोस्ट के पदाधिकारी, रेलवे कोर्टकर्मी एवं मुवक्किल मौजूद रहे।



न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि प्ली-बारगेनिंग विशेष कैंप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेलवे न्यायालय में लंबित मामलों को निस्तारण करना हैं। समय-समय पर प्ली-बारगेनिंग विशेष कैंप का आयोजन किया जाता है और आगे भी किया जायेगा। श्री पांडे ने प्ली-बारगेनिंग विशेष कैंप के महत्व को समझाते हुए त्वरित निष्पादन करने की सलाह दी। अपर न्यायायुक्त, प्रभात शर्मा ने त्वरित निष्पादन के फायदे पर फोकस किये। इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण मामलों का निस्तारण किया गया, जिसमें अपराध प्रकरण क्रमांक 271/21 आर.पी.एफ हटिया के अभियुक्त आशेश्वर कुमार मेहता, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सिग्नल एस.ई. रेलवे रांची धारा 175, 154 रेल अधिनियम के अंतर्गत दोष स्वीकर किया, जिसे रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी श्री बिजय कुमार यादव ने दंडित करते हुए 15000/- रुपए क्षतिपूर्ति रेलवे को भुगतान करने का आदेश सह धारा 12 प्रोवेशन का लाभ भी प्रदान किया गया। न्यालय में लंबित 284 केश में से 95 कांड का निष्पादन किया गया, जिससे रेलवे न्यायालय में लंबित कांडों की संख्या घट कर 189 रह गई है।

इसके साथ ही मौके पर रेलवे विभाग को क्षति सह मुआवजा के रूप में 7,80,000 रुपए का मुआवजा प्राप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले सेल के सीएमडी अमरेंदु प्रकाश



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष- सह -प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश, बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के डायरेक्टर -इन- चार्ज बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं माइंस (सेल, बोकारो) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विकास मनवटी ने 5 मार्च को मुलाकात की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

## विश्व सेवा परिषद के सदस्यों ने की राज्यपाल से मुलाकात



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**पिठोरिया (रांची)।** विश्व सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला। संस्था के सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने विश्व सेवा परिषद के द्वारा चलाये जा रहे सामाजिक विकास के कार्यों से लेकर समाज सुधार के लिए चलाये जा रहे अभियानों की जानकारी राज्यपाल को दी। इनमें मुख्यतः शिक्षा जागरुकता, नशापन निषेध और स्वास्थ्य जागरुकता अभियान आदि शामिल है।

राज्यपाल ने सभी विषयों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए आशीर्वचन सह मार्गदर्शन दिया। मौके पर विश्व सेवा परिषद के प्रदेश मीडिया प्रभारी पंकज मिश्रा, यशवंत महतो, कुमार साहब, विशाल सिंह और ओम साहू मौजूद थे।

## जिला स्तरीय कुकिंग कंप्टीशन में 40 रसोईयों ने लिया भाग

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** जिला स्तरीय कुकिंग कम्प्टीशन 2025 का आयोजन शहीद चौक स्थित अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में बुधवार को किया गया है। कार्यक्रम में प्रखंड से चयनित विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागी 40 रसोईयों ने भाग लिया।

रसोईया-सह-सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनन्दायी बनाने, मध्याह्न भोजन के प्रति रसोईया-सह-सहायिकाओं में प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग के लिए कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है।



मोटा अनाज यथा रागी (मडुआ) / सवा/कोदो आदि के व्यंजन, भोजन का स्वाद भोजन की तैयारी में किये गये नवाचार, तैयार भोजन की गुणवत्ता, भोजन निर्माण की प्रक्रिया में स्वच्छता एवं सफाई का पालन।

राज्य कार्यालय के निर्देश रांची जिला शिक्षा अधीक्षक की अध्यक्षता में निर्णायक मंडली गठित होगी। इसमें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एक चिकित्सा पदाधिकारी, एक अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जिला नोडल पदाधिकारी, बाल संसद दो प्रधानमंत्री, दो स्वच्छता मंत्री एवं दो पोषण मंत्री सदस्य होंगे।

उपरोक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पूर्वाह्न 10.30 से प्रतियोगिता के लिए पकवान बनाये। जिसका प्रर्दशन उनके द्वारा अपराह्न 3 बजे अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में किया गया।

निर्णायक मंडली द्वारा पुरस्कार के मानको के अनुरूप प्रतिभागियों को अंक दिये गए। शीला बारला, संत मारिया मध्य विद्यालय, कांके द्वारा सभी मानको में से 81 अंक प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जयंती देवी रा०उत्क्र० उ०वि०, बढैया, चान्हो द्वारा सभी मानको में से 76 अंक प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तर पर सभी प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण-पत्र एवं मेडल दिया गया, जबकि निदेर्शानुसार विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण-पत्र, मेमेन्टो दिया गया एवं 5000 की राशि उनके बैंक खाते में पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम दी जाएगी। उपविजेता प्रतिभागी को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण-पत्र, मेमेन्टो दिया गया एवं 2500की राशि उनके बैंक खाते में पीएफएमएस पोर्टल के माध्यम से की जाएगी।

### संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह 09 को

**रांची**। आगामी रविवार 9 मार्च 2025 को हास्य मेव जयते, रांची के सानिध्य में होली मिलन समारोह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जैसा कि ज्ञात है कि हास्य मेव जयते, रांची के मुख्य संरक्षक केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी है। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया हमारे अभिवावक संजय सेठ की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम पिस्कामोड के माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आवास पर रखा गया है। इस अवसर पर 9 मार्च रविवार को होली का रंगारंग कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम सहित भजनों के आनंद संग होली के गीत सहित हास्य कविताओं का हम सभी आनंद उठा सकेंगे। यह आयोजन 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर मोटे अनाज के बयन्जन का भी लुपत हम उठा सकेंगे।

## सखी बहिनपा मैथिलानी समूह का होली मिलन, उड़े अबीर-गुलाल



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सखी बहिनपा मैथिलानी समूह के तत्वावधान में हरमू स्थित विद्यापति दलान परिसर में होली मिलन समारोह 5 मार्च को आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत मिथिला परंपरा के अनुसार भगवती वंदना जय जय भैरवि असुर भयाऊनि के साथ हुई। इसके बाद सभी सखियों ने भवन में स्थित बाबा विद्यापति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद आपस में एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। फिर होली गीतों की शुरूआत हुई। सबसे पहले श्रीमती इन्दिरा झा ने चलू चलू पाहुन मिथिला के नगरी सहित कई गीत गाकर श्रोताओं को होलियाना मूड में ला दिया। सदाबहार गायिका श्रीमती बबिता झा ने कान्हा करे बलजोरी होली गीत गाकर समा बांध दिया। श्रीमती अंशु झा ने मिथिला में राम खेलथि होरी, श्री मती पूनम मिश्र ने होली खेले रघुवीरा गीत गाकर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके बाद श्रीमती नमीता मिश्र, श्रीमती अनीता झा एवं श्रीमती बिट्टू झा ने समूह में जोगी जी धीरे धीरे धीरे गीत पर नृत्य भी किया। श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सखियों ने होलियाना अंदाज में काफी मस्ती भी की। हिल मिलकर होली से संबंधित पकवान का लुत्फ उठाया।

समारोह में श्रीमती बबिता झा, श्रीमती अनीता झा, श्रीमती पूनम मिश्र, श्रीमती बिट्टू झा, श्रीमती नमीता मिश्र, श्रीमती प्रतिभा मिश्र, श्रीमती इन्दिरा झा, श्रीमती अरूणा झा, श्रीमती अर्चना झा, श्रीमती मंजु चौधरी, श्रीमती अंशु झा, श्रीमती सीमा झा, श्रीमती बिभा खां, श्रीमती मीनू चौधरी, श्रीमती अनामिका झा सहित काफी संख्या में सखी बहिनपा मैथिलानी समूह सदस्यों ने भाग लिया। संचालन श्रीमती अनीता झा एवं श्रीमती बबिता झा ने किया।

# गुरु नानक सेवक जत्था का नौवां कीर्तन दरबार 26-27 अप्रैल को

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था की नौवें महान कीर्तन दरबार के आयोजन को लेकर कृष्णा नगर कॉलोनी गुरुद्वारा साहिब परिसर में 4 मार्च की रात विशेष बैठक हुई। जत्था के करण अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में आयोजन की बेहतरी को लेकर उपस्थित गुरु नानक सेवक जत्था के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए। सर्वसम्मति से तीन दिवसीय नौवां महान कीर्तन दरबार आयोजित करने का फैसला लिया गया।



जत्था के सूरज झंडई ने बताया कि यह समागम तीन दिवसीय होगा। तय हुए कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम 25 अप्रैल को सुबह 4:45 बजे से 8 बजे तक भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जिसमें पांच निशानची और पांच प्यारों की अगुवाई में पुष्प सवारी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को कृष्णा नगर कॉलोनी का भ्रमण कराया जाएगा।

इस उपलक्ष्य में दो विशेष दीवान सजाए जाएंगे जिसमें पहला दीवान 26 अप्रैल की रात 8 बजे से 11.30 बजे तक और दूसरा दीवान 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक दीवान सजाया जाएगा। इस महान कीर्तन दरबार में शिरकत करने पहुंच रहे सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई जसपाल सिंह जी दिल्ली वाले रांची की साध संगत को शबद कीर्तन से निहाल करेंगे। दोनों दीवानों की समाप्ति पर गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा।

इस मौके पर 27 अप्रैल को गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। बैठक का संचालन पीयूष मिढ़ा ने किया। इससे पहले 23 से 25 अप्रैल तक रोजाना रात 8:30 बजे से 10 बजे तक गुरुद्वारा साहिब की साफ सफाई की सेवा की जाएगी।

सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि दोनों दीवानों में स्त्री सत्संग सभा तथा हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद गायन और मुख्य ग्रंथी जानी जिवेंदर सिंह द्वारा कथावाचन भी होगा। पवनजीत सिंह खत्री द्वारा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू ट्यूब चैनल मेरे साहेब पर किया जाएगा। नगर कीर्तन की ड्रोन से रिकॉर्डिंग कराई जाएगी। नगर कीर्तन के रूट को लेकर जत्था द्वारा जल्द ही एक बैठक बुलाई जाएगी।

**सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई जसपाल सिंह आ रहे हैं रांची**

आज की बैठक में जत्था के विन्नी खत्री, कुणाल चूचरा, रमनदीप सिंह, हैप्पी अरोड़ा, राकेश घई, तनिश गिरधर, विशेष काठपाल, कमल तलेजा, सागर थरेजा, वंश डावरा, राहुल दुआ, राजा सिंह, जतिन घई, पीयूष तलेजा, जय गाबा, गीतांशु तेहरी, कनिष गाबा, गगनदीप सिंह, गर्व खीरबाट, इनिश काठपाल, जय पपनेजा, मोहन खीरबाट, अमन डावरा और अनमोल अरोड़ा शामिल थे।

## संक्षिप्त

### पुलिस अधीक्षक ने बसिया थाना का किया निरीक्षण

**गुमला।** निरीक्षण से पूर्व थाना में पदस्थापित सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया तथा सभी को निर्देश दिया गया कि अपने क्षेत्र , बीट से संबंधित सभी जानकारी रखेंगे, रुचि लेकर निगरानी रखेंगे तथा अधिक से अधिक आसूचनाओं का संकलन करेंगे। निरीक्षण के क्रम में थाना सिरिस्ता में संधारित होने वाले सभी पंजी अभिलेखों एवं संचिकाओं का अवलोकन किया गया। सभी पंजी, संचिकाओं का रख-रखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। सीमावर्ती थाना प्रभारियों के साथ संपर्क स्थापित कर सक्रिय अपराध कर्मियों एवं पीएलएफआई उग्रवादियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान तेज करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। महिलाओं से संबंधित अपराध की रोक-थाम हेतु स्कूल ,कॉलेज में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बसिया नाजीर अख्तर पुलिस निरीक्षक, बसिया अंचल थाना प्रभारी, बसिया एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बसिया थाना का निरीक्षण किया गया।

### वन संरक्षण को लेकर विभाग सतर्क

**लातेहार।** वन विभाग वन्य संपदा की रक्षा के लिए सतर्कता बरत रहा है। अवैध वन कटाई और आगजनी की रोकथाम को लेकर वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी नंदकुमार मेहता के निर्देशन में जरमा गांव में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वनपाल, वनरक्षी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को जंगल के महत्व और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर जागरूक किया। खासतौर पर महुआ चुनने के दौरान जंगल में आग लगाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताई गई। वन विभाग ने स्पष्ट किया कि इससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है और जंगल में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पारंपरिक तरीकों के बजाय सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल तरीकों को अपनाएं। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया और पेड़ बचाने तथा महुआ चुनते समय आग नहीं लगाने की प्रतिबद्धता जताई। वन विभाग ने अवैध कटाई और आगजनी रोकने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी से सतर्क रहने की अपील की।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 05 घायल

**लातेहार।** जिले में बुधवार को सड़क हादसों की दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। महज कुछ घंटों के अंतराल में हुए इन हादसों में कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली दुर्घटना जलता स्कूल के पास हुई, जहां दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पंकज कुमार उरांव और उनके भाई परितोष कुमार उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों युवक बाइक से तेज रफ्तार में आ रहे थे, तभी दूसरी दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई और घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

### एरिया फाइनेंस मैनेजर को दी गयी विदाई

**चुरचू।** एरिया फाइनेंस मैनेजर संजीव कुमार गुप्ता का ट्रांसफर चरही जीएम ऑफिस से सीसीएल हेड क्वार्टर रांची हो गया है। इसके लिए झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन भावभीनी विदाई दी गई मौके पर राजकुमार वर्मा क्षेत्रीय सचिव ओबीसी सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के चरही के द्वारा संबोधन किया गया राजकुमार वर्मा ने कहा कि संजीव कुमार गुप्ता चरही क्षेत्र में हम लोग के बीच अच्छा संबंध रखते थे और दुख सुख में सहयोग करने के काम करते थे। हम लोग के बीच हेड क्वार्टर ट्रांसफर हो जाने से खुशी महसूस हो रहा है लेकिन थोड़ा तकलीफ भी है संजीव कुमार गुप्ता एक अच्छा भक्ति एवं एरिया फाइनेंस मैनेजर थे। मौके पर झारखंड को लियरी मजदूर यूनियन हजारीबाग क्षेत्र विजय राम जोनल सदस्य कुर्बान अंसारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्रीय सचिव राजकुमार वर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी अनवर अहमद, सहसचिव रामकिशोर मुर्मू, उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह, उपभोक्ता उपाध्यक्ष धीरज कुमार मांझी सभी लोग मौजूद थे।

## छतरपुर में कैंप कार्यालय आज, आमजनों को मिलेंगी कई सुविधाएं

# कैंप कार्यालय का अधिकाधिक लाभ उठायें स्थानीय लोग : उपायुक्त



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू।** उपायुक्त शशि रंजन की पहल पर पलामू में अनुमंडल स्तर पर कैंप कार्यालय का अधिष्ठापन किया जा रहा है। पहला कैंप कार्यालय हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में 27 फरवरी, 2025 को आयोजित किया गया। दूसरा कैंप कार्यालय 6 मार्च, 2025 को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शशि रंजन ने कैंप कार्यालय के दौरान जिले के विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों को कैंप कार्यालय में पहुंचने का आदेश दिया है।

उपायुक्त ने कहा है कि कैंप कार्यालय में लोगों को विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाएगी। पदाधिकारी आमलोगों की समस्याएं सुनेंगे। उसका त्वरित समाधान करेंगे। त्वरित समाधान योग्य मामले नहीं रहने की स्थिति में निर्धारित समयावधि में समस्याओं का निष्पादन करेंगे। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को अवगत करायेंगे। कैंप कार्यालय के अधिष्ठान से जिला स्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी लोगों के नजदीकी अनुमंडल में ही समस्याएं सुनकर निदान कर रहे हैं। लोग जिला में जाने से बच पा रहे हैं। इससे उनका अर्थ और समय दोनों की बचत हो रही है, जिसका वह अपने उत्थान में उपयोग कर पाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि कैंप कार्यालय के दौरान विकास योजनाओं की भी समीक्षा होगी। इससे संबंधित अनुमंडल क्षेत्र के विकास योजनाओं के प्रगति का आकलन होगा। संबंधित विभागों को पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण से संचालित योजनाओं का भौतिक सत्यापन हो सकेगा। कमियों को दूर करने एवं विकास कार्यों को गति देने में मदद मिलेगी।

विदित हो कि प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय का आयोजन किया जाना है। वहीं प्रत्येक माह के चतुर्थ गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में कैंप कार्यालय अधिष्ठापित होना है। मार्च माह में द्वितीय गुरुवार को अवकाश घोषित है। ऐसे में उपायुक्त के स्तर पर प्रथम गुरूवार को ही कैंप कार्यालय आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत छतरपुर अनुमंडल कार्यालय परिसर में 6 मार्च 2025 को 11 बजे से कैंप कार्यालय अधिष्ठापन की तैयारी की गई है।

उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से अपील किया है कि संबंधित कैंप कार्यालय में पहुंचकर किसी भी सरकारी योजना का लाभ, शिकायत या समस्या का समाधान अवश्य कराएं। कैंप कार्यालय में कई सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें मुख्य रूप से परियोजनाओं एवं योजनाओं की भूमि चिन्हित, हस्तकत एवं विवाद समाधान किया जाएगा। वहीं वन भूमि के बदले अन्य भूमि/ सरकारी भूमि स्थानांतरण, बिजली बिल संबंधी शिकायतों का समाधान, पेयजल समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

इससे संबंधित शिकायतों का त्वरित निष्पादन कर आमजनों को सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सर्जन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान किया जाएगा।

## चाईबासा में आईईडी ब्लास्ट में तीन जवान घायल, किया गया एयरलिफ्ट



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा के जंगल में नक्सलियों की ओर से लगाया गया आईईडी बुधवार को ब्लास्ट कर गया है। इस ब्लास्ट में 3 जवानों के घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक आईईडी ब्लास्ट की यह घटना झारखंड-ओडिशा बॉर्डर के बालिबा और बाबुडेरा जंगल में हुई है।

जानकारी के मुताबिक सीआरपीएफ का 197 बटालियन सर्चिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया। इसमें सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए। घायल जवानों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया जा रहा है। जहां घटना घटी है, वह क्षेत्र नक्सल प्रभावित माना जाता है। मौके पर सुरक्षा बलों द्वारा क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक नक्सलियों द्वारा पूर्व में आईईडी और रास्ते में गड्ढा करके लोहे के तीर लगाये गये थे। इसकी चपेट में आने से सीआरपीएफ 197 बीएन के एसी जीजे साई, एचसीआरओ वीटी राव एवं सीटी/ जीडी धर्मेंद्र कुमार जख्मी हो गये। उक्त जख्मी पदाधिकारी / कर्मी की स्थिति स्थिर है।

पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय एवं सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिकी उपचार के बाद उक्त जख्मी पदाधिकारी/कर्मी को उच्चत्तर इलाज के लिए रांची भेजा गया।

## होली व ईद का रमजान को लेकर थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** मंगलवार को आयोजित होली एवं ईद का रमजान के अवसर पर में पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान को कई बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिया गया जिसमें आगामी होली एवं ईद का रमजान की तैयारियों का जायजा लिया तथा विभिन्न दिशानिर्देश जारी किए गए। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने से संबंधित सभी पुराने कांडों में आरोपी रहें सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनन कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना क्षेत्र में जितने भी अवैध देशी एवं विदेशी शराब पर पूर्णत रोक लगाई एवं शराब की तस्करी में शामिल अभियुक्त को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। होली एवं ईद का रमजान का त्यौहार को देखते हुए सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना क्षेत्र में निरंतर गस्ती जारी रखेंगे। पुराने संप्रदाय कांडों में शामिल अभियुक्तों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करेंगे। थाना क्षेत्र में जितने भी संवेदनशील स्थान है, सभी स्थानों पर पुलिस पदाधिकारी में बल प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

नशाखोरी के पदार्थ खरीद बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया, वैसे गिरोहों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सीसीए के तहत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। जिले के सभी संवेदनशील मंदिर एवं मस्जिद पर विशेष निगरानी रखेंगे, विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया।

साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।



### मधुमक्खी के दंश से स्कूटी सवार पति-पत्नी हुए घायल

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के दारू थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोय निवासी श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी सहित एक अन्य व्यक्ति मधुमक्खी के हमले से बुरी तरह घायल हो गए। श्यामसुंदर प्रसाद और उनकी पत्नी रूबी देवी अपने स्कूटी पर सवार होकर अपने बच्चे के स्कूल कोय जा रहें थे तभी अचानक रास्ते में एक झाड़ी से मधुमक्खियों का झुण्ड निकला और उनपर हमला कर दिया और दोनों के चेहरा, सिर, हाथ सहित शरीर के खुले अंगों में डंक मारते रहे। इसी क्रम में एक अन्य स्थानीय युवक को भी मधुमक्खियों ने डंक मारा। हो-हल्ला करने के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से किसी तरह मधुमक्खियों के चुंगल से तीनों को बाहर निकाला गया। मधुमक्खियों के दंश के बाद दर्द के कराहते हुए पति- पत्नी सहित एक अन्य युवक ने अपने परिजनों को सूचना दी। जिसके बाद बुरी तरह प्रभावित हुए पति- पत्नी को उनके परिजनों और दारू क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश प्रसाद के सहयोग से इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया और तत्काल उनके द्वारा इसकी सूचना सांसद मनीष जायसवाल को दी गई।

## दिव्यांगों ने खुलकर रखीं समस्याएं, एसडीएम ने सहयोग का दिया भरोसा



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**


**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के दिव्यांगजनों को आमंत्रित किया। संजय कुमार ने आमंत्रित सदस्यों की पारिवारिक पृष्ठभूमि के अलावा रोजमर्रा की जरूरतों और समस्याओं के बारे में पूछा। उनसे पूछा कि वे दिव्यांग कल्याण की दिशा में प्रशासन से क्या अपेक्षाएं रखते हैं। एसडीओ ने जिले और प्रखंड के संबंधित पदाधिकारियों से बात कर कुछ समस्यायों का मौके पर ही निदान करा दिया। शेष समस्याओं के यथाशीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान दिव्यांगों ने कई रचनात्मक सुझाव भी दिये।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉ संतोष मिश्रा व दिनेश उरांव मौजूद थे। उन्होंने दिव्यांगों के लिए रेलवे में रियायती टिकट, दिव्यांगता प्रमाणन बोर्ड, सर्टिफिकेट प्रक्रिया, आई कार्ड आदि को लेकर विस्तार से बताया। समाज कल्याण विभाग की प्रतिनिधि प्रतिमा कुमारी ने व्हीलचेयर, हियरिंग एड आदि के बारे में जानकारी दी। सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के शुग लाल ने पेंशन संबंधी प्रश्नों का उत्तर दिया। मौके पर ट्राई साइकिल, स्वरोजगार सहायता, आवास तथा राशन कार्ड से संबंधित ज्यादा मामले आए। जन्मजात मूक बधिर चंदन ठाकुर ने आवास की जरूरत बताई। नवाडीह के सत्येंद्र नाम ने कहा कि राशन कार्ड बनवाने में दिक्कत आ रही है। सुनीता कुमारी व कैलाश कुमार ने बताया कि उन्हें पेंशन तो मिलती है, किंतु उन्हें ट्राई साइकिल की जरूरत है। देवेंद्र कुमार मेहता ने बताया कि पोलियो ग्रस्त होने के बाद भी उनका प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है।

एसडीएम संजय कुमार ने दिव्यांगजनों के लिए कार्यरत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 14456 के बारे में बताया। कहा कि जब भी उन्हें कोई दिक्कत हो वे इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में लोकोमोटिव, दृष्टि बाधित, मूक-बधिर, न्यूरो, पिजन चेस्ट जैसी दिव्यांगता से प्रभावित 71 महिला-पुरुषों ने भाग लिया।

### उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 300 किलो अवैध जावा महुआ को किया नष्ट



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**सरायकेला।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान जारी है। सरायकेला उत्पाद अधीक्षक के निदेशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को गम्हरिया थाना क्षेत्र के मुगार्गुद्दू में शराब अड्डे पर छापेमारी की गई। इस दौरान 300 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया और 20 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। जिसके बाद अवैध शराब का संचालन करने वाले दो लोगों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ इसी तरह की छापेमारी जारी रहेगी और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि अगर कहीं अवैध शराब का निर्माण या बिक्री हो रही हो तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें।

## सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह ने हजारीबाग यूथ विंग को किया सम्मानित

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था हजारीबाग यूथ विंग को बुधवार को सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लड बैंक के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार, आर खैरी भी मौजूद रहें, हाल ही में संस्था द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 221 यूनिट रक्त संग्रह करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर सिविल सर्जन ने अपनी ओर से टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह ने कहा की रक्तदान एक महादान है, जो न सिर्फ जरूरतमंदों की जिंदगी बचाता है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।



हजारीबाग यूथ विंग ने जिस समर्पण और संगठन के साथ यह रक्तदान शिविर आयोजित किया, वह सराहनीय है। हर सामाजिक संस्था को इस तरह के कार्यों में योगदान देना चाहिए। हम इस प्रयास की जितनी प्रशंसा करें, वह कम होगी। पूरी टीम को मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई और रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। हजारीबाग यूथ विंग लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, कार्यक्रम और अन्य मानवीय कार्यों का आयोजन करती रही है।

संस्था के सदस्यों ने इस उपलब्धि को एक सामूहिक प्रयास बताया और भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया। इस सम्मान पर संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा की हमारा मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना और युवाओं को समाज सेवा के प्रति प्रेरित करना है। रक्तदान शिविर में युवाओं और समाज के सभी वर्गों का जोश और सहयोग देखकर हमें गर्व महसूस हो रहा है। यह सम्मान हमारे पूरे संगठन और उन सभी रक्तदाताओं के प्रयासों की सराहना है, जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया।

### खंडेलवाल महिला संघ ने मनाई ठाकुरजी की वृंदावन होली

**हजारीबाग।** खंडेलवाल महिला संघ द्वारा ठाकुरजी की वृंदावन होली का भव्य आयोजन शहर के बड़ा अखाड़ा के समीप स्थित अतिथि भवन में संपन्न हुआ। यह आयोजन पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया गया, जिसमें संघ की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ठाकुरजी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरूआत राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापना और विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने फूलों की होली खेलकर उत्सव का आनंद लिया। भक्ति रस से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने रंग बरसे, होली खेलैं रघुवीरा जैसे पारंपरिक भजनों पर झूमते हुए होली का उत्सव मनाया।


## विधानसभा में गूंजा हजारीबाग का जल संकट, विधायक प्रदीप ने सरकार को घेरा

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य में पेयजल संकट, खराब चापाकल और अधूरी जलापूर्ति योजनाओं को लेकर सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता के कारण हजारों परिवार पीने के पानी के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा।

विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में सरकार ने स्वीकार किया कि झारखंड में कुल 1,81,823 चापाकल हैं, जिनमें से 40,376 खराब पड़े हैं। हजारीबाग जिले में ही 535 से अधिक चापाकल बंद हैं, जिससे हजारों ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। सरकार ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 19,918 चापाकलों की मरम्मत की योजना बनाई गई है, लेकिन यह पूरी स्थिति के मुकाबले बहुत कम है।

इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार को सभी खराब चापाकलों की मरम्मत सुनिश्चित करनी चाहिए और जिन इलाकों में पानी की उपलब्धता नहीं है, वहां नए चापाकलों और जलापूर्ति योजनाओं की व्यवस्था करनी चाहिए।




हजारीबाग सदर क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए रु 416.56 करोड़ की लागत से बनाई गई जलापूर्ति योजना 2024 तक पूरी होनी थी, लेकिन यह आज भी अधूरी है। जलमग्न एक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण में देरी। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण वन विभाग की एन ओ सी न मिलने के कारण रुका। एन एच ए आई से एन ओ सी न मिलने के कारण 11.35 किमी पाइपलाइन का कार्य ठप। डीवीसी से मंजूरी लंबित रहने के कारण इंटेक वैल का निर्माण अधर में। इस पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने नाराजगी जताई और सरकार से जल्द से जल्द सभी लंबित कार्यों को पूरा करने की मांग की। राज्य के सभी खराब चापाकलों की तत्काल मरम्मत हो।

- हजारीबाग की जनता के अधिकारों की रक्षा करना मेरी प्राथमिकता
- यदि सरकार समय पर काम नहीं करती, तो हमें मजबूरन सड़क पर उतरना होगा

हजारीबाग जलापूर्ति योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर शीघ्र पूरा किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। जहां जल आपूर्ति की कमी है, वहां नई योजनाएं लागू की जाएं।विधानसभा में सरकार से जवाब मांगने के बाद विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे जनता के साथ मिलकर बड़ा कदम उठाएंगे उन्होंने कहा कि जल संकट झेल रही जनता को उनका अधिकार दिलाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में कोई भी जल संकट से जुड़ी समस्या है, तो वे उनसे सीधे संपर्क करें।

उन्होंने आश्वासन दिया कि हर शिकायत को प्राथमिकता के साथ विधानसभा में उठाया जाएगा और समाधान के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

## संक्षिप्त

### टोल प्लाजा के पास चला वाहन जांच अभियान

**बोकारो।** चास मुफ्फसिल थाना एवं एनएच-23 स्थित बालीडीह टोल प्लाजा के पास जिला परिवहन विभाग की ओर से डीटीओ वंदना शेजवलकर के नेतृत्व में बुधवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 वाहनों से 3.50 लाख रुपए जुमार्ना वसूल किया गया। इस दौरान डीटीओ ने कहा कि करीब-करीब 40 से अधिक वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 15 वाहनों को दोषी पाया गया, जिनसे 3.50 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। उन्होंने कहा कि रिफलेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल सहित ट्रैक्टर का निबंधन फेल होने को लेकर उक्त वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया एवं कुछ वाहनों को सीज किया गया।

### भूमि विवाद समाधान दिवस का आयोजन

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में भूमि विवादों के समाधान के लिए प्रत्येक बुधवार को भूमि विवाद समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार यह शिविर जिले के 12 थानों में आयोजित किया गया। इस दिन भूमि से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सुनवाई की गई और फरियादियों से आवेदन प्राप्त किए गए। इन शिविरों में अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. आज के शिविर में उलीडीह थाना, मुसाबनी थाना, धालभूमगढ़ थाना, पोटका थाना, गुड़ाबांदा थाना, बड़सोल थाना, चाकुलिया थाना, बोडाम थाना, डुमरिया थाना, गालूडीह थाना, पटमदा थाना और सुंदरनगर थाना परिसर में भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान भूमि सीमांकन, नामांतरण, भूमि दखल, म्यूटेशन आदि से संबंधित 52 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया।

### शिक्षकों के बीच बांटे गए टैबलेट

**जमशेदपुर।** बुधवार को जिले के 196 सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट सौंपे गए. यह कार्यक्रम बीआरसी साकची आमबागान में आयोजित किया गया, जहां मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) मनोज कुमार और जिला शिक्षा सुपरवाइजर (डीएससी) आशीष पांडे उपस्थित रहे। इस कदम से शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा दिया जा रहा है। डीईओ मनोज कुमार ने बताया कि इस पहल से विद्यालयों में सभी रिपोर्टिंग कार्य अब डिजिटल माध्यम से होंगे। टैबलेट का उपयोग बच्चों के पठन-पाठन, शिक्षकों के प्रशिक्षण, और उनकी उपस्थिति दर्ज करने के कार्यों में किया जाएगा। इसके साथ ही, स्कूलों की कार्यप्रणाली की मॉनिटरिंग भी आसान हो जाएगी, जो शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी।

# विधायक श्वेता के साथ फोन पर चिल्लाने लगीं बोकारो डीसी

## कहा- अपने दायरे में रहिए, झारखंड विधानसभा में गूंजा मामला

- संसदीय कार्य मंत्री ने स्वीकार की शिकायत
- चंदनकियारी विधायक उमाकांत ने भी किया समर्थन, वीडियो वायरल



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव एक बार अपने बर्ताव को लेकर सुर्खियों में हैं। जनप्रतिनिधि के साथ उनके कथित दुर्व्यवहार का मामला लोकसभा के साथ-साथ अब विधानसभा में गूंजा है। सांसद और विधायकों से उनका टकराव पूरे राज्य में फिर चर्चा का विषय बन गया है।

बुधवार को झारखंड विधानसभा में बोकारो विधायक श्वेता सिंह के साथ उनका बुरा व्यवहार और अमर्यादित तरीके से बातचीत गूंजा। इसमें उनका समर्थन चंदनकियारी के विधायक उमाकांत रजक ने भी किया। इसके पश्चात संसदीय कार्य मंत्री के नाते राधाकृष्ण किशोर ने श्वेता सिंह की शिकायत को स्वीकार करते हुए कहा कि सरकार अपने विधायकों के विशेषाधिकार की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि बोकारो विधायक को वहां की डीसी ने हर्ट किया है।

गौरतलब है कि बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने विधानसभा में चर्चा के दौरान बोकारो के उपायुक्त विजया जाधव के व्यवहार की निंदा विशेष रूप से की। उन्होंने कहा कि डीसी ने फोन कॉल पर जिस ढंग से उनसे बात की, वह सही नहीं था। उनका व्यवहार अमर्यादित था। उन्होंने डीसी विजया जाधव पर अवमानना का मामला लाने की मांग की। कहा कि किसी समस्या को लेकर जब उन्हें फोन किया गया, तो वह उन पर चिल्लाने लगीं और उन्हें ही उनका दायरा बताने लगीं। उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त की और एक जनप्रतिनिधि के साथ इसे अवमानना बताया। उन्होंने दुखी भाव से कहा- सदन बताए कि किसी समस्या को लेकर विधायक डीसी से बात करें या नहीं? इसमें चंदनकियारी विधायक ने समर्थन किया और इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए इसे उदंडता करार दिया। उमाकांत ने कहा कि ऐसे मामलों पर सदन को ठोस कदम उठाना चाहिए। विधायकद्वय ने स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो को संबोधित करते हुए यह शिकायत की, जिसके बाद स्पीकर ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री इसके बारे में कहेंगे। इसके बाद जवाब में संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि पक्ष हो या विपक्ष, सभी विधायकों के मान-सम्मान की रक्षा का ध्यान सरकार करेंगी। विधानसभा में इस संवाद का वीडियो देखते ही देखते ही पूरे राज्य में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### ढुल्लू महतो के साथ भी हुई थी भिड़ंत

गौरतलब है कि विगत 19 जुलाई 2024 को दिशा की बैठक के दौरान शंकर रवानी हत्याकांड को लेकर चर्चा उठाए जाने के क्रम में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के साथ डीसी विजया जाधव की मौखिक भिड़ंत हुई थी। तत्कालीन एसपी पूज्य प्रकाश को जब सांसद ने फटकारा था, तो डीसी ने सांसद को लोकतांत्रिक मयार्दा का पाठ पढ़ा दिया था। बाद में सांसद ढुल्लू ने कथित तौर पर इसकी शिकायत संसद में की थी।

### पत्र लिखकर भी की कार्रवाई की मांग

बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने एक पत्र लिखकर भी झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए कार्रवाई की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा- सादर निवेदन है कि दिनांक - 05/03/2025 को मैंने अपने विधानसभा क्षेत्र संबंधी कुछ समस्याओं को लेकर उपायुक्त बोकारो से फोन पर संपर्क किया था। दुर्भाग्यवश, उपायुक्त द्वारा उस संवाद में न केवल अनुचित व्यवहार किया गया, बल्कि उन्होंने चिल्लाकर अशिष्टता से - अपने दायरे में रहिए- जैसा अशोभनीय शब्द का इस्तेमाल करते हुए फोन काट दिया। इस प्रकार के व्यवहार से जनप्रतिनिधि के सम्मान को गहरी ठेस पहुंची है। विधायक श्रीमती सिंह ने आग्रह करते हुए कहा कि इस मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने का कष्ट करें, ताकि जनप्रतिनिधियों के विशेषाधिकार की रक्षा हो सके।

## कूलिंग पौंड में महिला का शव बरामद प्रेम-प्रसंग में आत्महत्या का अंदेशा



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बुधवार सुबह हरला थाना क्षेत्र के कूलिंग पौंड नंबर दो में करीब 25 वर्षीय एक महिला का शव बरामद किया गया। बताया जाता है कि सुबह-सुबह टहलने पहुंचे लोगों ने पौंड में उपलाते हुए शव को देखा तो इसकी जानकारी हरला पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। शव बाहर निकला तो उसके गले में हेडफोन पाया गया। शव देखने से प्रतीत हो रहा था कि महिला की एक-दो दिन पहले ही मौत हुई है। गले में हेडफोन देखकर आशंका जताया जा रहा है कि संभवतः युवती ने प्रेम-प्रसंग में पौंड में छलांग लगाकर आत्महत्या की होगी। पुलिस शव का मुआयना की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। मौजूद भीड़ ने भी जब शव को नहीं पहचाना तो पुलिस अपने कब्जे में ले ली। साथ ही शव का फोटो आसपास के थाना व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भेजी गई। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी अनिल कच्छप ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही महिला के मौत के कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल पुलिस इसकी पहचान के लिए जुटी हुई है।

### बाइक की डिक्की से चोर उड़ा ले गए 49 हजार रुपए

**बोकारो।** जिले के कथारा मोड़ स्थित पवन म्यूजिक सेंटर दुकान के समीप बुधवार की दोपहर करीब 1:30 बजे दूधमटिया निवासी गौतम कुमार के बाइक की डिक्की से उचक्कों ने रुपए से भरी थैली निकालकर भाग गए। घटना से दूधमटिया निवासी सह सीसीएल कर्मी रामेश्वर रविदास की पत्नी पार्वती देवी एवं छोटा बेटा गौतम कुमार सदमे में हैं। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कथारा ओपी प्रभारी राजेश कुमार प्रजापति व बोकारो थर्मल थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। घटना के संबंध में पार्वती देवी ने बताया कि अपने बेटे गौतम के साथ भारतीय स्टेट बैंक की कथारा शाखा से उन्होंने 49 हजार रुपए का निकासी की थी। सौ-सौ के नोट होने के कारण उन्होंने पैसे को एक थैली में भरकर बाइक की डिक्की में रख दिया। बैंक से निकलने के बाद कथारा मोड़ स्थित एक दुकान के समीप बाइक खड़ी कर बेटा मिठाई एवं अन्य सामग्री लेने चला गया। वह कुछ मिनट तक बाइक के पास खड़ी रही, लेकिन धूप से बचने के लिए 5 से 6 कदम की दूरी पर शेड के नीचे बैठ गई। बेटा कुछ देर के बाद जब आया तो उसके साथ वहां से निकलकर दो नंबर कॉलोनी तक गई। इस दौरान जब डिक्की में देखा तो पैसों से भरी थैली गायब थी।

## बीएसएल की महिलाकर्मियों के लिए हुए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 08 मार्च को मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2025 की थीम एक्सीलेरेट एक्शन महिलाओं के अधिकारों को तेजी से सुनिश्चित करने पर जोर देती है। इस पृष्ठभूमि में बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है, जिसके माध्यम से इस मुहिम को आगे ले जाने में बीएसएल अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बोकारो स्टील प्लांट में महिला समिति संचालित स्वावलंबन केंद्र में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में महिलाओं के अधिकारों के विषय पर 'आकांक्षा' नामक एक टॉक शो का आयोजन किया गया। सुडोकू, गोलमाल है तथा खेलकूद एवं उड़ान जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुडोकू प्रतियोगिता प्रतिभागियों के संख्यात्मक और तार्किक कौशल पर आधारित थी तथा गोलमाल है प्रतियोगिता रोचक और हल्की-फुल्की गतिविधियों व खेलों के माध्यम से अंतर-टीम संचार और एकजुटता को बढ़ावा देने का एक प्रयास था।

### टेल्को में महिला से चेन लूटकर फरार हुए बदमाश

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र के चिन्मया स्कूल के पास मंगलवार रात एक महिला से चेन लूटकर बदमाश फरार हो गए. वारदात के दौरान स्कूटी सवार महिला राखी सिंह (टेल्को आस्था ट्विन सिटी निवासी) गिर गई, जिससे उनके हाथ में खरोंच आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काले रंग की पल्सर बाइक पर सवार दो बदमाशों ने लूट को अंजाम दिया। बाइक चला रहे युवक ने हेलमेट पहना था, जिससे उसकी पहचान मुश्किल हो गई। घटना के बाद शोर मचाने पर लोग जुटे, लेकिन लुटेरे भागने में सफल रहे। घायल महिला का पास के मेडिकल स्टोर में इलाज कराया गया। पुलिस को मामले की सूचना दी गई है, और बदमाशों की तलाश जारी है।

## 35 साल बाद लापता युवक पहुंचा अपनों के पास

### छलक पड़े खुशी के आंसू, 15 वर्ष की उम्र में दिल्ली चला गया था महबूब

कुमार संजय

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित राजा बाजार निवासी स्व. मो. माशूक एवं स्व. जमीला खातून के 50 वर्षीय लापता पुत्र मो. महबूब आलम 35 वर्षों बाद बुधवार को अचानक से अपने घर पहुंच गए।



अपनों के बीच पाकर महबूब सहित घर के सभी अपनों की आंखों से आंसू झलक पड़े, वहीं दूसरी ओर महबूब को इस बात का मलाल था कि बीते पैंतीस वर्षों के दौरान उसके अब्बू और अम्मी का इंतकाल बेटे के लौट आने की उम्मीद में हो चुका था। महबूब 15 वर्ष की आयु में अपने घर से अब्बू और अम्मी को दिल्ली में रहने वाले अपने चाचा के पास जाने की बात कहकर वर्ष 1990 में घर से निकला था, परंतु वह दिल्ली अपने चाचा के पास नहीं जाकर मुंबई कमाने चला गया। मुंबई जाकर उसने नरीमन प्वाइंट स्थित बिरयास रेस्टोरेंट में काम करना शुरू कर दिया। राजा बाजार निवासी समाजसेवी मंजूर आलम द्वारा पूछे जाने पर महबूब का कहना था कि बीते पैंतीस वर्षों में कई बार अपने अब्बू-अम्मी एवं भाई सहित अन्य परिजनों की याद आती थी तो घर जाने का दिल करता था, परंतु चाहकर भी घर नहीं लौट पाया। इस बीच डीवीसी के कोऑपरेटिव बस में बतौर चालक काम करने वाले महबूब के अब्बू मो. माशूक उर्फ खान साहब का 2001 में तथा अम्मी जमीला खातून का इंतकाल 2011 में हो गया। महबूब का कहना था कि एक ओर घर लौट आने की खुशी हो रही है, तो दूसरी ओर माता-पिता के नहीं रहने की काफी कमी महसूस हो रही है। कहा कि उसे कदापि उम्मीद नहीं थी कि वे दोनों अब नहीं होंगे। महबूब की भाभी आबदा खातून, भाई मो. मतलू अहमद एवं भतीजी तरन्नुम परवीन का कहना है कि सही मायने में रमजान के पाक महीने में उन्हें ऊपर वाले ने खुशी दी है और इस बार की ईद भी सभी के साथ मनाने का एक अलग ही आनंद होगा। उपरोक्त सभी का कहना था कि काश आज अब्बू और अम्मी भी जिंदा होते तो कितना खुश होते। बताया जाता है कि महबूब का एक और भाई मो. मुमताज 2003 से लापता है और उसकी भी कोई खोज खबर आज तक परिजनों को नहीं मिली है।

### श्यामा माई मंदिर में होली महोत्सव के साथ बहने लगी भागवत-ज्ञान की रसधार

## भागवत दृष्टि रखकर ही जीवन में सुखी को पाना संभव : गोविंद कृष्ण शास्त्री




प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** मैथिली कला मंच, कालीपूजा ट्रस्ट के तत्वावधान में एक बार फिर फाल्गुन में श्रीमदभागवत कथा का अनूठा सम्मिलन शुरू हुआ। नगर के सेक्टर-2डी स्थित काली मंदिर (श्यामा माई मंदिर) में होली महोत्ससव के साथ-साथ श्रीमद्भागवत कथा रस वृष्टि का आयोजन बुधवार को विधिवत शुरू हो गया। इसके पूर्व, मंगलवार को कलशयात्रा के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ था। रंगों की फुहार वाले त्योहार होली में एक बार फिर भागवत ज्ञान के रस में सराबोर करने भागवत भास्कर कृष्णचंद्र ठाकुर जी महाराज के कृपापात्र शिष्य व्यास विग्रह गोविंद कृष्ण शास्त्री जी महाराज मथुरा के वृंदावन धाम से पहुंचे हैं। मंदिर प्रांगण में 10 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 से संध्या 7 बजे तक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 11 मार्च को प्रातः 9 बजे से कथा का पूणार्हुति होगी।

बुधवार को कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गोविंद कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने गीत-संगीत के साथ आत्मदेव नामक ब्राह्मण और उसकी पत्नी धुंधली की कथा का वर्णन करते हुए भागवत ज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में अगर हम सुखी होना चाहते हैं, तो हमें भागवत दृष्टि रखनी होगी। इसके लिए उक्त प्रसंग सुनाते हुए श्री शास्त्री ने कहा कि तुंगभद्रा नदी के किनारे के एक गांव था, जहां आत्म देव नाम का एक ब्राह्मण और उसकी पत्नी धुंधली रहती थी। आत्म देव तो सज्जन था, लेकिन उसकी पत्नी दुष्ट प्रवृत्ति की थी। आत्म देव बहुत उदास रहता था, क्योंकि उसकी कोई संतान नहीं थी। इससे वह हताश रहते थे। एक दिन जंगल की तरफ वह आत्महत्या करने निकल गए। रास्ते में उन्हें में एक ऋषि मिले। उन्हें आत्म देव अपनी कहानी सुनाकर रोने लगा। बाद में कैसे ऋषि ने उसे फल दिया, किस प्रकार धुंधली ने गर्भवती होने का नाटक किया, अपनी बहन की संतान को अपना बताया और छल से गाय को ऋषि द्वारा दिया गया फल खिलाए जाने के बाद गाय द्वारा मनुष्य बालक गोकर्ण के जन्म देने की कहानी का उन्होंने वर्णन किया। धुंधली की बहन का पुत्र धुंधकारी, जिसे वह अपनी संतान बता रही थी, किस प्रकार अनैतिक कार्यों में रहता था और अपने पिता को ही मारता-पीटता था, इसका सुंदर व मार्मिक तरीके से संगीतमय प्रस्तुतीकरण शास्त्रीजी ने किया। अपने दुखी पिता आत्म देव को देख गोकर्ण उनके पास आया और उनको वैराग्य जीवन जीने के लिए कहा। उसी ने बताया कि संसार में हम बस भागवत दृष्टि रखकर ही सुखी हो सकते है।

## सॉफ्ट टॉय मेकिंग कार्यक्रम के माध्यम से सशक्त हो रहीं महिलाएं



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** डीबीएल की सीएसआर शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन ने ग्रामीण आजीविका प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई), बोकारो के साथ मिलकर गोराबाली उत्तरी पंचायत भवन में 13 दिन का सॉफ्ट टॉय बनाने का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को हस्तकला कौशल सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस प्रशिक्षण में कुल 35 महिलाओं ने भाग लिया, जिन्हें प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। समारोह में डीसीबीएल बोकारो के यूनिट हेड सुनील कुमार के भुसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही, आरसेटी बोकारो के निदेशक सुमन प्रभात एक्का और गोराबली उत्तरी पंचायत के मुखिया बालेश्वर सिंह राठौर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके अलावा, डीसीबीएल बोकारो के प्रगति क्लब के सभी सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और प्रशिक्षार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को लेकर सुनील भुसारी ने कहा कि डालमिया भारत ग्रामीण समुदायों को कौशल-आधारित प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## इंस्पायर मानक अवार्ड में डीपीएस बोकारो का दबदबा बरकरार

### 4 विद्यार्थियों ने फिर मारी बाजी, नवोन्मेषी आविष्कार पूरा करने को भारत सरकार देगी प्रोत्साहन राशि



प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपनी कुशल वैज्ञानिक प्रतिभा का परचम लहराया है। स्कूली छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता और वैज्ञानिक नवोन्मेषता (नवीन सोच) को बढ़ावा देने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर मानक अवार्ड योजना में लगातार इस साल भी डीपीएस बोकारो का दबदबा बरकरार रहा।

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विद्यालय के चार विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। इनमें सातवीं कक्षा की छात्रा श्रेष्टा चतुर्वेदी, कक्षा - 8 की आयुषी शर्मा, नौवीं कक्षा के छात्र आरुष प्रियदर्शी तथा 10वीं के कृष वर्मा के नाम शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक विद्यार्थी को भारत सरकार की ओर से जिला-स्तरीय प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के लिए अपना नवोन्मेषी आविष्कार तैयार करने के निमित्त 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन सह सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। सभी को सरकार की तरफ से प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं। इस वर्ष इंस्पायर मानक अवार्ड योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालय के चारों छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आविष्कार कर समाजहित, राष्ट्रहित व जनहित की दिशा में महत्वपूर्ण नवाचार का प्रदर्शन किया है। श्रेष्टा चतुवेर्दी ने वेब एवं मोबाइल आधारित वाटर मैपिंग मॉनिटरिंग सिस्टम इजाद किया है। सैटेलाइट तकनीक के जरिए इसकी मदद से जल-संसाधन तथा इसकी कमी आदि का पता लगाया जा सकेगा। इसी प्रकार आयुषी शर्मा ने बीच रास्ते वाहन चालकों को झपकी आ जाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण आविष्कार किया है। दृष्टि दीपक- एंटी स्लीप ग्लासेज व्हाईल ड्राइविंग नामक इस प्रोजेक्ट के लिए उसे योजना में चुना गया, जिसमें चालकों की आंखों की पलक झपकने की गतिविधि पर सेंसर काम करता है। आयुषी इसके पहले भी स्कूली छात्राओं के लिए बायोमेट्रिक तकनीक आधारित सैनिटरी पैड बॉक्स प्रोजेक्ट के लिए इंस्पायर मानक में चयनित हो चुकी है। वहीं, आरुष प्रियदर्शी ने दोपहिया वाहन चालकों को बारिश और धूप से बचाव के लिए मोड़ने योग्य छाता बनाने का प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया है। जबकि, कृष वर्मा ने दृष्टिबाधित लोगों के लिए एक ऐसा हेडबैंड तैयार किया है, जो उसे पहनने वाले को रास्ते में पड़ने वाले अवरोधक, शरीर से उसकी दूरी, उसके आकार और लंबाई आदि के बारे में कान में छोटे स्पीकर के जरिए बता देगा।

### बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा निखारने को ले विद्यालय कटिबद्ध : प्राचार्य डॉ. गंगवार

अपने स्कूल के विद्यार्थियों को पुनः यह सुअवसर मिलने पर प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने प्रसन्नता व्यक्त की है। बुधवार को उन्होंने चयनित सभी छात्र-छात्राओं को उक्त योजना के आगामी चरणों के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए पूरे मनोयोग के साथ काम करने और विद्यालय का नाम रोशन करने का संदेश दिया। प्राचार्य ने कहा कि डीपीएस बोकारो परिवार अपने अनुभवी व दक्ष शिक्षकों की सहायता से विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का हर अवसर प्रदान करता रहा है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि हमारे छात्र-छात्राओं में नवाचार, रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की विद्यालय की प्रतिबद्धता दशार्ती है। इस अवसर पर उक्त विद्यार्थियों के गाइड टीचर मो. ओबैदुल्लाह अंसारी भी उपस्थित थे। विदित हो कि विगत चार वर्षों से लगातार डीपीएस बोकारो के विद्यार्थी इंस्पायर मानक के लिए चयनित हो रहे हैं। स्कूल का छात्र रहे रूपेश कुमार को इंस्पायर मानक के तहत जापान टूर और प्रोजेक्ट पेटेंट के लिए हाल ही में चयनित किया गया है। गत वर्ष अभिनीत शरण नामक छात्र भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा था।

## रोटरी क्लब चास ने डीएस प्लाजा में लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा पीपीएच कार्यक्रम के अंतर्गत आम लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। जांच शिविर बाईपास रोड स्थित डीएस प्लाजा में लगाया गया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि अब लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक शिक्षित और जागरूक हो रहे हैं। जांच शिविर में डॉक्टर सुमन ने कहा कि किसी बीमारी का इलाज करने की तुलना में उसे रोकना बेहतर होता है। इसलिए नियमित जांच जरूरी है। डॉक्टर सुमन ने कहा कि नियमित जांच बेहतर परिणाम और लंबी उम्र में योगदान देता है। डॉ श्रवण ने जांच करते हुए कहा कि लोग समस्या होने पर डॉक्टर के पास जाते हैं, लेकिन नियमित जांच से समस्या का निदान संभव है। डॉ श्रवण ने कहा कि समग्र स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच आवश्यक है, लेकिन अक्सर इसे हम अनदेखा कर देते हैं। नियमित जांच से समस्याओं का जल्द पता चल जाता है। कार्यक्रम के संयोजक भवनीत सिंह बिंद्रा ने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ नियमित जांच आवश्यक हो जाती है और नियमित जांच का प्रकार भी बदल जाता है। सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य जांच अभियान के तहत यह चौहदवा जांच शिविर है। मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 60 लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गई। कई लोगों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। उन्हें चिकित्सीय सलाह भी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय बैद, पूजा बैद, डिंपल कौर, मंजीत सिंह, ललिता चोपड़ा, जसप्रीत कौर, शैल रस्तोगी, श्वेता रस्तोगी, हरबंस सिंह, प्रेम कुमार, मनोज चौधरी, विनय सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज-ए-सियासत


निर्मल रानी

**सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुजर रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नजर नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया? इस तरह के ढुलमुल फैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर जरूर पड़ेगा। सच तो यही है कि कांशी राम की विरासत के रूप में मिले व्यापक जनाधार वाले राजनैतिक दल को मायावती की तर्ज-ए-सियासत के चलते काफी नुकसान हुआ है।**

दशक 1980 में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85 : 15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था - वोट हमारा, राज तुम्हारा - नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज होता गया। यहाँ तक कि 'तिलक, तराजू और तलवार जैसा 'अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि - 'मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी कतार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी।' तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके 'क्रन्तिकारी ' व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे।

कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी



चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी ' के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन, वही पार्टी अब सत्ता, वैभव, आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नजर आने लगी। यहाँ तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिये बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस 'मनुवादी ' व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की जरुरत महसूस हुई तो तिलक, तराजू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा - हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था।

परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गयीं। कभी अपने को जिंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नजर आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रुपए वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमायें लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नजर आयी थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नजर ही नहीं आया। और आखिरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बखूबी वाकिफ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी 'इंडिया' गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की 'बी' टीम बता डाला। जबकि देश देख रहा है कि इस समय देश में सत्ता, भाजपा व संघ के विरुद्ध जितना राहुल गाँधी मुखर हैं उतना कोई नहीं जबकि मायावती के रवैये से तो पता ही नहीं चलता की वे विपक्ष में हैं या सत्ता के साथ?

सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुजर रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नजर नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया? इस तरह के ढुलमुल फैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर जरूर पड़ेगा। सच तो यही है कि कांशी राम की विरासत के रूप में मिले व्यापक जनाधार वाले राजनैतिक दल को मायावती की तर्ज-ए-सियासत के चलते काफी नुकसान हुआ है।

## संपादकीय

### जिक्र न था फसाने में

जरात पुलिस की खिंचाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संविधान के अस्तित्व के 75 साल बाद भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी को कम से कम अब पुलिस को समझना चाहिए। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इस साल की शुरूआत में जामनगर में शादी समारोह में भाग लेने के बाद इंस्टाग्राम पर वीड़ियो पोस्ट किया। इसमें बैकग्राउंड़ में कविता है-ए, खून के प्यासे बात सुनो। कविता के इन शब्दों को आपत्तिजनक माना गया। पीठ ने इमरान द्वारा दायर अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसने उनके खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इंकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि पुलिस को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। गुजरात की तरफ से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता के यह कहने पर कि लोगों ने इसका अर्थ अलग-अलग तरीकों से समझा होगा। इसे सड़क छाप टाइप की कविता ठहराने पर अदालत ने कहा कि अब किसी को रचनात्मकता का सम्मान नहीं है। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढक्षे पर धारा 196 (धर्म, जाति, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भावना के लिए हानिकारक काम करना) 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक दावे, 299 (जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण कार्य, किसी धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान), 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से कुछ बोलना), 57 (आम जनता या दस से ज्यादा लोगों को अपराध के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया जिससे पहली नजर में स्पष्ट है कि विपक्षी दल के नेता के खिलाफ निजी वैमनस्यता और पूर्वाग्रहीत कारणों से जबरन मामले को गंभीर बनाने की कोशिशें की गई हैं। धर्म के आधार पर देशवासियों के दरम्यान गहरी खाई पैदा करने वाली विचारधारा ने समाज में संकीर्णता को प्रोत्साहित करने का काम किया है, जो बाल की खाल निकाल कर असहिष्णुता और नकारात्मकता फैलाने का काम करने में मशगूल है। उक्त मिसरा के शायर फैज का शेर यहां सटीक बैठता है-सारे फसाने में जिसका जिक्र न था/वो बात उनको बहुत नागवार गुजरी। रही बात पुलिस की तो उसकी खाकी को खौफ का पर्याय बनाने में राजनेताओं का बड़ा हाथ है। ऐसे में उनसे संवेदनशीलता और समझदारी की उम्मीद बमुश्किल ही की जा सकती है।

### सूक्ति

जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।
- स्वामी भजनानंद

सबसे उत्तम विजय प्रेम की है जो सदैव के लिए विजेताओं का हृदय बाँध लेती है।
-सम्राट अशोक

### चिंतन-मनन

### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ।

उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा।

उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड़ितों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।


# शेयर बाजार की गिरावट रोकने के लिए जगाना होगा सेबी पर भरोसा


सनत कुमार जैन




पांच महीने से ज्यादा हो गए, शेयर बाजार में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले कुछ सालों में जिस तरह से शेयर बाजार का फुग्गा फुलाया गया था, पिछले 5 महीने में तेजी के साथ उसकी हवा निकल रही है। शेयर बाजार में अभी तक निवेशकों को 95 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से बाहर निकलना शुरू किया। अब देसी निवेशक भी बड़ी संख्या में शेयर बाजार से शेयर बेचकर बाहर निकल रहे हैं। छोटे-छोटे देसी निवेशकों का मोह भी बुरी तरह से भंग हुआ है। शेयर बाजार को लेकर पहली बार निवेशकों में यह धारणा बनी है। संगठित रूप से उनके साथ लूट की जा रही है। जब हिंडनवर्ग की रिपोर्ट आई थी। उस समय भारतीय शेयर बाजार की गड़बड़ियों को उजागर किया गया था। सेबी ने उसको संज्ञान में नहीं लिया। शार्ट सेलिंग के जरिए कैसे शेयर के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा जिस तरह की धोखाधड़ी शेयर बाजार में की जा रही थी। इसका खुलासा हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुआ था। शॉर्ट सेलिंग के लिए अवैध रूप से विदेशी कंपनियों का धन शेयर बाजार में अवैधानिक रूप से लगाया गया था। इसका खुलासा होने के बाद सेबी ने कोई जांच नहीं की। सुप्रीम कोर्ट ने भी जांच में लीपापोती करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जिसके कारण विदेशी निवेशकों का रुझान भारतीय शेयर बाजार से उठने लगा। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लाभ पर जिस तरीके से लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन की वसूली की जा रही है, उसने भी निवेशकों का आकर्षण भारतीय शेयर बाजार से कम कर दिया है। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो के निवेशकों पर टैक्स लगता है। कई देशों में इस तरह का टैक्स नहीं है। जिसके कारण कैपिटल गैन के कारण विदेशी निवेशकों का पलायन भारतीय शेयर बाजार से अन्य देशों के शेयर बाजार में निवेश होना शुरू हो गया है। पिछले 5 महीने में विदेशी निवेशकों ने 3 लाख करोड रुपए की बिकवाली की है, जिसके कारण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 15 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। कंसल्टेंसी और एकाउंटिंग से जुड़े अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैक्सेशन के कारण विदेशी निवेशकों का मोह भारतीय शेयर बाजार से भंग हो गया है। देसी निवेशक भी कैपिटल गेन टैक्स की वसूली से नाराज हैं। भारतीय निवेशक शेयर बाजार से निवेश निकालकर सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। जिसके कारण बाजार में लगातार बिकवाली और गिरावट देखने को मिल रही है। अर्थ विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को विदेशी निवेशकों से कैपिटल गेन टैक्स की वसूली का प्रावधान तुरंत समाप्त करना चाहिए। 2024 के बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कैपिटल गेन टैक्स की दर ढाई फीसदी से लेकर 5 फीसदी तक बढ़ा दिया गया था। बाजार नियामक संस्था सेबी की कार्यप्रणाली पर निवेशकों का भरोसा खत्म हो गया है। सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के ऊपर बड़े गंभीर आरोप हैं। वह जेपीसी के सामने प्रस्तुत नहीं हुई। केंद्र सरकार के संरक्षण और आरोपों की जांच नहीं होने से निवेशकों का विश्वास शेयर बाजार मे नही रहा। हाल ही में वित्तीय संस्थाओं द्वारा शेयर बाजार की गिरावट रोकने के लिए निवेश किया गया। वह बाजार में कुछ ही घंटे के अंदर बाहर निकल गया। निवेशकों के बीच बाजार से निकलने की होड़ लगी हुई है। शेयर बाजार से जुड़े निष्पक्ष अर्थशास्त्रियों का कहना है, सरकार को सेबी की कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाना होगा। सेबी के अधिकारियों को सजग और जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। शेयर बाजार को हवा भरकर फुलाया जा रहा था। सेबी को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी थी। सेबी ने आम निवेशकों के हित में काम नहीं किया। सरकार जिम्मेदार भ्रष्ट अधिकारियों को बचा रही है, जिसके कारण निवेशकों को शेयर बाजार में भरोसा नहीं रहा।

# मुद्दा : जलवायु कार्ययोजना की अनदेखी


सुरेश भाई



जलवायु परिवर्तन पर देश-विदेश में सम्मेलन और संवाद हो रहे हैं। इसके बावजूद ऐसी कोई ह्यजलवायु कार्ययोजना' नहीं है, जहां लोगों को जलवायु संकट से बचाया जा सके। देश के पूर्व, पश्चिम और मध्य हिमालय में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही समस्याओं के विषय पर वैज्ञानिकों की सलाह को गंभीरता से समझना जरूरी है। मौसम विभाग भी सही जानकारी दे रहा है।

फरवरी के अंत से मार्च के प्रथम सप्ताह तक मौसम विभाग के अलर्ट में उत्तराखंडङ्क हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के 3000 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के संकेत दिए गए थे। लेकिन इसके बाद जो सावधानी बरती जानी चाहिए थी उसमें गैर-जिम्मेदारी सामने आई है। उदाहरण है कि उत्तराखंड में सीमा क्षेत्र के पहले गांव माणा में सड़क चौड़ीकरण में लगे 55 मजदूरों का हिमस्खलन की चपेट में आना। वे बर्फ के नीचे दब गए। हेली सेवाओं,आईटीबीपी और सेना के 200 जवानों द्वारा 44 लोगों को बड़ी मुश्किल से रेस्क्यू किया जा सका। यदि मौसम विभाग द्वारा बताई गई सावधानियों के प्रति गंभीरता दिखाते तो इतने लोगों को बचाने में जो ऊर्जा खर्च हुई है और आठ लोगों की जिंदगी समाप्त हो गई, उन्हें भी बचाया जा सकता था। बद्रीनाथ के पास स्थित माणा बाईपास के निर्माण में लगे मजदूरों को इस दौरान छुट्टी दे देनी चाहिए थी क्योंकि इस दौरान 10 हजार फीट की ऊंचाई पर मजदूरों के रहने लायक स्थितियां नहीं हैं, और उनसे काम भी नहीं करवाया जा सकता। समझना जरूरी है कि 2021-24 के बीच यहां आसपास हिमस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। केदारनाथ में 2013 की आपदा के बाद से चोराबाड़ी ग्लेशियर से हिमस्खलन की घटनाएं थम नहीं रही हैं। माणा में जहां मजदूरों को रात में रहने की व्यवस्था थी वहां पर पहले भी हिमस्खलन हुआ है। ध्यान देना जरूरी है कि वर्षा और बर्फबारी का समय बिल्कुल बदल चुका है जिससे ग्लेशियरों की सतह कमजोर पड़ रही है। शीतकाल के समय तापमान बढ़ रहा है। दिसम्बर-जनवरी में दोपहर के समय केदारनाथ जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्र में तापमान 12-16 डिग्री तक दर्ज किया गया है। पिछले वर्षो में भी जनवरी में दोपहर का तापमान 20 डिग्री तक पहुंचा है। यही स्थिति केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ के ग्लेशियरों की है जिसके कारण बेमौसमी बर्फ पिघलने की गति बढ़ती जा रही है।

वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिक ड़ॉ. मनीष मेहता के अनुसार पहले दिसम्बर-जनवरी में गिरने वाली बर्फ शुष्क होती थी जिससे हिमस्खलन कम होता था और यह बर्फ ग्लेशियर पिघलाने की गति को भी कम करता था। लेकिन कुछ वर्षों से मौसम में बदलाव होने से नवम्बर-जनवरी तक बर्फबारी बहुत कम हो गई है। फरवरी-मार्च में पड़ने वाली बर्फ बढ़ते तापमान के कारण जम नहीं पाती है। माणा में हिमस्खलन का कारण भी यही बताया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से बद्रीनाथ के ग्लेशियरों से लगातार एवलांच की घटनाएं हो रही हैं। भू-वैज्ञानिक एसपी सती ने 2021 में चिपको नेत्री गौरा देवी के गांव रैणी के निकट हिमस्खलन की घटना के बाद इस घाटी के संवेदनशील बर्फ वाले इलाके चिन्हित किए थे जहां हिमस्खलन की आशंका है। माणा के पास मजदूरों का कैंप भी इसी तरह के क्षेत्र में स्थित था। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। पुराने समय में यहां मानवीय आवाजाही कम थी। कहा जाता है कि बद्रीनाथ धाम में बर्फ की चोटियों में कंपन न हो, इसलिए मंदिर में शंख नहीं बजता था। लेकिन अब इसी क्षेत्र में मानवीय गतिविधियां इतनी बढ़ गई हैं कि बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत सड़क निर्माण में तेज ध्वनि करने वाली जेसीबी मशीनों का प्रयोग हो रहा है। अंधाधुंध हेली सेवाएं जारी हैं। जलवायु नियंत्रित करने वाले वनों का तेजी से क्षरण हो रहा है, जिसका ग्लेशियरों पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। बद्रीनाथ में नीलकंठ, नरनारायण, कंचन गंगा, सतोपंथ, माणा और कुबेर पर्वत स्थित है। अन्य चोटियां भी हैं, जो बर्फ से ढकी रहती हैं।

यहां जो निर्माण हो रहा है उसका प्रभाव बढ़ते तापमान से साफ नजर आ रहा है। लोग कहते हैं कि सदियों पूर्व बद्रीनाथ मंदिर का जब निर्माण हुआ तो स्थानीय और लोक विज्ञान के पहलू को ध्यान में रखते हुए मंदिर बनाया गया था। इसी दौरान गंगोत्री के पास हर्षिल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शीतकाल यात्रा का संदेश देने के लिए पहुंचना था जिसे मौसम के कारण 6 मार्च के लिए बदला गया। हिमाचल में भी भारी भूस्खलन के चलते 480 सड़क बंद रहीं। जगह-जगह पर आठ लोगों की मौत हुई। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित होने के कारण हजारों लोग फंसे रहे। जलवायु परिवर्तन की ऐसी घटनाएं भविष्य में और बढ़ सकती हैं। इसलिए साल भर में जलवायु का कैलेंडर बनना चाहिए। पेड़-पौधे, जीव-जंतु, जल संरक्षण की दिशा में प्रयास करने होंगे। शीतकालीन सैलानी, पर्वतारोही मौसम की अनदेखी न करें। मनुष्य को अपने लालच की योजनाओं पर नियंत्रण करके प्रकृति को बचाने की दिशा में एकजुट प्रयासों को महत्त्व देना होगा।



# गुलाब के पौधे में भर-भरकर आएंगी कलियां और फूल, यह 1 देसी नुस्खा आएगा काम

**गुलाब के पौधे में अगर कलियां और फूल नहीं आ रहे हैं, तो आप घर पर ही एक नेचुरल फर्टिलाइजर बना सकते हैं, जो पौधे की ग्रोथ के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। आइए जानें फर्टिलाइजर बनाने का तरीका...**

अगर आप घर में पौधे लगाने का शौक रखते हैं, तो आपको गुलाब का प्लांटअपने गार्डन में जरूर लगाना चाहिए। गुलाब का पौधा देखने में बहुत ही खूबसूरत होता है। इस पर फूल खिलने लगे, तो इसकी खूबसूरती में चार-चांद लग जाते हैं। इस पौधे को अन्य पौधों के मुकाबले ज्यादा केयर की जरूरत होती है। कई बार तो बहुत ज्यादा देखभाल करने के बाद भी गुलाब के पौधे ना ही कलियां आती हैं और ना ही फूल खिलते हैं। अगर आपके पौधे में भी पूरी देखभाल करने के बाद भी गुलाब की कलियां नहीं आ रही हैं और फूल भी नहीं खिल रहे हैं, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है।

पौधों को हेल्दी रहने के लिए विटामिन, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट्स की जरूरत होती है। ऐसे में पौधे को न्यूट्रिएंस देने के लिए आप घर पर एक देसी फर्टिलाइजर बना सकते हैं। आज हम आपको एक ऐसे देसी नुस्खे के बारे में बताएंगे, जिसकी मदद से आप अपनी घर की बेकार चीजों की मदद से ही फ्री में बिना पैसा खर्च किए गुलाब के पौधे को फूलों से भर सकते हैं। आइए जानें गुलाब के पौधे में फूल उगाने का देसी नुस्खा...

### देसी फर्टिलाइजर बनाने के लिए चाहिए

- दाल का पानी
- चावल का पानी
- सब्जियों के छिलके
- फलों के छिलके
- पुरानी बाल्टी/मटका

### कैसे बनेगा फर्टिलाइजर

- एक पुरानी बाल्टी या मटके में रोजाना अपने किचन से निकले हुए फलों और सब्जियों के छिलकों को जमा करें।
- इसी बाल्टी में छिलकों के साथ आधी बाल्टी पानी लें। इसमें रोज चावल और दाल धोने के बाद बचने वाला पानी मिलाएं।
- रोजाना दिन में 2 बार इस पानी को एक लकड़ी की मदद से मिलाएं। इससे आपके फर्टिलाइज से गंदी बदबू नहीं आएगी।
- इन सभी चीजों को हमेशा ढककर रखें। 14 दिनों तक इसे फर्मेंट होने दें। इसके बाद आपका फर्टिलाइजर इस्तेमाल के लिए तैयार हो जाएगा।

### फर्टिलाइजर का इस्तेमाल कैसे करें?

- इस्तेमाल करने से पहले फर्टिलाइजर को छान लें और उसके पानी को एक अलग बर्तन में जमा करें।
- अब इस फर्टिलाइजर में बराबर मात्रा में पानी मिला लें। इसका आधा कप अपने गमले में डालें।
- इसे हफ्ते में 2-3 बार ही यूज करें। इससे कुछ ही दिनों में आपके गुलाब के पौधे में ढेरों फूल आने लगेंगे।

### इन बातों का रखें ख्याल

- इसके अलावा अपने गुलाब के पौधे की प्रूनिंग भी करें। पत्तों को काटते रहें। इससे फूलों की पैदावार बढ़ेगी।
- गुलाब के पौधे को अच्छी धूप की जरूरत होती है। सर्दियों में इसे धूप वाली जगह पर रखें।
- ध्यान रहे इसे जरूरत से ज्यादा पानी ना दें। मिट्टी सूखी हो, तभी पानी डालें।



# किताबों से दूर नहीं भागेंगे आपके बच्चे, इन तरीके से बनाएं उन्हें बुक लवर

**मोबाइल और इंटरनेट के इस जमाने में बच्चे किताबों से पढ़ाई कम ही करते हैं। ऐसे में हर पैरेंट्स चाहते हैं कि उनके बच्चे किताब से पढ़ें, क्योंकि फोन से स्टडी कम और ध्यान इधर-उधर ज्यादा भटकता है।**

आज के इस इंटरनेट दौर में बच्चे पढ़ाई के नाम पर लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल ज्यादा करने लगे हैं। इससे दिक्कत ये हो रही है कि स्टडी के अलावा भी बच्चे का दिमाग इधर-उधर भटक जाता है। मोबाइल पर कई ऐसे ऐड आते हैं, जो बच्चों को अट्रैक्ट करता है और वह उस लिंक पर क्लिक करके दूसरे वेबसाइट या वीडियो को देखने लगते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता की परेशानी पढ़ने लगती है। हर पैरेंट्स को लगता है कि उनका बच्चा फोन से नहीं पढ़ पाता है और पढ़ाई के लिए किताब का होना बेहद जरुरी है। पर, बच्चों की किताबों से पढ़ाई की आदत कैसे लगाई जाए, ये आज हर पैरेंट्स के लिए किसी चैलेंज से कम नहीं है। अगर आपका बच्चा भी सिर्फ मोबाइल में लगा होता है और किताबों में कम इंट्रेस्ट दिखाता है, तो अब आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे अपने बच्चो को आप बुक लवर बना सकती हैं। तो चलिए इस बारे में आगे विस्तार से जानते हैं।

### बच्चों के साथ आप भी पढ़ें बुक

एक रिपोर्ट के अनुसार, बच्चे वही करते हैं, जो आसपास के माहौल से सिखते हैं। ऐसे में अगर आप खुद मोबाइल का कम से कम इस्तेमाल करेंगे। इसकी जगह उनके सामने बुक पढ़कर उन्हें सुनाएं। ऐसा करने से धीरे-धीरे उन्हें भी किताबों में इंट्रेस्ट आएगा और वो बुक पढ़ना शुरू कर देंगे।

### सेट करें रीडिंग टाइम

बच्चों की आदतों में बदलाव लाने में रुटीन का अहम रोल होता है। ऐसे में, अगर आप उनकी रीडिंग टाइम को सेट कर देते हैं, तो वह खेल-कूद के बाद एक समय पर किताब पढ़ने के लिए भी बैठ सकता है। पर, इसके लिए जरूरी है कि आप अपने बच्चे के पास बैठे और उन्हें पढ़ाई करते हुए सुनें भी।

### फन करते हुए पढ़ाएं

अगर आप बच्चे पर पढ़ने के लिए ज्यादा प्रेशर डालेंगे, तो वो दबाव में आकर किताबों से दूर हो सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप उसे फन करते हुए किताबों को पढ़ाएं। इससे उनके अंदर किताब पढ़ने में दिलचस्पी आएगी।

### बच्चों के अनुसार करें किताबों का चुनाव

बच्चों में किताबों के प्रति इंट्रेस्ट जगाने के लिए जरूरी है कि आप उसके अनुसार ही बुक लाएं। यानी बहुत ज्यादा टेक्स्ट किताबें बच्चे नहीं पढ़ पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उनके बुक्स में अट्रैक्टिव ग्राफिक्स जरुर शामिल हों। ग्राफिक्स के बहाने ही कम से कम बच्चे बुक्स खोलकर जरुर पढ़ेंगे।

# कहीं आपकी बेटी भी तो नहीं रहती खोई-खोई सी? हो सकते हैं ये कारण

**अक्सर घरों में पेरेंट्स इतने व्यस्त होते हैं कि उनका ध्यान बेटियों पर थोड़ा कम जाता है। इस चक्कर में कई बार बेटी की परेशानियां भी नजर नहीं आती है। करियर या किसी और कारण से बेटियों के जीवन में दिक्कतें चल रही होती हैं, जिसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल होता है।**

हर बच्चा अलग होता है और उसकी समस्याएं भी अलग हो सकती हैं। इसलिए अपनी बेटी की समस्याओं को समझने के लिए धैर्य और समझदारी से काम लें। अगर आपको लगता है कि आपकी बेटी को किसी पेशेवर की मदद की जरूरत है, तो बिना किसी देरी के एक मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं, क्योंकि घर में उसका खोया-खोया सा रहना मां के लिए बहुत चिंता का विषय होता है। कई बार छोटी-छोटी बातें भी बेटी के मन पर गहरा असर डाल सकती हैं।

### बेटी के खोए-खोए रहने के हो सकते हैं ये कारण

बेटिपरीक्षाओं का तनाव, अच्छे नंबर लाने का दबाव, दोस्तों के साथ तुलना आदि। दोस्तों के दबाव में आना, सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल, बॉडी इमेज इश्यूज आदि कई सारी समस्याएं जीवन में चल रही होती हैं। शारीरिक और मानसिक बदलावों से जुड़ी उलझनें भी कई बार लोगों को परेशान करती हैं। किसी से प्यार हो जाना और उससे जुड़ी समस्याएं भी जीवन में चल रही होती हैं। डिप्रेशन, एंग्जाइटी, या कोई अन्य मानसिक व स्वास्थ्य समस्याएं आदि के कारण भी आपकी बीटिया परेशान रह सकती हैं।

### बेटी की काउंसलिंग कैसे करें?

**खुला माहौल बनाएं**- अपनी बेटी को ऐसा महसूस कराएं कि वह आपसे कुछ भी बिना डरे शेयर कर सकती है।

**बातों को ध्यान से सुनें**- बिना किसी रुकावट के अपनी बेटी की बात सुनें। उसे महसूस कराएं कि आप उसकी भावनाओं को समझती हैं। अपनी बेटी को समझने के लिए धैर्य रखें। जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

**सवाल पूछें**- धीरे-धीरे सवाल पूछकर अपनी बेटी की समस्याओं को समझने की कोशिश करें।

**उदाहरण देकर समझाएं**- अपनी जिंदगी के अनुभवों को साझा करके अपनी बेटी को समझाएं कि हर समस्या का समाधान होता है।

**सकारात्मक बातें करें**- अपनी बेटी की तारीफ करें और उसकी उपलब्धियों को मनाएं।

**साथ समय बिताएं**- अपनी बेटी के साथ समय बिताएं, उसकी पसंद की गतिविधियां करें।

**पेशेवर की मदद लें**- अगर समस्या गंभीर है तो किसी मनोचिकित्सक की मदद लें। सुनिश्चित करें कि आपकी बेटी स्वस्थ आहार ले रही है और पर्याप्त नींद ले रही है।





# एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करते समय इन छोटे-छोटे टिप्स को करें फॉलो

ठंड का मौसम आते ही हम अपने वार्डरोब को अपग्रेड कर लेते हैं। जैकेट्स और लॉन्ग कोट के अलावा शॉल हमारे लुक को एलीगेंट टच देते हैं। शॉल को किसी भी तरह के आउटफिट के साथ आसानी से पेयर किया जा सकता है, फिर चाहे वह एथनिक वियर हो या वेस्टर्न वियर। अगर आप शॉल में एक रॉयल लुक चाहती हैं तो एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल किया जा सकता है। यह आपके लुक में चार-चांद लगा देता है। हालांकि, कई बार एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करना भी टफ टास्क लगता है। हो सकता है कि आपको यह समझ में ना आ रहा हो कि आप इसे किस आउटफिट के साथ पेयर करें या फिर शॉल को किस तरह ड्रेप किया जाए कि आपका लुक एकदम खास लगे। एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करने के लिए ढेरों तरीके हैं, बस आपको इसे स्टाइल करते समय कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर फोकस करना चाहिए, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### प्लेन आउटफिट के साथ करें पेयर

अगर आप एंब्रायडिड शॉल को ही अपने लुक में हाइलाइट करना चाहती हैं तो ऐसे में आप उसे प्लेन आउटफिट के साथ पेयर करें। आप इसे प्लेन कुर्ता, मोनोटोन साड़ी या सिंपल ड्रेस के साथ पहन सकती हैं। जब आप इस लुक को कैरी कर रही हैं तो ऐसे रंग का बेस आउटफिट चुनें जो आपके शॉल पर की गई कढ़ाई से मेल खाता हो। मसलन, गोल्ड एंब्रायडरी के ब्लैक शॉल को व्हाइट या बेज कलर की ड्रेस के साथ पेयर किया जा सकता है।

### मोनोक्रोम लुक करें कैरी

एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल करते हुए आप मोनोक्रोम लुक कैरी कर सकती है। सिंगल कलर पैलेट लुक देखने में बेहद ही एलीगेंट लगता है। इसके लिए आप अपने शॉल को उसी कलर फैमिली के आउटफिट के साथ पहनें। उदाहरण के लिए, अगर आपके शॉल में पिंक एंब्रायडरी है, तो इसे ब्लश-पिंक कुर्ता और प्लाजो के साथ पेयर करके देखें।

### ड्रेपिंग स्टाइल के साथ हों एक्सपेरिमेंटल

जब आप एंब्रायडिड शॉल को स्टाइल कर रही हैं और एक डिफरेंट लुक चाहती हैं तो ऐसे में आप ड्रेपिंग स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंटल हों। मसलन आप इसे कंधे पर कैजुअली पहन सकती हैं या फिर इसे दोनों कंधों पर लपेटें। इसके अलावा, एंब्रायडिड शॉल को बेल्ट के साथ भी स्टाइल किया जा सकता है। मसलन, आप इसे अपने कंधों पर लपेटें और कमर पर एक पतली बेल्ट से सुरक्षित करें। इसी तरह, वन-साइड रैप लुक भी काफी ट्रेंडी दिखता है।

### स्मार्टली चुनें एक्सेसरीज

एंब्रायडिड शॉल में एक परफेक्ट टच पाने के लिए आपको एक्सेसरीज को भी स्मार्टली चुनना चाहिए। मसलन, आप ज्वेलरी के साथ मिनिमल रहें। सिंपल स्टड या स्लीक ब्रेसलेट शॉल में आपके लुक को कॉम्प्लीमेंट करेंगे। इसके अलावा, आपको न्यूट्रल टोन में क्लच या हैंडबैग को कैरी करना चाहिए, ताकि वाइब्रेंट एम्ब्रॉयडरी लुक को बैलेंस किया जा सके।



क्रिसमस के मौके कई सारी जगहों पर पार्टी का आयोजन होता है और इस खास मौके पर महिलाएं स्टाइलिश आउटफिट का चुनाव करती हैं। वहीं अगर आप इस मौके पर सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप ये लॉन्ग ड्रेस में स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस जहां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है तो हैं इस ड्रेस में आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।

# क्रिसमस पार्टी में नजर आएंगी सबसे अलग जब स्टाइल करेंगी ये लॉन्ग ड्रेसेस

### जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस

अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव का कर सकती हैं। यह ड्रेस जॉर्जेट फैब्रिक में है और यह वी नेक डिजाइन और लॉन्ग स्लीव्स में आती है। यह ड्रेस न्यू डिजाइन में है और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है। इस ड्रेस आप ऑनलाइन और ऑफलाइन 1,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप ब्यूटीफुल डिजाइन वाले फ्लैट्स या हील्स पहन सकती हैं साथ ही ज्वेलरी में आप इयरिंग्स वियर कर सकती हैं। क्रिसमस के मौके पर स्टाइलिश लुक पाने आप इस तरह के स्लिट कट स्टाइल वाले जॉर्जेट मैक्सी ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं।

### प्रिंट मैक्सी ड्रेस

रॉयल लुक के लिए आप इस तरह के प्रिंट वाली मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आप बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगी। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप फ्लैट्स और ज्वेलरी में सिंपल नेकलेस वियर कर सकती हैं। अगर आप क्रिसमस पार्टी में न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह की ब्लू कलर की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस जहां न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है तो वहीं इस ड्रेस में आपका लुक रॉयल नजर आएगा।

### फ्लोरल मैक्सी ड्रेस

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की फ्लोरल मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस फ्लोरल पैटर्न में है और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इस ड्रेस को आप कई कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं जो कि आपको 2,000 से कम कीमत में मिल जाएंगी इस ड्रेस के साथ आप लॉन्ग इयरिंग्स वियर कर सकती हैं।

# मुख्यमंत्री ने तीन लाख परिवारों के बैंक खाते में भेजे 1200 करोड़ रुपये

- नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों के खाते में किया पहली किस्त का हस्तांतरण



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत 3 लाख परिवारों को प्रथम किश्त के रूप में 1200 करोड़ रुपये की सहायता राशि का माऊस क्लिक कर एकमुश्त हस्तांतरण किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों को इसका लाभ मिला है उन्हें बधाई देता हूं। आज के इस कार्यक्रम के आयोजन के लिये ग्रामीण विकास विभाग को भी बधाई देता हूं। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं को ठीक ढंग से क्रियान्वित करें ताकि लाभुकों को तुरंत लाभ मिले। लाभुकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना अंतर्गत सर्वप्रथम सितम्बर, 2024 में 2,43,903 लक्ष्य प्राप्त हुआ था। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 27 जनवरी 2025 से 5,46,745 अतिरिक्त लक्ष्य प्राप्त है। इस प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को कुल 7,90,648 लक्ष्य प्राप्त हुये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभुकों को कुल 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि तीन किश्तों में आवास निर्माण की प्रगति के साथ दी जाती है। योजना में 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इस प्रकार 40 प्रतिशत अर्थात् 48 हजार रूपये की राशि राज्यांश के रूप में लाभुकों को दी जाती है। इसके पूर्व 07 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 1.05 लाख लाभुकों को प्रथम किश्त की सहायता राशि का एकमुश्त भुगतान किया गया था। इस पर 420 करोड़ रूपये का व्यय हुआ था। आज के इस कार्यक्रम में 03 लाख लाभार्थियों को 40 हजार रुपये की दर से प्रथम किश्त की राशि का एक मुश्त भुगतान किया गया। इस पर कुल 1200 करोड़ रूपये का व्यय हुआ। आगामी 100 दिनों में इन लाभुको को द्वितीय एवं तृतीय किश्त के रूप में 80 हजार रुपये की दर से भुगतान किया जायेगा। साथ ही इन लाभुकों को मनरेगा के माध्यम से 90 दिनों के अकुशल मजदूरी के रूप में 22,050 रुपये तथा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान से शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रूपये की सहायता दी जायेगी। इस प्रकार प्रति लाभुक 1,54,050 (एक लाख चौवन हजार पचास) रुपये दिये जायेंगे। इस प्रकार इस कार्यक्रम में लाभान्वित हुए 3 लाख लाभुकों को आगामी लगभग 100 दिनों में 4621.50 करोड़ रुपये प्राप्त होगा।

# बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के चौथे दिन विपक्षी सदस्यों ने सरकार को घेरा

**पटना।** बिहार विधानमंडल में बजट सत्र के चौथे दिन बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने सरकार को जमकर घेरा। विपक्ष ने रसोईया वआशा कार्यकर्ता की मानदेय बढ़ाने की भी मांग की, वहीं कहा कि बजट में बिहार के लोगों के लिए कुछ नहीं है। राजद के विधायक विजय मंडल ने कहा सरकार ने बजट में बिहार के लोगों को झुनझुना थमा दिया है, इसलिए हम लोग झुनझुना लेकर आए हैं।

विजय मंडल ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं मिला, पटना विश्वविद्यालय को भी केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं मिला। दोनों जगह तो आपकी (नीतीश कुमार) सरकार है। अब तो मिलना चाहिए, आप मांग करते रहे। इन सब पर नहीं बोल रहे हैं। बस 2005 से पहले क्या था, यही बोलते रहते हैं। बजट एक झुनझुना है।

विपक्षी सदस्यों में कांग्रेस के विधायक राजेश राम ने बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि बीपीएससी अभ्यर्थी लगातार आंदोलन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उससे बातचीत नहीं कर रही है। बीपीएससी अभ्यर्थियों की मांग सुनी जाए। राजद विधायक मुकेश रोशन अलग-अलग कार्टून वाला पोस्टर लेकर विधानसभा पहुंचे थे।

बजट को बताया झुनझुना




स्वास्थ्य व्यवस्था और आरक्षण को लेकर नीतीश कुमार पर विभिन्न स्लोगन के माध्यम से निशाना साधते नजर आए। भाकपा-माले के सदस्य पंचायत प्रतिनिधियों के बकाए की मांग को लेकर विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। साथ ही उनकी मानदेय बढ़ाने की भी मांग की।

# बिहार में महागठबंधन की सरकार बनी तो एक महीने में बनेगा युवा आयोग : तेजस्वी



**पटना।** राजधानी पटना के मिलर हाई स्कूल में बुधवार को राजद द्वारा आयोजित युवा चौपाल में बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में राजद -महागठबंधन की सरकार बनेगी तो एक महीने में युवा आयोग बनाया जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी। इससे स्थानीय युवाओं को नौकरियों में तरजीह मिलेगी।

युवा चौपाल में तेजस्वी यादव ने कहा कि जब बिहार में हमारी सरकार आएगी तो प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन लिए अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने का पैसा नहीं लगेगा। बल्कि परीक्षा केंद्र तक आने और जाने का भाड़ा भी सरकार की ओर से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अब खटारा गाड़ी के तरह हो गए हैं। ज्यादा दिन तक उसे नहीं चलाया जा सकता है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि 60 साल की उम्र में कोई भी व्यक्ति सेवानिवृत हो जाता है लेकिन हमारे मुख्यमंत्री जी (नीतीश कुमार) 75 साल के हो गए हैं। इसीलिए उन्होंने युवाओं से अपील की अब बिहार का मुख्यमंत्री बदलना होगा।

तेजस्वी यादव ने युवाओं से हाथ उठाकर 2025 में राजद की सरकार बनाने की हामी भरवाई। उन्होंने युवाओं से युवा चौपाल में अपील किया कि एक-एक युवा कम से कम 10 वोट का प्रबंध करेंगे तब ही बिहार में बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि बिहार युवा प्रदेश है। 18 से 25 साल के लोगों की 58 फीसदी आबादी है। जहां युवा इतने रहते हैं वहां उम्रदराज मुख्यमंत्री नहीं चाहिए।

# सोनपुर रेल मंडल की संसदीय समिति बैठक में हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**सोनपुर (सारण)।** पूर्व मध्य रेलवे के सोनपुर मंडल की संसदीय समिति की बैठक सोनपुर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित हुई। बैठक में सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी, राज्य मंत्री राम नाथ ठाकुर, राज भूषण चौधरी, सांसद वीणा देवी, सांसद अजय कुमार मंडल, सांसद शांभवी चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि प्रभाकर कुमार, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के प्रतिनिधि अवधेश कुमार सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के प्रतिनिधि शिव कुमार सिंह, सांसद राजेश वर्मा के प्रतिनिधि पवन जायसवाल और सांसद तारिक अनवर के प्रतिनिधि सिमरनजीत सिंह उपस्थित रहे।

बैठक के प्रमुख रूप से लंबी दूरी की ट्रेनों के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव की आवश्यकता पर विशेष चर्चा हुई। समस्तीपुर रेलखंड के कर्पूरीग्राम स्टेशन को पैसेंजर टर्मिनल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। सांसद अजय मंडल ने भागलपुर से संबंधित रेलवे विषयों को बैठक में रखा। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक तीन माह पर संसदीय समिति की बैठक होगी, जिससे लंबित रेलवे मुद्दों का प्रभावी समाधान हो सके। बैठक में कम दूरी वाली ट्रेनों का परिचालन और इस श्रेणी की ट्रेनों की संख्या बढ़ाने पर भी विमर्श किया गया। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि यदि किसी राज्य योजना को



रेलवे में कार्यान्वित करना हो, तो विस्तृत योजना तैयार कर प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें सोनपुर डिवीजन में भविष्य में चलाई जाने वाली ट्रेनों का विवरण भी शामिल होगा। बैठक लगभग चार घंटे तक चली, जिसमें रेलवे विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि रेलवे हमारे क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसके विकास से ही आम जनता को अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी। सोनपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों के समुचित विकास, ट्रेनों के ठहराव, नई ट्रेनों के संचालन और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि हमारी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि यात्रियों को आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं और क्षेत्र की कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जाए। संसदीय समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों को तेजी से लागू करवाने के लिए रेल मंत्रालय और संबंधित अधिकारियों से निरंतर संवाद किया जाएगा। सांसद श्री रूडी ने बैठक में इस बात पर भी जोर दिया कि संसदीय समिति की नियमित बैठकें सुनिश्चित की जाएंगी ताकि रेलवे संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सके। कम दूरी की ट्रेनों के संचालन में वृद्धि, महत्वपूर्ण स्टेशनों पर लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव और अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी जाएगी।

- लंबी दूरी की ट्रेनों के ठहराव पर की गयी चर्चा
- पैसेंजर, मेमू और इंटरसिटी ट्रेन के परिचालन पर भी हुआ विमर्श
- कर्पूरी ग्राम स्टेशन को पैसेंजर टर्मिनल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव
- हर तीन माह पर संसदीय समिति की बैठक का निर्णय
- रेलवे में लागू करने के लिए विस्तृत योजना तैयार होगी
- यात्री सुविधाओं और कनेक्टिविटी को मजबूत करने पर जोर
- यात्री ट्रेनों के परिचालन संख्या बढ़ाने पर विमर्श

## संक्षिप्त खबरें

### पटना यूनिवर्सिटी में दो गुटों के बीच तनाव पुलिस छावनी में तब्दील हुआ दरभंगा हाउस

**पटना।** बिहार के पटना यूनिवर्सिटी में दरभंगा हाउस के पास बुधवार को दो गुटों के बीच बमबाजी की घटना हुई है। बमबाजी की घटना के बाद पटना यूनिवर्सिटी कैम्पस में तनाव की स्थिति है। घटना की खबर मिलते ही पीरबहोर थाना की पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंची है। बताया जा रहा है कि पटना यूनिवर्सिटी के दरभंगा हाउस कैंपस में छात्रों के दो गुटों के बीच झगड़ा शुरू हुआ। इस दौरान बमबाजी की घटना घटी, जिसके बाद तुरंत मौके पर पीरबहोर थाने की पुलिस पहुंची। छात्रों के गुट ने दरभंगा हाउस की दीवार पर बम पटका है। बमबाजी की घटना में यूनिवर्सिटी की पार्किंग में खड़ी कारें भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने इलाके को छावनी के रूप में तब्दील का दिया है। पुलिस का कहना है कि छात्रों के दो गुटों में विवाद का मामला है। हालांकि मामले की छानबीन हो रही है। शुरुआती जांच में यह पता नहीं चल पाया है कि आखिर छात्रों के बीच झड़प क्यों हुई। छात्रों से पुलिस पूछताछ कर रही है। मालूम हो कि पटना विश्वविद्यालय का छात्र संघ चुनाव 29 मार्च को होना हे।

### घर में लगी आग, सात वर्षीय बच्चे की हुई मौत

भागलपुर। जिले में सुल्तानगंज नगर परिषद क्षेत्र के दिलगौरी वार्ड संख्या 14 के रहने वाले सुभाष यादव के घर में बुधवार की दोपहर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। हवा के कारण आग कि लपटें इतनी तेज हो गई कि एक सात वर्षीय बच्चे की झुलसकर मौत हो गई। आग ने घर में रखा कपड़ा, अनाज, बर्तन टीवी, पंखा सहित लगभग लाखों रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग की लपटें देखने के बाद पड़ोसी ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनने के बाद परिवार के सभी लोगों ने घर से निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं इस आग लगी की घटना में एक 7 वर्षीय बालक की जलकर दर्दनाक मौत हो गई।

### शादी का कार्ड बांटने गई मां की दुर्घटना में मौत

**नवादा।** नवादा जिले में एक सड़क दुर्घटना में बुधवार को बेटे की शादी की कार्ड बांटने गई मां की जान चली गई। रूपौ थाना क्षेत्र के चारौल गांव की 45 वर्षीय किरण देवी अपने बड़े बेटे की शादी का निमंत्रण बांटने गई थीं। इस दौरान रोह प्रखंड के हरला गांव के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने किरण देवी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लेकिन दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेजा।

### विदेशी शराब और कार के साथ दो गिरफ्तार

अररिया। जिले की बौसी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल नंबर की कार से 132 लीटर विदेशी शराब बरामद किया।मामले में पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।साथ ही पुलिस ने पश्चिम बंगाल नंबर की कार संख्या डब्लूबी74पी 8255 को जब्त किया है। बौसी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी पश्चिम बंगाल से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब से लदी कार गुजरने वाली है।साथ ही होली के मद्देनजर मुनाफाखोरी के उद्देश्य से शराब को स्टॉक किया जाना है।इसी आलोक में अररिया रानीगंज मुख्य मार्ग में बौसी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए शराब को बरामदगी की।पुलिस ने हिरासत में लिए गए दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी है।

## पेज एक का शेष

### हेमंत सरकार को...

झामुमो विधायक मथुरा महतो और हेमलाल मुर्मू ने कहा कि विभागीय जांच लीपापोती के अलावा कुछ नहीं होती। जब वित्त विभाग की रिपोर्ट में कई अधिकारियों को दोषी ठहराया गया है, तो कार्रवाई केवल रोकड़पाल संतोष कुमार पर ही क्यों की जा रही है? उन्होंने मांग की कि मुख्य अभियंता प्रभात कुमार सिंह और कार्यपालक अभियंता चंद्रशेखर समेत अन्य अभियंताओं के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए।

भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि जब सत्ता पक्ष के विधायकों को ही दोषियों पर कार्रवाई कराने में इतनी मशक्कत करनी पड़ रही है, तो विपक्ष के मुद्दों पर सरकार की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रभारी मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने सदन में ही धरने पर बैठने की चेतावनी दी। आधे घंटे तक चली जिच के बाद प्रभारी मंत्री ने आश्वासन दिया कि सात दिनों के भीतर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद स्पीकर ने इस प्रश्न को सात दिन के लिए स्थगित कर दिया। अब इस मुद्दे पर अगली चर्चा सात दिन बाद होगी।

### बढ़ता रहेगा...

ऐसे में हमारे नौजवान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए आईटीआई संस्थानों के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों की मरम्मत का प्रशिक्षण देने के लिए भी कोर्स संचालित करने पर जोर दिया।

प्रखंड स्तर पर प्रशिक्षण की है व्यवस्था : मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के कौशल विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को अब प्रखंड स्तर पर ही कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। मेरा नौजवानों से आग्रह है कि वे कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में आएं और अपने को दक्ष बनाएं। आपकी दक्षता आपके करियर को नई दिशा देगी।

रोजगार उपलब्ध करा रही है सरकार : मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं का कौशल विकास के साथ उनके रोजगार के लिए भी कार्य कर रही है। कैंपस प्लेसमेंट और रोजगार मेला और कई अन्य माध्यमों से पिछले वर्ष 50 हज़ार से अधिक युवाओं को देश-विदेश के संस्थानों में सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराया गया। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी एक व्यक्ति के बलबूते राज्य आगे नहीं बढ़ सकता है । सभी की भागीदारी से झारखंड जैसे राज्य का सर्वांगीण विकास संभव है।

मंत्री सहित ये अधिकारी भी मौजूदः इस अवसर पर श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, श्रम विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, श्रमायुक्त संजीव कुमार बेसरा एवं कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### हजारीबागः चरही...

4 नंबर भट्ठी फटने पर बीरेंद्र यादव ने ऊपर से छलांग लगा दी। इस क्रम में उसके पैर टूट गये। फैक्टरी के मालिक संतु मोदी ने कहा कि झुलसे हुए सभी 5 श्रमिक खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना मिलने पर चरही थाने की पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की।

**2 अक्टूबर को हुए विस्फोट में घायल हुए थे 2 कर्मचारी :** चिंतपूर्णी स्पंज आयरन प्राइवेट लिमिटेड में 2 अक्टूबर 2024 की शाम को विस्फोट हो गया था। इसमें 2 कर्मचारी घायल हो गये थे। सोमर साव और मोगल महतो को स्पंज की भट्ठी में काम करने के लिए भेजा गया था। इसी बीच भट्ठी से तेज आग की लपटें उठीं, जिसकी चपेट में आकर दोनों कर्मचारी झुलस गये।

### दिल्ली में पहचान...

पश्चिमी सिंहभूम की पुलिस टीम उसे लाने के लिए दिल्ली रवाना हो गयी है। सोनुआ थाना में महिला नक्सली के खिलाफ आपराधिक साजिश, हत्या का प्रयास और राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ने सहित गंभीर आरोपों के तहत कई प्राथमिकियां दर्ज हैं।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुदाबुरु गांव की है रेणुका : पुलिस के अनुसार, महिला नक्सली रेणुका पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुदाबुरु गांव की रहने वाली है। वह किसान परिवार से है और 10 वर्ष की आयु में ही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) गुट में शामिल हो गयी थी। रेणुका कोल्हान के जंगलों में कमांडर रमेश के नेतृत्व में पांच साल तक गहन प्रशिक्षण ली। इस दौरान उसे इंसास राइफल, एसएलआर, एलएमजी, हथगोला और .303 राइफल जैसे आधुनिक हथियारों का इस्तेमाल करना सिखाया गया। रेणुका पर आपराधिक साजिश, हत्या का प्रयास व राज्य के खिलाफ युद्ध करने के मुकदमे दर्ज हैं।

पोड़ाहाट और सोनुवा की मुठभेड़ में थी शामिल : वर्ष 2018 और 2020 के बीच हुई तीन मुठभेड़ में वह सक्रिय रूप से शामिल थी। 2010 में पोड़ाहाट, 2018 और 2020 में सोनुवा में हुई मुठभेड़ में शामिल थी। इन मुठभेड़ों के बाद गुट के नक्सली कमांडरों ने उसे दिल्ली चले जाने का निर्देश दिया था। वह 2020-21 में दिल्ली चली गयी।

पहचान बदलकर घरों में नौकरानी का काम करती थी रेणुका : दिल्ली में वह झूठी पहचान के आधार पर नोएडा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में घरेलू सहायिका के तौर पर काम रही थी और पीतमपुरा में रह रही थी। कई महीनों की निगरानी और खुफिया जानकारी जुटाने के बाद दिल्ली अपराध शाखा को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक माओवादी चरमपंथी की मौजूदगी के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली। पुलिस की टीम ने चार मार्च को महाराणा प्रताप एन्क्लेव, पीतमपुरा में छापेमारी की और रेणुका को गिरफ्तार किया। आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए उसे अदालत में पेश किया जाएगा।

### सिमडेगा में पांच...

एसडीपीओ बैजू उरांव ने प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि वर्तमान में 5 उग्रवादियों को जेल भेजा गया है। कई अन्य लोग भी इस कांड में शामिल हैं। उनकी पहचान की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि पीएलएफआई के उग्रवादी जो लेवी वसूलते थे, उस पैसे को इस महिला के अकाउंट में जमा किया जाता था। गिरफ्तार उग्रवादियों में खूंटी जिले की रहने वाली महिला उग्रवादी यमुना मिंज, सिमडेगा का आशीष मिंज, रांची जिले का सुनील उरांव, सिद्धांत कुमार व राहुल उरांव हैं।

महिला को छोड़ सभी 4 उग्रवादी रांची में रहते हैं : एसडीपीओ ने बताया है कि महिला को छोड़कर अन्य सभी उग्रवादी रांची में रहते हैं। लेवी वसूलने के लिए ये लोग सिमडेगा आना-जाना करते हैं।

छापेमारी दल में ये पुलिस वाले थे शामिल : पुलिस अवर निरीक्षक प्रदीप कुमार (पाकरटांड़ थाना), विनय कुमार (साइबर सेल), संजीत कुमार (सिमडेगा थाना), संतोष कुमार राय (डीसीबी शाखा), पंकज प्रमाणिक (साइबर सेल), ईश्वरी आशा बाड़ा (महिला थाना), आरक्षी मोहन सरदार, दीपक हीरो, लक्ष्मण उरांव।

### भाजपा ने बनाए...

झामुमो ने तो बाकायदा इस मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा को नसीहत दी थी कि अगर पार्टी अपना नेता नहीं चुन पा रही है, तो उसके सभी विधायकों को सामूहिक तौर पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

### गढ़वाः झारखंड राज्य...

सीओ यशवंत नायक ने दी थी राशन गायब होने की सूचना : इस मामले में मेराल के अंचल अधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी यशवंत नायक ने उपायुक्त को सूचना दी थी कि गोदाम से काफी मात्रा में राशन गायब हैं। अंचल अधिकारी ने बताया कि गोदाम से करीब 2 हजार क्विंटल अनाज गायब होने की आशंका है। स्थानीय डीलरों को लाभुकों को देने के लिए अनाज भी नहीं दिया गया है।

आपूर्ति पदाधिकारी की जांच में गायब मिले 2765 क्विंटल अनाज : सूचना मिलने के बाद उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय से इसकी जांच करायी। 21 फरवरी को राम गोपाल पांडेय ने जांच की, तो पाया कि गोदाम से 2,765 क्विंटल अनाज गायब हैं। इसके बाद उपायुक्त ने मंगलवार को मेराल के अंचल अधिकारी यशवंत नायक को मेराल के प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक दीपक चंचल के विरूद्ध अनाज गबन को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।

### केदारनाथ-हेमकुंड...

इससे स्थानीय लोगों को व्यापार में फायदा होगा। दिव्यांगों को फायदा होगा। बुजुर्गों को अब चढ़कर जाना नहीं पड़ेगा। हेमकुंड साहिब पर भी यही सोचकर फैसला लिया गया है।

**कितने दिन में पूरा होगा प्रोजेक्टा :** अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह प्रोजेक्ट पीपीपी मॉडल पर हैं। रोपवे का कार्य पूरा होने में 4 से 6 साल लगेंगे। हम इन योजनाओं को बहुत बारीकी से देखते हैं। खच्चर वालों का ध्यान रखा है। इससे उनकी आमदनी में इजाफा होगा। पर्यावरण का भी ध्यान रखा गया है। इसके अलावा किसानों के बारे में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए अश्विवनी वैष्ण व ने कहा, सरकार ने एक प्रोजेक्टे पर मुहर लगाई है। इससे पशुओं के टीकारण होगा। घर के दरवाजे पर सुविधा मिलेगी। टीकाकरण पर सरकार की नजर होगी। पशु औषधि योजना बनाई गई है। इसके तहत कॉपरेटिव सोसाइटी के जरिए दवा मिलेगी।

**हेमकुंड साहिब क्योंम फेमस :** दूसरा प्रोजेक्ट हेमकुंड साहिब में रोपवे बनाने का है। इस प्रोजेक्ट से हेमकुंड साहिब और वैली ऑफ़ फ्लावर तक की यात्रा की जा सकेगी। हेमकुंड साहिब उत्तराखंड चमोली जिले में 15,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित एक अत्यंत पवित्र तीर्थ स्थल है। ऐसा माना जाता है कि सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी ने यहां ध्यान लगाया था। यह स्थान भगवान राम के भाई लक्ष्मण के तपस्थल के रूप में भी प्रसिद्ध है। इस पवित्र स्थल पर बना गुरुद्वारा वर्ष में लगभग 5 महीने (मई से सितंबर) तक खुला रहता है। 2023 में, लगभग 1.77 लाख श्रद्धालुओं ने हेमकुंड साहिब जी की यात्रा की। हेमकुंड साहिब जी के रास्ते में घांघरिया नामक एक स्थान पड़ता है, जो प्रसिद्ध फूलों की घाटी का प्रवेश द्वार है। यह राष्ट्रीय उद्यान यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है और गढ़वाल हिमालय की सुंदर वादियों में स्थित है।

### डीआरएम समेत चार...

मंत्रालय को कहीं न कहीं उनकी ओर से लापरवाही नजर आई है। आधिकारिक आदेश के अनुसार डीआरएम सुखविंदर सिंह, एडीआरएम विक्रम सिंह राणा, स्टेशन निदेशक महेश यादव और वरिष्ठ संभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक (यात्री सेवा) आनंद मोहन का तबादला किया गया है। उनकी नई पोस्टिंग की घोषणा नहीं की गई है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामले में डीआरएम और एडीआरम के तबादले को लेकर रेलवे बोर्ड ने एक आदेश जारी किया है। वहीं यादव एवं नारायण का संयुक्त स्थानांतरण आदेश उत्तर रेलवे की ओर से जारी किया गया। सिंह को जुलाई 2023 में दिल्ली मंडल का डीआरएम नियुक्त किया गया था और उनका दो साल का कार्यकाल इस साल के उत्तरार्ध तक था। रेल मंत्रालय द्वारा जारी तबादला आदेश में कहा गया है कि उत्तर मध्य रेलवे से पुष्पेश आर त्रिपाठी को दिल्ली का डीआरएम बनाया गया है। विक्रम सिंह राणा की जगह वरिष्ठ अधिकारी समीर कुमार ने ली है।

जारी आदेश में कहा गया कि रेल मंत्रालय ने राष्ट्रपति की मंजूरी से निर्णय लिया है कि उत्तर मध्य रेलवे से पुष्पेश आर त्रिपाठी को स्थानांतरित कर सुखविंदर सिंह की जगह डीआरएम/दिल्ली/उत्तर रेलवे के पद पर नियुक्त किया जाता है। सिंह के लिए आदेश बाद में जारी किए जाएंगे।

### पवन सिंह लड़ेंगे...

मिली जानकारी के अनुसार पवन सिंह ने लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। हालांकि पवन सिंह इस चुनाव में किस पार्टी की टिकट से चुनावी मैदान में उतरेंगे इसके बारे में अभी तक उन्होंने क्लियर नहीं किया है। बता दें कि, पावर स्टार पवन सिंहने 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार के काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था। लेकिन, इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। भोजपुरी जगत के सुपरस्टार पवन सिंह ने झारखंड के जमशेदपुर में 'काली माटी' फिल्म प्रमोशन के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि वो किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे तो उन्होंने कहा कि आने वाला समय बताएगा, मैं किसके साथ बिहार विधानसभा चुनाव लड़ूंगा।

## होली से पहले बिहार में 12 अवैध देशी शराब की भट्ठियों को खत्म किया

पटना (एजेंसी)। बिहार में शराबबंदी के बावजूद होली पर अवैध शराब कारोबारियों की सक्रियता को देखकर पटना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सोन नदी के तटीय क्षेत्र में छापेमारी कर करीब 12 अवैध देशी शराब की भट्ठियों को खत्म किया है। इस कार्रवाई में शराब बनाने के सभी उपकरणों को जब्त कर आग के हवाले कर दिया। साथ ही अर्ध निर्मित शराब को भी नष्ट किया गया। पुलिस की सूचना मिलते ही शराब माफिया सोन नदी के रास्ते फरार हो गए। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि सोन नदी के इलाके में अवैध रूप से देशी शराब की भट्ठियां चल रही हैं। इस पर थाना प्रभारी ने तीन टीमें गठित कर छापेमारी की थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को कई शराब भट्ठियां चलते हुए मिलीं। इधर, पूरे मामले पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि होली को लेकर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चल रहा है। सोन नदी के किनारे पुलिस काफी कम पहुंच पाती है। इसकारण शराब माफिया अपना साम्राज्य कायम किए हुए थे। लेकिन, पुलिस लगातार अवैध देशी शराब के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। करीब हजारों लीटर अंग्रेजी शराब को नष्ट किया गया है। कई शराब के भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है।

## राहुल गांधी के मामले में कोर्ट में दाखिल हुआ वकालतनामा

बरेली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर वाद के मामले में उनके वकील प्रियांशु अग्रवाल और यासीर अब्बासी बुधवार को बरेली पहुंचे। लखनऊ से आए वकीलों ने कोर्ट में वकालतनामा दाखिल किया। राहुल गांधी का आधार कार्ड भी जमा किया गया है। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए के विशेष लोक अभियोजक अचिन द्विवेदी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वकीलों ने जवाब देने के लिए पांच सप्ताह का समय मांगा था। इस पर कोर्ट ने दो अप्रैल की तारीख दी है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर बयान दिया गया था। हिंदूवादी संगठनों की ओर से इसका तीखा विरोध हुआ था। इसी मामले में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक की ओर से जून 2024 में निजी कोर्ट में अर्जी दी गई थी, जिसमें राहुल गांधी के बयान से भावनाएं आहत होने का आरोप लगाकर मुकदमा कायम करने की अपील की गई थी। उस वक्त अर्जी को खारिज कर दिया गया था। इस आदेश के संबंध में पंकज पाठक ने रिवीजन याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसकी निगरानी स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए में चल रही है। मामले में राहुल गांधी के खिलाफ कई समन जारी हो चुके हैं। विशेष लोक अभियोजक अचिन द्विवेदी ने बताया कि समन पर राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए। पिछली तारीख पर उनके वकील द्वारा यह दलील दी गई कि राहुल गांधी के खिलाफ जो समन भेजे गए हैं, वो तामील हो गए हैं। डाक से स्पीड पोस्ट की ट्रैकिंग रिपोर्ट दाखिल की गई थी। जिसके बाद बुधवार को राहुल गांधी के वकीलों ने वकालतनामा दाखिल किया है।

## बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश की 14 नाबालिग लड़कियों को मुक्त करवाया

छपरा (एजेंसी)। बिहार के सारण में पुलिस के साथ एक एनजीओ ने विभिन्न जगहों पर ऑर्केस्ट्रा संचालकों के ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 14 नाबालिग लड़कियों को मुक्त करवाया गया है। सभी लड़कियां बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं, जिन्हें एलबम में काम करने के नाम पर लाया गया था। इन लड़कियों को आर्केस्ट्रा में डांस कराया जाता था। मामले में एनजीओं ने संचालकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रेस्क्यू की गई लड़कियों को सोशल मीडिया पर रील बनाने के दौरान एलबम में काम कराने के बहाने पटना बुलाया गया। फिर एक दो एलबम में डांसर के रूप में काम करवाया गया। फिर आर्केस्ट्रा में पैसे का लालच देकर डांस कराया जाने लगा। ये सभी गरीब परिवार से हैं। मजबूरी में इन्हें आर्केस्ट्रा में काम करना पड़ रहा था। एनजीओ संचालक ने बताया कि जिले के तीन थाना क्षेत्र से 14 लड़कियों को रेस्क्यू किया है, इसमें अधिकतर लड़कियां उत्तर प्रदेश और बंगाल की रहने वाली हैं। यहां काम कर रहीं नाबालिग लड़कियों के बारे में सूचना मिली थी।

## मिजोरम में बीयर बिक्री की इजाजत दे सकती है सरकार

आईजोल (एजेंसी)। मिजोरम राज्य में फल और चावल से बनी शराब और बीयर की बिक्री की अनुमति दी जा सकती है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। वहीं, सीएम ने साफ कहा कि मौजूदा शराबबंदी कानून को हटाने के बारे में वह नहीं सोच रहे हैं। मिजोरम की जोरम पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार बुधवार को शराब और बीयर पर संशोधन बिल लाने जा रही है। विभागीय मंत्री लालनगिहलोवा हमार उस बिल पेश करेंगे, जिसमें राज्य के भीतर उत्पादन होने वाले चावल और फल से बनी शराब और बीयर की बिक्री, वितरण और निर्माण की अनुमति देने का प्रस्ताव है। यह केवल लाइसेंस धारकों के लिए होगा। साथ ही यह बिल राज्य में पारंपरिक मिजो शराब की बिक्री की भी इजाजत देगा। सीएम ने विधानसभा में 2025-26 के बजट को पेश करने के बाद पत्रकारों से कहा कि उनकी सरकार शराब की दुकानों को खोलने की इजाजत नहीं देगी, लेकिन राज्य में स्थानीय रूप से उत्पादित शराब और बीयर की बिक्री को नियंत्रित करेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले पर चर्चों से परामर्श लिया गया है और उन्होंने इस फैसले पर अपनी सहमति दी है। सरकार ने मार्च 2024 में विधानसभा में यह जानकारी दी थी कि वह राज्य के शराब प्रतिबंध कानून की समीक्षा करेगी, जो राज्य में शराब की बिक्री और खपत को प्रतिबंधित करता है। कई क्षेत्रों से शराब प्रतिबंध को हटाने और शराब की दुकानों को खोलने की मांग उठ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी अपीलों पर विचार नहीं करेगी। बता दें कि 2019 में मिजोरम में शराब पर प्रतिबंध फिर से लागू किया गया था। इससे पहले भी राज्य में शराब प्रतिबंध थे। 1984 में मिजोरम निषेध अधिनियम, 1973 के तहत शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन 1987 में उन्हें बंद कर दिया गया था।

# उद्धव ठाकरे ने की अबू आजमी के स्थायी निलंबन की मांग, अखिलेश यादव ने भी दे डाली नसीहत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने औरंगजेब के संबंध में अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी की आलोचना की और राज्य विधानसभा से उनके स्थायी निलंबन की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें स्थायी रूप से निलंबित किया जाना चाहिए। यह सिर्फ बजट सत्र के लिए नहीं होना चाहिए, निलंबन स्थायी होना चाहिए। इससे पहले दिन में, अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने निलंबित कर दिया था।

इस बीच, ठाकरे ने अपने निलंबन पर आपत्ति जताने वाले विधायक अबू आजमी का समर्थन करने के लिए यूपी के पूर्व सीएम और एसपी प्रमुख अखिलेश यादव की भी आलोचना की। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि अगर वे चाहें तो आजमी को यूपी से चुनाव लड़वा दें, क्योंकि पूरे महाराष्ट्र ने उनके बयान पर आपत्ति जताई है। मीडिया से बात करते हुए, ठाकरे ने अखिलेश पर हमला किया और कहा, ÷अगर वह आपत्ति करना चाहते हैं तो उन्हें आपत्ति करने दें। पूरे महाराष्ट्र ने उनके खिलाफ आपत्ति जताई है। अगर वह चाहते हैं, तो उन्हें वहां (यूपी) से चुनाव लड़ना चाहिए। वह सच्चाई नहीं जानते हैं।÷



शिव सेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि अगर कोई औरंगजेब की प्रशंसा करता है या छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करता है, तो उस व्यक्ति के लिए भारत या महाराष्ट्र में कोई जगह नहीं है। अबू आजमी बीजेपी की बी टीम हैं। उन्होंने कहा कि जब भी बीजेपी महाराष्ट्र में मुसीबत में आती है, वे अबू आजमी को सक्रिय करते हैं। पिछले सत्र में यही हुआ था। महाराष्ट्र में बीजेपी मुसीबत में आ गई, इसलिए उन्होंने अबू आजमी को सक्रिय किया। गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए निलंबन पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने लिखा कि निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होने लगेगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। हमारे विधायक हों या सांसद उनकी बेख़ौफ़ दानिशमंदी बेमिसाल है। कुछ लोग अगर सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की ज़ुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है। आज़ाद ख़याल कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!


### योगी ने अबू आजमी को बुलाया यूपी, मैं करता हूं उनका इलाज

मिुंबई। मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी को पूरे बजट सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। महाराष्ट्र का बजट सत्र 3 को शुरू होकर 26 मार्च को खत्म होगा। महाराष्ट्र सरकार में संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में एक प्रस्ताव पेश कर कहा कि आजमी ने जो टिप्पणी की, उससे सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, इसकारण उनकी सदस्यता को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव को सदन में अध्यक्ष ने पारित कर दिया।

उधर यूपी बजट सत्र के आखिरी दिन सीएम योगी ने विधान परिषद में अबू आजमी के बयान का जिक्र किया। योगी ने कहा कि भारत की आस्था को रौंदने वाले का महिमामंडन करने वाले सदस्य को सपा से बाहर निकाल देना चाहिए। उन्हें (अबू आजमी) यहां बुलाइए। उत्तर प्रदेश इसतरह के लोगों का उपचार करने में देर नहीं करता।

## उमर के विधायक का जागा पाक प्रेम, कहा : कश्मीर की समस्या के हल के लिए करें बात

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और खानयार से विधायक अली मोहम्मद सागर ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कश्मीर समस्या का हल निकालने के लिए पाकिस्तान को बातचीत में शामिल करना जरूरी है। विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक सागर ने कहा कि बीजेपी खुद को देश का ठेकेदार समझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों को कभी इख्वानी कहा जाता था, उन्हें अब बीजेपी की फौज बताया जा



रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी असली पहचान तभी बनेगी जब वे सही फैसला लें। सागर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता ने उमर और फारूक अब्दुल्ला के पक्ष में जनादेश दिया है। उन्होंने पूछा कि अगर चुनाव सही तरीके से हुए, तब यह भी माना जाना चाहिए कि वहां जीतकर कौन आया है। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह धर्म के नाम पर लोगों को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का हर बच्चा अब बीजेपी की राजनीति को समझ चुका है और उस पर हंस रहा है। वहीं सागर के बयान पर बीजेपी नेता सुनील शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान दुखद हैं।

## किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी एक महत्वपूर्ण विकल्प : शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए यह संदेश दिया कि, ग्रामीण पलायन की समस्या का समाधान करने के साथ छोटे किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी एक महत्त्वपूर्ण विकल्प है। डेयरी सेक्टर ने आज सर्कुलरिटी के संबंध में गुड प्रैक्टिसिस को 250 दूध उत्पादक संघों तक पहुँचाने की विजनरी शुरूआत की है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि देश के साथ-साथ ग्रामीण विकास और भूमिहीन छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भारत का डेयरी क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। पोषण की चिंता, देश को दुनिया का नंबर एक दूध उत्पादक बनाने में योगदान देना और किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने में डेयरी क्षेत्र अहम भूमिका निभाता है। कृषि, डेयरी, मत्स्यपालन, बुनाई, ऋण और व्यापार सहित कई प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ सहकारिता क्षेत्र को आजादी के बाद भी वर्षों तक उपेक्षा का शिकार बना कर रखा गया था, जबकि देश की आधी से ज्यादा आबादी किसी-न-किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी हुई है। ऐसे में, सकारिता क्षेत्र को एक नया क्षितिज प्रदान करने के लिए मोदी सरकार ने जुलाई, 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जिसका कार्य भार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा गया। जहाँ मोदी जी ने स्वायत्त सहकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने का काम किया, वहीं जन कल्याण से जुड़ी नीतियों के लिए प्रसिद्ध भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता की नींव को मजबूत बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

## तमिलनाडु में हिंदी भाषा को लेकर बीजेपी और कांग्रेस आमने-सामने

### स्थानीय पार्टियां भाषा या जात-पात के नाम पर बनती हैं : अर्जुन सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिंदी भाषा को लेकर तमिलनाडु की सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि वह नई शिक्षा नीति 2020 के तहत तीन भाषाओं के फॉर्मूले पर हिंदी भाषा जबरन थोप रही है। तमिलनाडु में भाषा विवाद पर बीजेपी और कांग्रेस नेता आमने-सामने आ गए हैं। तमिलनाडु में भाषा विवाद को लेकर बीजेपी नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि इस देश में संविधान ने 22 भाषाओं को मान्यता दी है। निश्चित रूप हिंदी भाषा देश की भाषा है। इस देश का दुर्भाग्य है कि जितनी भी स्थानीय पार्टियां बनती हैं, वह या तो भाषा के नाम पर बनती हैं या जात-पात के नाम पर, लेकिन जब राजनीतिक शासन करने की बात आई तो लोगों ने कहीं धर्म के नाम पर, कहीं जाति के नाम पर या फिर भाषा के नाम पर लड़वाया जाता है। हमारे देश के जवान हैं, वह हर प्रांत से आते हैं और हर भाषा को बोलने वाले होते हैं, फिर भी एक साथ काम करते हैं।

तमिलनाडु में भाषा विवाद पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि बीजेपी कुछ भी कर सकती है। वे हिंदी थोप सकते हैं, धर्म थोप सकते हैं। भाषा की लड़ाई पहले भी होती रही है। उन्होंने कहा कि पहले यह तय किया गया था कि तीन भाषा का फॉर्मूला रहेगा। अंग्रेजी, मातृ भाषा और हिंदी। जिस तरह से बीजेपी हिंदी भाषा को थोपकर जनाधार खड़ा करना चाहती है, वह सही नहीं है, आप उन पर हिंदी नहीं थोप सकते हैं।

बता दें कि तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने कहा था कि केंद्र सरकार स्कूली छात्रों के लिए धन मुहैया कराने के लिए त्रिभाषा नीति लागू कर रही है, लेकिन तमिलनाडु ने अपनी सफलता के लिए दो-भाषा नीति को अपनाया है। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु ने अपनी मातृभाषा तमिल के साथ-साथ अंग्रेजी को तरजीह दी है, हिंदी की बजाय अंग्रेजी को अपनाकर राज्य ने दुनिया से संवाद स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने



हिंदी को थोपे जाने के खिलाफ आवाज उठाई है और अब उत्तरी राज्यों से भी इसे समर्थन मिल रहा है।

## मणिशंकर अय्यर के बयान पर सफाई में उतरी कांग्रेस, हरीश रावत ने बताया फ्रस्टेटेड व्यक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी ने बुधवार को एक नया विवाद खड़ा कर दिया, जब उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी को पहले कैम्ब्रिज में और फिर इंपीरियल कॉलेज में दो बार शिक्षाविदों में असफल बताया। अपनी ही पार्टी के प्रधान मंत्री की आलोचना करने वाले अय्यर की टिप्पणी ने सत्तारूढ़ भाजपा को सबसे पुरानी पार्टी पर हमले को तेज करने के लिए नया हथियार दे दिया है। हालांकि, अब कांग्रेस मणिशंकर अय्यर के इस बयान के बाद सफाई में आ गई है और भाजपा पर निशाना भी साध रही है।

कांग्रेस सांसद कुँवर दानिश अली ने कहा कि राजीव गांधी को देश में आईटी क्रांति और आधुनिकीकरण लाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करना चाहता जो फ्रस्टेटेड व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मैं राजीव गांधी को जानता था, जिन्होंने देश को आधुनिक दृष्टिकोण दिया।




उन्होंने अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के लिए भी ठोस कदम उठाये। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पार्टी (कांग्रेस) का एक वर्ग उनके साथ खड़ा नहीं हुआ, वरना देश का इतिहास कुछ और होता। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके भाषण आज भी नेताओं का मार्गदर्शन करते हैं।

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि अमित मालवीय को चीजों को संपादित करने की आदत है। इसमें कितना सही है और कितना गलत ये तो मणिशंकर ही बता सकते हैं। लेकिन सवाल यह नहीं है कि राजीव गांधी पास हुए या फेल। प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी कैसे थे? प्रधानमंत्री बनने के बाद राजीव गांधी ने किस तरह के काम किये? अगर आपको राजीव गांधी का विश्लेषण करना है तो आपको उनके काम का विश्लेषण करना होगा।

उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि बीजेपी वाले पीएम की डिग्री दिखाने को भी तैयार नहीं हैं। पीएम खुद कहते हैं कि वह चाय बेचते थे और मैट्रिक पास कर चुके हैं, लेकिन हम उन्हें उनकी शिक्षा के कारण नहीं देखते हैं। हम उन्हें पीएम के तौर पर उनके काम की वजह से देखते हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री कभी कैम्ब्रिज नहीं गए लेकिन वह एक सक्षम प्रधान मंत्री थे। इसलिए राजीव गांधी एक सक्षम प्रधानमंत्री थे। उन्होंने देश को बहुत कुछ दिया है।

# एफआईआर में जाति का जिक्र क्यों? हाईकोर्ट ने यूपी डीजीपी से मांगा जवाब

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी के डीजीपी से सवाल पूछा है। कोर्ट ने कहा है कि वे बताएं कि आखिर एफआईआर में जाति लिखने की क्या जरूरत है और इससे क्या फायदा होता है। जस्टिस विनोद दिवाकर ने संस्थागत पूर्वाग्रह और कुछ समुदाय के साथ सौतेले बर्ताव के खतरे को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने डीजीपी को आदेश दिया कि वह पर्सनल एफिडेविट दाखिल करें। अगली तारीख पर वह बताएं कि आखिर किसी मामले की एफआईआर में संदिग्धों की जाति लिखने की क्या जरूरत है। एक ऐसे समाज में ऐसा क्यों जरूरी है, जहां जाति एक संवेदनशील मसला है और उसके नाम पर समाज में विभाजन की स्थिति पैदा हो सकती है।




जज ने कहा कि संविधान इस बात की गारंटी देता है कि देश में जातिगत भेदभाव खत्म हो। सभी के लिए समानता और गरिमा के साथ बर्ताव किया जाएगा। पक्षपात के साथ न्याय की परिभाषा पूरी नहीं होती है। न्याय सभी के लिए एक समान और एक जैसे तरीके से होना चाहिए। जस्टिस दिवाकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं में जाति और धर्म के उल्लेख करने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि था कि याचिका में जाति या धर्म लिखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता। इसकी बजाय भेदभाव को ही बढ़ा देता है। दरअसल यह मामला 2023 में दायर एक केस को लेकर सुनवाई का है। इटावा पुलिस ने 2013 में आईपीसी और एक्साइज ऐक्ट के तहत एक केस दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी बनाए गए शख्स को लेकर पुलिस का दावा था कि वह एक अन्य शख्स के साथ कार में सवार था। जांच के दौरान गाड़ी से व्हिस्की की 106 बोतलें पाई गईं। इन बोतलों पर लिखा था- केवल हरियाणा में बिक्री के लिए। उससे पूछताछ के बाद एक और कार को पकड़ा, जिससे 237 बोतलें बरामद हुई थीं। इस मामले में पुलिस का दावा था कि आरोपी गैंग लीडर है, जो हरियाणा से शराब लाता है और उसकी बिहार में बिक्री होती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि हरियाणा से सस्ती शराब लाकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेची जाए, जहां शराब पर बैन है। इस काम से वे मोटा मुनाफा कमा रहे थे।

ऐसा करने के लिए आरोपियों की ओर से अलग-अलग गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाता था। कई बार एक ही गाड़ी को नंबर प्लेट बदलकर इस्तेमाल किया जाता था। इस मामले की एफआईआर पढ़ने के बाद कोर्ट ने पाया कि सभी आरोपियों की जाति का भी जिक्र किया गया है। इसको अदालत ने आपत्तिजनक माना और डीजीपी से जवाब मांगा है।

## केजरीवाल के वीआईपी कल्चर पर स्वाति मालीवाल का तंज, ट्रंप से बड़ा काफिला लेकर चल रहे

**-भाजपा का आरोप, विपासना के नाम पर ढोंग और नौंटकी कर रहे**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के करीब एक माह बाद पूर्व सीएम और आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल विपश्यना के लिए पंजाब पहुंचे हैं। वे अपनी पत्नी सुनीता के साथ आनंदगढ़ में 10 दिवसीय विपश्यना सत्र में शामिल होकर ध्यान लगाएंगे। इस बीच केजरीवाल के काफिले का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

दरअसल केजरीवाल कभी नेताओं के वीआईपी कल्चर का विरोध करते थे, लेकिन जब वे पंजाब पहुंचे, तब उनकी गाड़ियों का लंबा काफिला दिखाई दिया। पूर्व सीएम के काफिले का वीडियो वायरल होने पर आप की बागी और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल पर तंज कसा है।

स्वाति ने काफिले का वीडियो शेयर कर लिखा कि केजरीवाल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बड़ा सुरक्षा घेरा



लेकर घूम रहे हैं। राज्यसभा सांसद स्वाती ने लिखा, जिस पंजाब की जनता ने इतना प्यार दिया उससे इतना डर लगता है केजरीवाल को? सारी दुनिया को वीआईपी कल्चर पर टोकने वाले केजरीवाल जी आज खुद ट्रंप से बड़ा सुरक्षा घेरा लेकर घूम रहे हैं।

वहीं बीजेपी भी केजरीवाल के काफिले को लेकर आम आदमी पार्टी को घेर रही है। बीजेपी नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, ऐसी विपासना का क्या फायदा जहां सादगी और आत्मचिंतन की जगह 50 गाड़ियों के काफिले में अहंकार और दिखावा हो? केजरीवाल की ये नकली सादगी एक और नौटंकी है, जो व्यक्ति भ्रष्टाचार और अहंकार में डूबा हो, वहां विपासना के असली अर्थ को क्या समझेगा? जनता सब देख रही है!


वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से बताया गया कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने केजरीवाल को सुरक्षा दी है। कांग्रेस और बीजेपी वाले मिले हुए हैं। केजरीवाल पंजाब से राज्यसभा नहीं जा रहे हैं और न ही पंजाब के मुख्यमंत्री बनने वाले हैं।

# बैंक से लोन लेने में महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नहीं, हर साल बढ़ रही दर

**-रिपोर्ट से हुआ खुलासा, 38 फीसदी ने सोना गिरवी रखकर लिया पर्सनल लोन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोन लेने के मामले में अब महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे बैंकों से पैसा उठा रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या पिछले पांच सालों में 22 फीसदी सालाना दर से बढ़ी है। महिलाओं ने 42 फीसदी पर्सनल लोन अपने उपभोग से जुड़ी वस्तुओं और घर खरीदने के लिए लिया है। बैंक से लोन लेने वाली महिलाएं मुख्य रूप से सेमी-अर्बन और रूरल इलाकों से आती हैं। ये भी पता चला है कि महिलाओं में अपने क्रेडिट स्कोर को लेकर भी जागरूकता बढ़ी है। क्रेडिट स्कोर चेक करने वाली युवा लड़कियों की दर सालाना करीब 56 फीसदी से बढ़ रही है।

सोमवार को प्रकाशित हुई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि महज तीन फीसदी महिलाओं ने बिजनेस के लिए लोन लिया है। पर्सनल लोन, कंज्यूमर लोन, होम लोन का हिस्?सा 42 फीसदी था। गोल्?ड लोन सबसे ज्?यादा लिया गया। 38 फीसदी महिलाओं ने सोना गिरवी रखकर लोन लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 से कारोबार के इरादे से खोले गए लोन अकाउंट की संख्या में 4.6 गुना बढ़ोतरी हुई है लेकिन ये लोन 2024 में महिलाओं द्वारा लिए गए कुल लोन का सिर्फ तीन फीसदी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ज्यादातर महिलाएं लोन लेना चाह रही हैं और सक्रिय रूप से अपने क्रेडिट स्कोर की निगरानी भी कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला उधारकर्ताओं में से 60 फीसदी कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से थीं। उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में इस दौरान महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा लोन लिया है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि बैंक और फाइनेंशियल कंपनियों के पास महिलाओं को लोन देने का मौका है। महिलाएं लोन लेकर अपनी फाइनेंशियल पावर बढ़ाना चाहती हैं।



# कोहली अब तक के सबसे महान वनडे क्रिकेटर : क्लार्क




**नई दिल्ली ।** चेज मास्टर विराट कोहली ने एक बार फिर भारत के लिए शानदार जीत की नींव रखी, जिसमें उन्होंने दुबई में असहज परिस्थितियों में अपनी टीम को चार विकेट से जीत दिलाई, ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी माइकल क्लार्क ने उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें अब तक का सबसे महान वनडे क्रिकेटर करार दिया।

कोहली आईसीसी नॉकआउट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए क्रीज पर उतरे और शानदार स्ट्रोक प्ले और बुद्धिमानी से स्ट्राइक रोटेशन के साथ जीत के अंतर को कम किया, अंत में उनके नाम केवल पांच चौके थे, जिससे मुश्किल सतह पर रन बनाने की उनकी क्षमता का पता चलता है। क्लार्क ने जियो हॉटस्टार से कहा, एक बार फिर, उन्होंने परिस्थितियों का शानदार ढंग से आकलन किया। एक बेहतरीन खिलाड़ी, उन्हें पता था कि उनकी टीम को क्या चाहिए और उन्हें मैच जीतने की स्थिति में कैसे लाना है। हमने पाकिस्तान के खिलाफ उनके शतक में भी यही देखा। विराट के पास हर शॉट है - बाउंड्री लगाने की उनकी क्षमता पर कोई सवाल नहीं है। मेरी राय में, वह अब तक के सबसे महान वनडे क्रिकेटर हैं, और वह सबसे बड़े मंच पर, सबसे ज्यादा दबाव में भी इसे साबित करते रहते हैं। उन्हें पता है कि क्या करना है, और जब सबसे ज्यादा जरूरत होती है, तो वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं। हालांकि, कोहली की पारी अपर्याप्त साबित हो सकती थी अगर उन्हें श्रेयस अय्यर का साथ न मिलता। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने पावर प्ले के अंदर शुभमन गिल और रोहित शर्मा के आउट होने के बाद क्रीज पर समय बिताया।

क्लार्क ने अय्यर की पारी की सराहना की और दावा किया कि दोनों ने एक दूसरे की तारीफ की। उन्होंने कहा, एक साझेदारी की तत्काल आवश्यकता थी क्योंकि दुबई की स्पिन-अनुकूल पिचों पर और अधिक विकेट गिरने से टीम का पतन हो सकता था और यह अय्यर ही थे जिन्होंने तीसरे विकेट के लिए कोहली के साथ 91 रनों की साझेदारी की और एक बार फिर वनडे सेट अप में शीर्ष क्रम के लिए एक विश्वसनीय विकल्प साबित हुए। उन्होंने कहा, श्रेयस ने वाकई बहुत अच्छा खेला। उनके पास आक्रामक दृष्टिकोण और शानदार इरादे हैं और वे हमेशा अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करते हैं, जिससे उनके बल्लेबाजी साथी पर से दबाव कम हो जाता है। वे और विराट कोहली एक दूसरे के पूरक हैं। विराट के अनुभव के कारण वे जरूरत पड़ने पर श्रेयस का मार्गदर्शन कर सकते हैं और उन्हें संयमित रख सकते हैं। उनकी साझेदारी मैच जीतने वाली थी, इसमें कोई संदेह नहीं है। क्लार्क ने कहा, ऑस्ट्रेलिया ने कुछ विकेट लेने में कामयाबी हासिल की और अगर उन्होंने पहले ही इस साझेदारी को तोड़ दिया होता, खासकर विराट को आउट कर दिया होता, तो खेल पूरी तरह से अलग हो सकता था। लेकिन भारत को श्रेय जाता है- उन्होंने असाधारण रूप से अच्छा खेला।

## चैंपियंस ट्रॉफी में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई बने नंबर-1 ऑलराउंडर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में ऐतिहासिक प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के ऑलराउंडर प्लेयर अजमतुल्लाह ओमरजाई आईसीसी की वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर आ गए हैं. आईसीसी ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की, अजमतुल्लाह अपने ही देश के मोहम्मद नबी को पीछे छोड़कर टॉप पर काबिज हो गए. नबी दूसरे नंबर पर खिसक गए. आईसीसी की ताजा ओडीआई ऑलराउंडर रैंकिंग में अजमतुल्लाह ओमरजाई ने 2 स्थान छलांग लगाकर टॉप का स्थान हासिल किया. उनके 296 रेटिंग पॉइंट्स हैं. पहले टॉप पर अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी थे, जो अब 292 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर 2 पर आ गए हैं.



अजमतुल्लाह ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में तीनों मैच खेले थे. दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने इतिहास रचा था. वह चैंपियंस ट्रॉफी के एक मैच में 40 प्लस स्कोर (41) और 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने थे. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने 67 रनों की शानदार पारी खेली थी. इस मैच में उन्होंने 1 विकेट लिया था. अजमतुल्लाह ने चैंपियंस ट्रॉफी के 3 मैचों में कुल 7 विकेट लिए थे और 126 रन बनाए थे. चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान ने एक ब?ा उलटफेर किया था, उन्होंने अपने दूसरे मैच में इंग्लैंड को हराया था. इसके बाद उसके पास चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में पहुंचने का चांस बन गया था, उसे तीसरा मैच ऑस्ट्रेलिया से जीतना था. लेकिन बारिश के कारण तीसरा मैच रद्द करना पड़ा और अफगानिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी.

## ऑस्ट्रेलिया पर सेमीफाइनल जीत में फील्डर ऑफ द मैच बने श्रेयस अय्यर



**दुबई, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पूर्व कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में भारत की जीत में बुलेट की तरह शानदार थ्रो के लिए श्रेयस अय्यर को फील्डर ऑफ द मैच का पदक प्रदान किया। विराट कोहली के वीरतापूर्ण 84 रन के बाद, हार्दिक पांड्या और केएल राहुल ने दुबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तनावपूर्ण रन-चेज के बाद भारत को लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया।

जब एलेक्स कैरी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल को अपने नाम करने का प्रयास कर रहे थे, तब श्रेयस के प्रभावशाली क्षेत्ररक्षण प्रयास ने भारत को बहुत जरूरी विकेट दिलाने में मदद की। कैरी ने 61 रनों की पारी खेली और ऐसा लग रहा था कि वे ऑस्ट्रेलिया को 275 रनों के पार ले जाएंगे, लेकिन श्रेयस ने डीप से सीधे हिट करके बाएं हाथ के बल्लेबाज को आउट कर दिया और ऑस्ट्रेलिया की गति को रोक दिया।

जीत के बाद, भारत के फील्डिंग कोच टी दिलीप ने ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों को संबोधित किया और फील्डिंग में उनके प्रयासों की सराहना की और सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग सम्मान के दावेदारों का खुलासा किया, इससे पहले उन्होंने पूर्व कोच शास्त्री को श्रेयस को पदक प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया। एक वीडियो में दिलीप ने कहा, नॉकआउट गेम में मौजूदगी और जागरूकता की जरूरत होती है; इसके लिए एक फील्डिंग यूनिट की जरूरत होती है जो प्रतिक्रिया न करे बल्कि ऐसी चीजें बनाए जो हो रही हैं। हमने बिल्कुल यही किया... जिस तरह से हमने फील्डिंग में कोण बनाए, जिस तरह से हमने सुनिश्चित किया कि आउटफील्ड पर कोई दूसरा रन आसानी से न बने। और यह भी सुनिश्चित किया कि उन्होंने जो भी रन बनाए, वह बेहतरीन फील्डिंग प्रयास का सबूत है, जो कौशल और इच्छाशक्ति का संयोजन है।

शास्त्री ने अपने भाषण में कहा, व्यक्तिगत प्रतिभा आपको केवल एक निश्चित स्तर तक ले जाएगी, लेकिन सामूहिक टीम प्रयास ही आपको अंतिम रेखा तक ले जाएगा। आज दो चैंपियन खेल रहे थे; दबाव का खेल, दिखाया गया चरित्र, टीम प्रयास, मैदान पर प्रतिभा की झलक हमेशा फर्क डालती है। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने तीनों मुकाबलों में जीत हासिल करते हुए ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। सेमीफाइनल में जीत के साथ, भारत ने ऑस्ट्रेलिया से बदला भी ले लिया, जिससे वे 2023 में एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में हार गए थे। अब वे 9 मार्च को दुबई में दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। शास्त्री ने कहा, आप इस टूर्नामेंट में अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं, एक और जीत बाकी है।

## भारत के दिग्गज टीटी खिलाड़ी शरत कमल ने किया संन्यास का एलान, बताया कब खेलेंगे आखिरी मैच



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा।

**शरत ने संन्यास का एलान करते क्या कहा** - 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, मैंने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, मैंने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिये अपना सपना पूरा कर सकूंगा।

शरत कमल ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में टेबल टेनिस के पुरुष एकल में 16 साल बाद स्वर्ण जीता था। इससे पहले उन्होंने 2006 में पुरुष एकल में स्वर्ण जीता था। शरत का यह राष्ट्रमंडल खेलों में कुल सातवां स्वर्ण पदक रहा था। बर्मिंघम में तीन स्वर्ण के अलावा शरत ने 2006 में पुरुष एकल और पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण, 2010 में पुरुष युगल में स्वर्ण और 2018 में पुरुष टीम इवेंट में स्वर्ण जीता था। इसके अलावा वह 2010 में दो कांस्य, 2014 और 2018 में एक-एक रजत और 2022 में एक रजत जीत चुके हैं। शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुल 13 पदक जीते हैं।

शरत राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के सबसे सफल एथलीट्स के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे ज्यादा सिर्फ जसपाल राणा (शूटिंग) और समरेश जंग (शूटिंग) ने पदक जीते हैं। जसपाल के नाम राष्ट्रमंडल खेलों में 15 पदक (9 स्वर्ण) और समरेश के नाम 14 पदक (7 स्वर्ण) हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के अलावा शरत एशियन गेम्स में दो पदक जीत चुके हैं। 2018 में जकार्ता एशियन गेम्स में मेन्स टीम और मिक्स्ड डबल्स इवेंट में शरत कमल ने कांस्य जीता था। इसके अलावा वह एशियन चैंपियनशिप्स में दो कांस्य भी जीत चुके हैं। 2021 दोहा एशियन चैंपियनशिप्स में कांस्य जीता था।

## चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचते ही रोहित शर्मा को बड़ा नुकसान, विराट कोहली को मिली ये खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक ओर जहां टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में एंट्री कर ली है वहीं दूसरी ओर आईससीसी ओडीआई रैंकिंग का ऐलान हो गया है और बड़ी खबर ये है कि टॉप 10 बल्लेबाजों में 4 भारतीय खिलाड़ी हैं. शुभमन गिल पहले नंबर पर बरकरार हैं वहीं विराट कोहली ने एक पोजिशन की छलांग लगाकर चौथी पोजिशन हासिल कर ली है. हालांकि कप्तान रोहित शर्मा को बड़ा नुकसान हुआ है. वो दो पोजिशन नीचे गिरकर पांचवें स्थान पर लुढ़क गए हैं. बाबर आजम की बात करें तो वो दूसरे नंबर पर बरकरार हैं और हेनरिक क्लासेन नंबर 3 पर हैं. आइए अब आपको बताते हैं कि रोहित को आखिर आईसीसी वनडे रैंकिंग में क्यों नुकसान हो रहा है? दरअसल रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. वो लगातार चार मैचों में फेल रहे हैं. उन्हें शुरुआत तो अच्छी मिली है लेकिन ये खिलाड़ी बड़े रन बना पाने में नाकाम रहा. सेमीफाइनल में भी अच्छी शुरुआत के बावजूद भारतीय कप्तान 28 रन पर खराब शॉट खेलकर आउट हो गए. रोहित शर्मा को इसी का खामियाजा भुगतना पड़ा है.

### विराट कोहली का जलवा

रोहित को नुकसान हुआ है लेकिन विराट कोहली का जलवा है. इस दिग्गज बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाने के बाद अब सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को भी धो डाला. दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 98 गेंदों में 84 रन बनाए. उनकी बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर ही टीम इंडिया ने 4 विकेट से सेमीफाइनल मैच जीता. दूसरी ओर लगातार दो मैचों में फेल होने वाले शुभमन गिल नंबर 1 पर तो हैं लेकिन उनके रेटिंग प्वाइंट घटे हैं. अब गिल, बाबर और विराट के अंकों में ज्यादा अंतर नहीं रह गया है. अगर विराट कोहली ऐसा ही प्रदर्शन करते रहे तो वो शुभमन गिल को सीधी चुनौती दे सकते हैं. वैसे चैंपियंस ट्रॉफी के दो मुकाबलों में अर्धशतक जड़ने वाले श्रेयस अय्यर को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है. ये खिलाड़ी नंबर 9 से 8वीं पोजिशन पर पहुंच गया है.

## वरुण चक्रवर्ती ने 143 गेंदबाजों को छोड़ा पीछे

### ● आईसीसी ओडीआई रैंकिंग में इतने बड़े उछाल से मचाया हड़कंप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरुण चक्रवर्ती ने आर्किटेक्ट की पढ़ाई की है. मगर वो अपनी कामयाबी की इमारत को इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर खड़े करते दिख रहे हैं. वरुण की उसी काबिलियत का असर है कि अब उनका लोहा आईसीसी ने भी मान लिया है. भारतीय स्पिनर ने आईसीसी की ताजा वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में दुनिया के 143 गेंदबाजों को पीछे छोड़ते हुए हड़कंप मचा दिया है. दाएं हाथ के स्पिनर वरुण इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जहां अभी तक मिले 2 मौकों में ही उन्होंने विकेटों का अंबार लगा दिया.

### चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन

वरुण चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अब तक खेले 2 मैचों में 7 विकेट लिए हैं. इन 7 विकेटों में से 5 विकेट एक ही मैच में लिए हैं. इसी के साथ वो टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में भी शामिल हो गए हैं. उनसे ज्यादा विकेट अब सिर्फ न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और हमवतन मोहम्मद शमी के हैं. मगर इन दोनों ने उनसे मुकाबले ज्यादा खेले हैं.


### टॉप 100 में पहुंचे वरुण चक्रवर्ती

अब सवाल है कि आईसीसी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 143 स्थान की छलांग लगाकर वरुण चक्रवर्ती पहुंचे कहां? ऐसा कर भारतीय स्पिनर ने टॉप 100 में एंट्री ले ली है. वरुण चक्रवर्ती अब 97वें स्थान पर पहुंच गए हैं.

### वनडे के नंबर वन गेंदबाज महीश तीक्षणा

आईसीसी वनडे गेंदबाजों में टॉप के पोजीशन की बात करें तो श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 रेटिंग पॉइंट के साथ पहले पायदान पर बने हैं. साउथ अफ्रीका के केशव महाराज को 2 स्थान का फायदा हुआ है और वो अब दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं. वहीं न्यूजीलैंड के मैट हेनरी 3 स्थान की उछाल के साथ तीसरे नंबर पर आ गए हैं.

## लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, 50,000 करियर प्वाइंट बनाने वाले पहले एनबीए खिलाड़ी बने



**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लेब्रोन जेम्स 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले इतिहास के पहले एनबीए खिलाड़ी बन गए हैं। 40 वर्षीय लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार ने मंगलवार को न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ घर पर एनबीए रेगुलर सीजन गेम के दौरान तीन-पॉइंटर स्कोर करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ लेकर्स के मैचअप में जेम्स को सिर्फ एक पॉइंट की जरूरत थी। उन्होंने पहले क्वार्टर में 8:34 मिनट शेष रहते लुका डोनसिक फीड से लेफ्ट विंग से तीन-पॉइंटर लगाया। उन्होंने 34 पॉइंट, 8 रिबाउंड और 6 असिस्ट किए, जिससे लेकर्स ने पेलिकन्स पर 136-115 से जीत हासिल की। अमेरिकी खिलाड़ी के संयुक्त स्कोर में अब 41,871 नियमित-सीजन अंक और 8,162 पोस्टसीजन अंक शामिल हैं। वह एनबीए के इतिहास में एक किशोर के रूप में और 40 वर्ष की आयु के बाद खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। पिछले महीने जेम्स एनबीए के इतिहास में 40 या उससे अधिक उम्र में एक खेल में कई 40 से अधिक अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। दिग्गज माइकल जॉर्डन एकमात्र अन्य 40 वर्षीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40 से अधिक अंक हासिल किए हैं। पिछले साल दिसंबर में जेम्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स की सैक्रामेंटो किंग्स पर जीत के दौरान लीग के इतिहास में सबसे अधिक मिनट खेलते हुए छह बार के एनबीए एमवीपी करीम अब्दुल-जब्बार को पीछे छोड़ दिया। वह 7 फरवरी, 2023 को अब्दुल-जब्बार के नियमित-सीज़न स्कोरिंग रिकॉर्ड को पार करने के बाद पहले से ही लीग के शीर्ष स्कोरर थे और 25 मई, 2017 को माइकल जॉर्डन के प्लेऑफ स्कोरिंग रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

## पीटी उषा ने तदर्थ समिति नियुक्त करने का बचाव किया

### बोलीं- बीएफआई जिम्मेदारी पूरी करने में विफल रहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करने के फैसला का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) पिछले एक साल में अपनी मौलिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है और व्यवस्था को बहाल करने तथा उचित प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए उनका यह कदम जरूरी था।

**गगन नारंग ने उषा पर मनमाने आदेश जारी करने के लगाए थे आरोप-** उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज ने उन पर मनमाने आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था। नारंग आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। आईओए के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थगन के बावजूद उषा अपनी रुख पर का दृढ़ता से कायम है। बीएफआई द्वारा दायर याचिका पर अदालत ने आईओए से जवाब मांगते हुए नोटिस जारी किया है।

### उषा ने नारंग को भेजा जवाब

उषा ने नारंग को भेजे जवाब में कहा, नारंग आपके इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि इस निर्णय या मेरी ओर से किसी कथित मनमानी कार्रवाई के कारण खिलाड़ियों को नुकसान हो रहा है। तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय मनमाना नहीं था, बल्कि व्यवस्था बहाल करने, उचित प्रशासन सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक आवश्यक कदम था। दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता यह है कि बीएफआई पिछले वर्ष राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने सहित अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है।

उन्होंने कहा, एशियाई खेल (2026) नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में नई प्रतिभाओं की पहचान करने, होनहार मुक्केबाजों का चयन करने और भारत की पदक संभावनाओं को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण या अभ्यास कार्यक्रमों को लागू करने के लिए बहुत कम या कोई प्रयास नहीं किया गया है।

### पांच सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया था

आईओए ने 24 फरवरी को देश में मुक्केबाजी के मामलों की देखरेख के लिए पांच सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया था। आईओ एक का आरोप है कि बीएफआई समय पर राष्ट्रीय महासंघ का चुनाव कराने में विफल रहा। बीएफआई ने आईओए के फैसले को अवैध करार दिया और आदेश को रद्द करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। नारंग ने यह भी दावा किया कि बीएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति बनाने का उषा का फैसला आईओए की कार्यकारी समिति के परामर्श या अनुमोदन के बिना किया गया था। उन्होंने उषा से आदेश वापस लेने और विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए कार्यकारी समिति की आपातकालीन बैठक बुलाने का आग्रह किया था।

# निवेश और अनुकूल माहौल बनाने के लिए भारत को नियामकीय ढांचे की जरूरत : शीर्ष आर्थिक सलाहकार

**- अधिक पूंजी और प्रतिस्पर्धा के लिए सरकार से उपाय अपनाने की अपील**



**नई दिल्ली ।**

भारतीय आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने देश के लिए निवेश-अनुकूल माहौल बनाने के लिए एक आधुनिक और प्रभावी नियामकीय ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया है। वैश्विक आर्थिक दबावों के कारण विदेशी निवेश पर हुई गिरावट को देखते हुए उन्होंने सरकार से नीतिगत सुधारों की मांग की है। नागेश्वरन ने बजट के बाद आयोजित वेबिनार में बताया कि भारत अब एक आकर्षक निवेश गंतव्य बन रहा है, लेकिन इसके लिए नियामकीय स्पष्टता और व्यापार संचालन को सरल बनाने की जरूरत है। उन्होंने अधिक पूंजी और प्रतिस्पर्धा के लिए सरकार से उपाय अपनाने की अपील की है। इससे पहले भी सरकार ने एफडीआई नीति में सुधार की घोषणा की थी, जिसमें बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की प्रस्तावना शामिल है। यह कदम नवाचार और पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देगा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश की आउटवर्ड एफडीआई प्रतिबद्धताएं करीब 2.28 बिलियन कम हो गईं हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में हैरान करने वाली है।

यह स्थिति दिखाती है कि नवीन और स्पष्ट नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है। नागेश्वरन ने कहा कि भारत को आपसी निवेश बढ़ाने और नए व्यापारिक अवसरों को उद्घाटन करने के लिए रचनात्मक आशावाद को बनाए रखना होगा।

यह न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा बल्कि आर्थिक विकास में भी मदद करेगा।

# ओला ने अपने कर्मचारियों के लिए शुरू की नयी साप्ताहिक रिपोर्टिंग प्रणाली

**हर हफ्ते अपने किये गये कार्यों के तीन-पांच बुलेट प्वाइंट के साथ एक इमेल भेजना अनिवार्य होगा**

**नई दिल्ली ।**

ओला के संस्थापक और सीईओ भाविश अग्रवाल ने अपनी कंपनियों के कर्मचारियों के लिए एक नई साप्ताहिक रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की है। क्या चल रहा है? नामक इस पहल के तहत, कर्मचारियों को हर हफ्ते अपने द्वारा पूरे किए गए कामों के 3-5 बुलेट पॉइंट के साथ एक ईमेल भेजना अनिवार्य होगा। यह रिपोर्ट कंपनी के ईमेल पते और उनके प्रबंधकों को भेजी जाएगी। इंटरनल ईमेल में कहा गया कि आज से हम 'क्या चल रहा है?' शुरू कर रहे हैं, ताकि कर्मचारी सीधे मुझे और अपने प्रबंधकों को अपने साप्ताहिक अपडेट साझा कर सकें। इसमें आगे बताया गया कि सभी को क्या चल रहा है... वेबसाइट पर अपने अपडेट भेजने होंगे। रिपोर्ट की समयसीमा अगले दिन तय की गई, जबकि भविष्य में इसे हर रविवार को जमा करना अनिवार्य होगा। यह पहल ऐसे समय में आई है जब ओला अपने खर्चों में कटौती और मुनाफा बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओला इलेक्ट्रिक 1,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है, जो पांच महीनों में दूसरा बड़ा कटौती अभियान होगा। इससे खरीद, ग्राहक संबंध और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विभाग प्रभावित होंगे। इस नई रिपोर्टिंग प्रणाली को एलन मस्क की हाल ही में पेश की गई नीति से जोड़ा जा रहा है, जिसमें उन्होंने यूएस फेडरल कर्मचारियों को साप्ताहिक उपलब्धि रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। मस्क की इस नीति का उद्देश्य सरकारी कार्यों में जवाबदेही बढ़ाना था, हालांकि इसे कर्मचारियों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आलोचना भी झेलनी पड़ी। भाविश अग्रवाल इससे पहले भी कर्मचारियों की परफॉर्मेंस को लेकर सख्त रुख अपना चुके हैं। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने एक इंटरनल ईमेल के जरिए खराब उपस्थिति पर कर्मचारियों को चेतावनी दी थी।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए बीमा प्रीमियम में 10 फीसदी की वृद्धि पर रोक

**प्रीमियम बढ़ाने से पहले आईआरडीएआई से लेनी होगी अनुमति**



**नई दिल्ली ।**

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने जारी किया एक परिपत्र, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में वृद्धि पर रोक लगाई गई है। 30 जनवरी, 2025 को जारी इस निर्देश के अनुसार कोई भी बीमा कंपनी 10 फीसदी से अधिक प्रीमियम वृद्धि नहीं कर सकेगी, और अगर वृद्धि करनी हो तो पहले आईआरडीएआई से अनुमति लेनी होगी। स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की वृद्धि को लेकर चिंता करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह निर्देश एक सकारात्मक कदम है। नियामक द्वारा निर्धारित सीमा का पालन करने से उन्हें सुरक्षित महसूस होगा कि उनका प्रीमियम विचारशीलता से निर्धारित है। बीमा कंपनियों को भी इस नए निर्देश का पालन करना होगा और वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें स्थिरता और विश्वसनीयता के साथ काम करना होगा। इस निर्देश की मान्यता से बीमा कंपनियों को ग्राहकों का भरोसा भी मिलेगा और इससे वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस निर्देश से स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तैराकी और उन्हें खरीदने की ऊर्जा बढ़ेगी। वरिष्ठ नागरिकों को अपने इस खर्च के लिए टेंशन नहीं लेनी पड़ेगी और भविष्य की योजनाएं बनाना और अनुकूलित करने में उन्हें आसानी होगी।

# चीन ने 3000 साल पुरानी बुनाई तकनीक से स्टील्थ विमानों की कमजोरी दूर की

**बीजिंग ।**

चीन ने 3,000 साल पुरानी रेशम बुनाई तकनीक का उपयोग करके स्टील्थ लड़ाकू विमानों की रडार-शोषक कोटिंग को मजबूत करने में सफलता हासिल की है। इस तकनीक से विमान की स्टील्थ कोटिंग में आने वाली दरारों को ठीक किया जा सकता है, जिससे उसकी रडार से बचने की क्षमता बनी रहती है। वहीं अमेरिका अपने एफ-22 रैप्टर जैसे स्टील्थ विमानों की कोटिंग के क्षरण की समस्या से जूझ रहा है, जिससे विमान की स्टील्थ क्षमता प्रभावित होती है। स्टील्थ विमानों में इस्तेमाल होने वाली कोटिंग की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह तेज गति, उच्च वायुगतिकीय दबाव, रेगिस्तानी तूफानों और नमी के कारण जल्दी खराब हो जाती है। अमेरिका के लड़ाकू विमानों में हर तीन सप्ताह में इस कोटिंग को दोबारा लगाना पड़ता है, जिससे प्रति उड़ान घंटे 60,000 डॉलर तक की लागत आती है। वहीं चीन का दावा है कि उसने इस समस्या का समाधान प्राचीन बुनाई तकनीक के माध्यम से खोज लिया है। चीनी एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉरपोरेशन और तियांगोंग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने हान राजवंश (206 ईसा पूर्व-220 ईस्वी) की जैक्वार्ड बुनाई तकनीक से प्रेरित एक दोहरे परत वाले मिश्रित कपड़े का विकास किया है। इस कपड़े में ताना-बुनी गई प्रवाहकीय धागों की संरचना है, जो 8-26 जीएसजेड स्पेक्ट्रम की 90.6 फीसदी रडार तरंगों को अवशोषित कर सकती है। यह पारंपरिक कोटिंग की तुलना में अधिक प्रभावी है।

# टाटा मोटर्स ने शुरू किया हाइड्रोजन ट्रकों का ट्रायल

**- 24 महीने तक परखी जाएगी क्षमता**

**नई दिल्ली ।**

वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन के भारत के दृष्टिकोण की दिशा में सहायक भारत की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने हाइड्रोजन से चलने ट्रकों का पहली बार परीक्षण शुरू किया है। परीक्षण का यह दौर 24 महीने तक चलेगा और इसमें विभिन्न कॉन्फिगुरेशन और पेलोड क्षमताओं वाले 16 एडवांस्ड हाइड्रोजन-संचालित वाहनों का निर्माण शामिल है।

ये वाहन नए जमाने के हाइड्रोजन पेट्रोल-डीजल इंजन (एच2-आईसीई) और फ्यूल सेल (एच2-एफसीईवी) प्रौद्योगिकियों से संपन्न होंगे और इनका भारत के बेहद प्रमुख ढुलाई मार्गों पर परीक्षण किया जाएगा जिनमें मुंबई, पुणे, दिल्ली-एनसीआर, सूरत, वड़ोदरा, जमशेदपुर और कलिंगनगर शामिल हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस ट्रायल को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है जिसमें उत्सर्जन को कम करते हुए और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ाते हुए भारत के परिवहन क्षेत्र को बदलने की अपार क्षमता है। इस तरह की पहल से बड़े ट्रकों की गतिविधियों में बदलाव आएगा और हम एक कुशल, कम कार्बन वाले भविष्य की ओर तेजी से बढ़ने में सक्षम होंगे। मैं हाइड्रोजन-संचालित हरित और स्मार्ट परिवहन को सक्षम करने की दिशा में इस महत्वपूर्ण कदम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए टाटा मोटर्स को बधाई देता हूं।

## भारत के सेवा क्षेत्र में तेज वृद्धि, उत्पादन और रोजगार में बढ़ोत्तरी: पीएमआई

**नई दिल्ली ।** देश के सेवा क्षेत्र में फरवरी महीने में तेज वृद्धि के चरम पर पहुंचा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार के कारण, जिसे 26 महीनों की निकटता में पाया गया है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने बताया कि नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार इस माह में सेवा क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि हो रही है और इससे रोजगार में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। इस अच्छे समाचार का संकेत एचएसबीसी की सूचकांक ने दिया है। पहले 26 महीने में 56.5 से बढ़कर इस महीने में 59.0 तक पहुंच गया है, जिससे साफ होता है कि देश के सेवा क्षेत्र में तेजी सतह पर है। भारतीय अर्थव्यवस्था के इस उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव के बीच, वैश्विक मांग की वृद्धि ने सेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे उत्पादन वृद्धि और रोजगार की स्थिरता को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस सुधार के बड़े असर को देखते हुए, सेवा क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ और भी अच्छी गति की उम्मीदें जताई जा रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है।



## 10,000 रुपए की एसआईपी से निवेशकों को मिला 28 लाख का फंड

**मुंबई ।**

सबीआई बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड ने अपने 10 साल कर लिए हैं इस दौरान इसने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज पर केंद्रित इस फंड ने लंबी अवधि में स्थिर प्रदर्शन किया है। यदि किसी निवेशक ने फरवरी 2015 में इस स्कीम में सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए 10,000 रुपए का मासिक निवेश शुरू किया होता, तो अब तक उसकी निवेशित राशि की वैल्यू करीब 28 लाख रुपए हो गई होती। इस स्कीम की शुरुआत 26 फरवरी, 2015 में हुई थी। सबीआई बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज स्कीम की शुरुआत 26 फरवरी, 2015 में हुई थी। शुरुआत से अब तक एसबीआई बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड का प्रदर्शन शानदार रहा है। इस दौरान इस स्कीम के डायरेक्ट प्लान ने 14.94 फीसदी और रेगुलेर प्लान ने 13.73 फीसदी रिटर्न दिया है। बीते 5 साल में इसका रिटर्न 14.26 फीसदी सीएजीआर रहा।अगर आपने इस स्कीम में इसके लॉन्च के समय 1 लाख रुपए का एकमुश्त निवेश किया होता तो डायरेक्ट प्लान में आपका पैसा बढ़कर 4.03 लाख रुपए और रेगुलर प्लान में 3.62 लाख रुपए हो गया होता। इस फंड का एसेट अंडर मैनेजमेंट 31 जनवरी, 2025 को 6,481 करोड़ रुपए था।

## जियो ने एएमडी, सिस्को और नोकिया के साथ मिलकर एआई प्लेटफॉर्म बनाया

**- नेटवर्क सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की उम्मीद**

**नई दिल्ली ।** जियो प्लेटफॉर्म्स ने स्वामित्व वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों एएमडी, सिस्को और नोकिया के साथ मिलकर एक ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म बनाया है, जिससे प्रौद्योगिकी लागत को कम करने के साथ-साथ नेटवर्क सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की उम्मीद है। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि मल्टी-डोमेन इंटेलिजेंस फेमवर्क नेटवर्क संचालन की हर परत में कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन को एकीकृत करेगा। रिलायंस जियो के समूह एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बयान में कहा कि एएमडी, सिस्को और नोकिया के सहयोग से जियो ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ा रहा है ताकि नेटवर्क को स्व-अनुकूलित, ग्राहक-जागरूक पारिस्थितिकी तंत्र में बदल दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वचालन से कहीं आगे एआई-संचालित, स्वायत्त नेटवर्क को सक्षम करने के बारे में है जो वास्तविक समय में अनुकूलन करते हैं, उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाते हैं, और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में नई सेवा और राजस्व के अवसर पैदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि एआई प्लेटफॉर्म एक बड़े भाषा मॉडलसे स्वतंत्र होगा और अपनी कार्यक्षमता और क्षमताओं को अनुकूलित करने के लिए एक खुले एप्लिकेशन इंटरफेस का उपयोग करेगा।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

**सेंसेक्स 740 अंक , निफ्टी 254 अंक उछला**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे पिछले दिनों से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया। बाजार में ये तेजी एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिल अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आई है। इससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 740.30 अंक करीब 1.01 फीसदी बढ़कर 73,730.23 पर जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 254.65 अंक तकरीबन 1.15 फीसदी ऊपर आकर 22,337.30 पर बंद हुआ

वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 2.96 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स भी 2.42 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

बाजार जानकारों के अनुसार आज निचले स्तरों पर खरीदार से बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में तेजी से भी घरेलू बाजारों पर अच्छा प्रभाव पड़ा। इसके अलावा आईटी शेयरों में उछाल ने भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान निफ्टी 50 के 50 शेयरों में से 46 आज बढ़त में बंद हुए। अदानी पोर्ट्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। इसमें 5 फीसदी की तेजी आई। टाटा स्टील, अदानी एंटरप्राइजेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन 5.15 फीसदी तक बढ़े। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक और श्रीराम फाइनेंस 3.37 के शेयरों में गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाने के फैसले से वहां गिरावट आई है। एसएंडपी 500 में 0.7 फीसदी की गिरावट आई, नैस्डैक में 0.6 फीसदी की गिरावट आई और डॉव में 423 अंक या 1 फीसदी की गिरावट आई।

इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स मामूली बढ़त लेकर 73,005.37 पर खुला। इसी तरह निफ्टी50 भी बढ़त में खुला। सुबह की शुरुआत में यह 135.40 अंक की बढ़त लेकर 22,218.05 के स्तर पर ट्रेड कर रहा था।




### रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.04 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 87.10 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाने से वैश्विक बाजारों में एक जवाबी प्रतिक्रया शुरू हो गई है। इसके चलते डॉलर में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक व्यापार युद्ध की आशंका वित्तीय दुनिया को जकड़े हुए है, इसलिए रुपये में थोड़ी नकारात्मक प्रवृत्ति के साथ कारोबार का अनुमान है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.18 पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह बढ़त के साथ 87.10 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे ऊपर है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की बढ़त के साथ 87.19 पर बंद हुआ था।

## चीन ने इस वर्ष के लिए अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य तय किया

**बीजिंग ।**

चीन ने अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध और अन्य प्रतिकूलताओं के बावजूद 2025 के लिए अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य लगभग पांच प्रतिशत तय किया है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में प्रीमियर ली कियांग ने बुधवार को एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य की घोषणा की गई। यह इस बात का संकेत देता है कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक समय में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सरकार कितनी महत्वाकांक्षी है। चीन सरकार के आंकड़ों के अनुसार आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि इस साल उसकी अर्थव्यवस्था 4.6 प्रतिशत बढ़ेगी। यह आंकड़ा 2024 में पांच प्रतिशत था।रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग पांच प्रतिशत का लक्ष्य हमारे मध्यम और दीर्घकालिक वृद्धि लक्ष्यों के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है और कठिनाइयों का सामना करने तथा उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के हमारे संकल्प को दर्शाता है।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**-औद्योगिक विकास को गति देने सरकार ने प्रमुख क्षेत्रों के लिए बजट बढ़ाया**

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने कहा है कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो 98 बिलियन डॉलर (2004-2014) से बढ़कर 165 बिलियन डॉलर (2014-2024) हो गया है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार ने 2025-26 में पीएलआई योजना के तहत प्रमुख क्षेत्रों के लिए बजट आवंटन बढ़ाया है, जिससे घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

अगस्त 2024 तक, कुल 1.46 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश मिला है, अनुमान है कि यह आंकड़ा अगले साल के भीतर 2 लाख करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। इन निवेशों से उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हुई है, जो 12.50 लाख करोड़ रुपए है, जबकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 9.5 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं, निकट भविष्य में यह संख्या बढ़कर 12 लाख होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रों में शानदार वृद्धि हुई है, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी हार्डवेयर के लिए आवंटन 5,777 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,000 करोड़ रुपए हो गया है और ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट में 346.87 करोड़ रुपए से 2,818.85 करोड़ रुपए तक की वृद्धि हुई है।

सरकार के मुताबिक कपड़ा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है, जिसका आवंटन 45 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,148 करोड़ रुपए हो गया है। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पीएलआई योजना के तहत फल-फूल रहा है, जो मोबाइल फोन के शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक में बदल गया है। घरेलू उत्पादन 2014-15 में 5.8 करोड़ यूनिट से बढ़कर 2023-24 में 33 करोड़ यूनिट हो गया है, जबकि आयात में गिरावट आई है। निर्यात 5 करोड़ यूनिट तक पहुंच गया और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 254 फीसदी की बढ़ोरती हुई है, जो मैन्युफैक्चरिंग और निवेश को बढ़ावा देने में योजना की भूमिका को दर्शाता है।

## जोमेटो- स्विगी के निवेशक होंगे मालालाल

मुंबई । शेयर बाजार में अगर आप स्विगी और जोमैटो के निवेशक मालामाल हो सकते हैं। दोनों शेयरों में अगले एक साल में 127 फीसदी तक के रिटर्न का अनुमान जताया गया है। एक ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि स्विगी का टारगेट प्राइस 740 रुपये प्रति शेयर और जोमैटो का टारगेट प्राइस 310 रुपये प्रति शेयर रखा है। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन कंपनियों में डिस्काउंट देने का ट्रेंड अब अपने पीक लेवल से नीचे आ चुका है, जो नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच सबसे ऊंचे स्तर पर था। इसके अलावा कंपनियां अब छोटे ऑर्डर्स पर डिस्काउंट देने की बजाय, बड़े ऑर्डर वॉल्यूम को बढ़ावा दे रही हैं। दोनों कंपनियों के परफॉर्मेंस मार्केटिंग खर्चों में भी कटौती हुई है, जिससे संकेत मिलता है कि कंपनियां अब टिकाऊ ग्रोथ की ओर बढ़ रही हैं। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है।

## संदेह की डगर- संचार मंत्रालय और संसदीय समिति के बीच टकराव

**नई दिल्ली ।** संचार मंत्रालय और संसदीय समिति के बीच एक नया विवाद उभरा है, जिसकी शुरुआत हुई है दूरसंचार कंपनियों द्वारा हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के मुद्दे पर। एक संसदीय समिति ने संचार मंत्रालय से चिंता व्यक्त की है कि 2022 से पहले यह स्थिति संशोधित होनी चाहिए। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने मंत्रालय को पत्र भेजकर इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की है। समिति का कहना है कि स्पेक्ट्रम नीलामी की प्रक्रिया में कमी की उचित जांच की जानी चाहिए, और उन्होंने पूर्व में भी इस मुद्दे पर प्रकाश डाला है। सूत्रों के मुताबिक, समिति ने इस मामले में संचार और आईटी क्षेत्र की संतुलित विकास की चिंता व्यक्त की है। उनके अनुसार, 2015 की कैग रिपोर्ट में भी उसी बात का उल्लेख है। इस विवाद में, संचार मंत्रालय को समिति के आवाज को सुनने और उसकी सिफारिशों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। दूरसंचार सेवाओं के विस्तार और उनके उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए सही स्पेक्ट्रम का उपयोग महत्वपूर्ण है, और इसलिए इस मुद्दे पर स्पष्टता और समझौता जरूरी है। संचार मंत्रालय और संसदीय समिति के बीच इस विवाद का समाधान होगा, और उम्मीद है कि सही निर्णय लिया जाएगा जो देश के संचार सेवाओं के उत्कृष्टिकरण में मददगार साबित होगा।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सौंपलयं नियुक्ति पत्र









रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास बिभाग कर अंतर्गत नवाचयनित 49 गो परसिछन अधिकारीमन के नियुक्ति पत्र सौंपलयं। ऊ कहलयं कि नियुक्ति कर कारवां बढ़ते रही। मुख्यमंत्री आईटीआई संस्थान में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस कर पाठ्यक्रम सामिल करेक उपरे जोर देलयं। इलेक्ट्रिक वाहन कर मरम्मत संबंधी कोर्स भी सुरू करल जाई। मुख्यमंत्री कहलयं कि नौजवान के हुनरमंद बनायेक आउर रोजगार से जोड़ेक ले कतई कदम उठाल जात हे। अगर आपने ठिन दछता आहे तो रोजगार खुद आपने कर दूरा में आवी।

# गोस्सनर सिने फेस्ट : छेतरीय फिलिम कर सामने आवेक वाला चुनौती आउर समाधान उपरे चरचा





**रांची।** गोस्सनर कॉलेज में चलेक वाला गोस्सनर सिने फेस्ट 4.0 कर दूसर दिन सउब अदमीमन कर अपार पेयार देखेक ले मिललक। ई अवसर में ढेइरे बिसिस्ट गोतिया, बॉलीवुड आउर झोलीवुड, डायरेक्टर, सिनेमेटोग्राफर एडिटर, कलाकारमन उपस्थित रहयं।

ई कार्जकरम कर सुरुआत गोस्सनर कॉलेज कर बीसीए आउर जियोलॉजी बिभाग कर बिद्यार्थीमन सोवागत आसामी नृत्य से करलयं। विज्ञान संकाय कर छात्रा संध्या सिंह 'उई अम्मा' गीत में सानदार प्रस्तुति देलयं। ऊ दरसकमन के झूमेक ले मजबूर कइर देलयं।

पैनलिस्ट कर रूप में अंतर्रास्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री मेकर दीपक बाड़ा, फिलिम क्रिटिक कुंदन कुमार चौधरी, फिलिम निरमाता सह बिभाग कर एल्युमनी रवि कुमार साहू आउर बॉलीवुड कर सिनेमेटोग्राफर सुरेन्दन कुजूर उपस्थित रहयं। मास कम्युनिकेसन कर कोर्स को-ऑर्डिनेटर प्रो. आशा रानी केरकेट्टा सोल आउर मोमेंटो देइ के गोतियामन कर सोवागत आउर सम्मान करलयं।

**छेतरीय सिनेमा में भासा से बेसी फिलिम कर परदरसन महतपूर्न चुनौती**

पैनल डिस्कसन में पैनलिस्ट छेतरीय सिनेमा कर सामने आवेक वाला चुनौति कर बारे में चरचा करलयं। ऊ कहलयं छेतरीय सिनेमा में भासा से बगरा फिलिम कर परदरसन महतपूर्न चुनौती कर रूप में उभरे लागल हय। आइज कर दरसक छेतरीय सिनेमा से बगरा बॉलीवुड आउर हॉलीवुड कर दने रुख करत हयं। सेले फिलिम निरमातामन के अइसन बिसय उपरे फिलिम बनायेक चाही, जे आइज कर पीढ़ी के आकरसित कइर सके।

पैनिलस्ट कहलयं कि बहुत सारा अइसन फिलिम निरमाता आउर डॉक्यूमेंट्री मेकर हयं जे वास्तविकता के नजइर अंदाज कइर देवयंना। अगर छेतरीय सिनेमा के आगे बढ़ायेक हय तो झारखंड कर खूबसूरत, भासा, संस्कृति, खानपान, समुदाय संगे दूसर छेतर कर वास्तविकता आउर बिसिस्टता के गंभीरता से देखायेक चाही। अदमीमन कर भावना आउर मिट्टी से जुड़ाव कर बिसेस धेयान राखेक कर जरूरत आहे।

पैनिलस्ट कहलयं कि तकनीकी आउर उपलब्धता कर कमी भी छेतरीय सिनेमा में देखेक ले मिलेला, जेकर से उकर परदरसन उपरे प्रभाव पड़ेला। छेतरीय सिनेमा के बढ़ावा देवेक ले सउब कर जोगदान जरूरी आहे। अइसन परंपरा कतई प्रदेस में देखल भी जाय हे, जहां सउब गोटा परिवार संगे छेतरीय सिनेमा देखेक जायंना। आपन अथाह प्रेम उनकर उपरे लुटायंना।

**निर्माता आइज कर पीढ़ी के आकरसित करेक वाला फिलिम कर करयं निरमान**

विग्नेश परम शिवम् द्वारा निरदेसित 'Anbirku EN Ondrai Azhuthavum' कर स्क्रीनिंग करल गेलक। ई फिलिम में तकनीक कर बारे में देखाला जाय रहे, जेकर में एगो ग्रामीन महिला आउर उकर बेटा कर बीच कर बिडियो कॉल द्वारा संबंध के परदा में बेस से देखाल जाय रहे।

आइज मलार कर स्क्रीनिंग होलक, जेकर निरदेसन साराथ नायर कइर हयं। ई डॉक्यूमेंट्री में पारंपरिक पाइला के देखाल गेलक। लघु फिलिम नोटिस संगे आउर फिलिम कर स्क्रीनिंग करल गेलक।

प्यार का मौसम, हवाएं, सांवरिया, आए हवा, ओरे पिया, तंत्र मंत्रा, हे धरती आबा, तोर धड़कन में, पतंग संगे आउर म्यूजिक बिडियो एलबम कर परदरसनी करल गेलक, जेके दरसकमन काफी सराहना करलयं।

बिसिस्ट गोतिया कर रूप में मोहित कश्यप भी पहुंचल रहयं। ऊ कहलयं कि आगे बढ़ेक ले परिवार कर सहजोग बहुते जरूरी आहे। ऊ आपन अनुभव के साझा करते कहलयं कि उनकर मांय हमेसा उनके आगे बढ़ेक ले प्रोत्साहित करलयं।ई अवसर में ज्यूरी मेंबर डॉ. विनोद कुमार सिन्हा, मनीष एक्का, रेव निरल बागे, रेव आशीशन बागे, छत्तीसगढ़ कर एनस कुजूर, डियोन, अमनदीप कुजूर, अभिषेक साहू, हैरी विकी संगे आउर गोतिया आउर कलाकार मौजूद रहयं।

कार्जकरम कर संचालन दिव्या, कौसर आउर साक्षी कर द्वारा करल गेलक। ई फेस्ट में प्रो. महिमा गोल्डन बिलुंग, प्रो. अनुज कुमार, प्रो. संतोष कुमार, प्रो तेज मुंडू, शाहबाज आलम सहित जीसीएफ ऑर्गनाइजिंग हेड सौरव कुमार, क़शफ आरा, साक्षी पांडेय, अभिषेक, इशिका संजना, देव, कौसर, मुस्कान, अमन, तान्या, रजनी, रौशन, आकाश, रोहित, अनल, तान्या, साहिल, आकाश, हर्ष, रोहित, रजनी, रिया संगे गोस्सनर कॉलेज सिछक, बिद्यार्थी आउर बड़ संख्या में सिने प्रेमी उपस्थित रहयं।



# शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट कर आगाज



**लोहरदगा।** साहू परिवार आउर लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन कर संजुक्त तत्वावधान में चाइर दिनक स्व. शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट कर आगाज बीएस कॉलेज मैदान में 5 मार्च के भेलक। झंडोतोलन आउर स्व शिव प्रसाद साहू कर चित्र में पुष्प अर्पित कइर के मैच कर सुरुआत करल गेलक।

मउका में कांग्रेस कर प्रदेश अध्यछ केशव महतो कमलेश, एसोसिएशन अध्यछ सह पूर्ब राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्ब मंत्री प्रदीप बालमुचू, हर्षित साहू, डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरिश बिन जमा, जिप अध्यछ रीना कुमारी, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, बिधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, एसोसिएशन सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, आशीष कुमार, उदय गुप्ता, अमित कुमार, चन्द्रकिशोर प्रसाद, संजय बर्मन, विशाल डुंगडुंग, आकाश कुमार, रोहित ओझा, नितिन सिंह संगे ढेइरे संख्या में सउब मउजूद रहयं।

लोहरदगा कर उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण आउर पुलिस अधीछक हारिश विन जमा खेलाड़ीमन से परिचय प्राप्त कइर के खेल कर पहिले चक्र कर सुरुआत करलयं। दिल्ली आउर हरियाणा कर बीच मैच खेलल गेलक। दिल्ली 20 ओभर में 6 बिकेट खोय के 195 रन बनालयं। हरियाणा कर टीम 19.5 ओभर 161 रन में ऑलआउट होए गेलक। दिल्ली कर टीम 34 रन से मैच के जीत लेलक।

दूसर मैच बिहार झारखंड कर बीच खेलल गेलक। झारखंड पहिले टॉस जीत कर बैटिंग करेक कर फैसला लेलक। झारखंड कर टीम 20 ओभर में 5 बिकेट खोय के 186 रन बनालक। बिहार कर टीम 15 ओभर में 9 बिकेट खोय के 105 रन बनालयं। मैच झारखंड जीतलक।






मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com